E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 294 | गुवाहाटी | बुधवार, 24 मई, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/

शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और असम सरकार को जारी किया नोटिस — पेज 3

प्रधानमंत्री मोदी 31 को आएंगे अजमेर, जनसभा को करेंगे संबोधित — पेज 4

दिव्य, भव्य आयोजन से यूपी की बने अनुपम छवि : योगी आदित्यनाथ — पेज 5

पायलट ने सरकार को दिया है अल्टीमेटम मुख्यमंत्री ही दे सकते हैं जवाब : रंधावा — पेज 8

## आपसे जो वादा किया था वो निभाया : ऑस्ट्रेलिया में भारतीयों से बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली/सिडनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिडनी में करीब 20 हजार भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा कि सिडनी में सामुदायिक कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों से जुड़कर बेहद खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं जब 2014 में आया था, तब आपसे एक वादा किया था कि आपको फिर भारत के किसी प्रधानमंत्री का 28 साल तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। आज सिडनी के इस एरीना में, मैं फिर हाजिर हूं और मैं अकेला नहीं आया हूं। प्रधानमंत्री अल्बनीज भी मेरे साथ आए हैं। सिडनी में सामुदायिक कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि एक समय था जब कहा जाता था कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंध को 3सी (कॉमनवेल्थ, क्रिकेट, करी) पर आधारित है। उसके बाद कहा गया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया का संबंध 3डी (डेमोक्रेसी, डायसपोरा, दोस्ती) पर आधारित है। कुछ लोगों ने ये भी कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया का संबंध 3ई (एनर्जी, इकोनॉमी, एजुकेशन) पर आधारित है। अलग-अलग काल में ये बात संभवतः सही भी रही है। मगर भारत-ऑस्ट्रेलिया के ऐतिहासिक संबंधों का विस्तार इससे कहीं ज्यादा बड़ा है। इन संबंधों का आधार आपसी विश्वास और आपसी सम्मान है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि मुझे ये जानकर अच्छा लगा कि आप सब ने भी आजादी का अमृत महोत्सव भी बड़े धूमधाम से मनाया है। हमारे क्रिकेट के रिश्ते को 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। क्रिकेट की फील्ड पर मुकाबला जितना रोचक होता है उतनी ही गहरी हमारी ऑफ द फील्ड दोस्ती है। इस दौरान पीएम मोदी ने क्रिकेटर शेन वार्न को भी याद किया। पीएम ने कहा



कि पिछले साल जब महान क्रिकेटर शेन वार्न का निधन हुआ तो ऑस्ट्रेलिया के साथ कोटि-कोटि भारतीयों ने भी शोक मनाया। ये ऐसा था जैसे हमने अपना कोई खो दिया। आप सभी का एक सपना रहा है कि हमारा भारत भी विकसित राष्ट्र बने। जो सपना आपके दिल में है वो सपना मेरे दिल में भी है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के पास सामर्थ्य की कमी नहीं है। भारत के पास संसाधनों की भी कमी नहीं है। आज दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे युवा टैलेंट की फैक्ट्री भारत में है। पीएम मोदी ने कहा किभारत हजारों वर्षों की जीवंत सभ्यता है। भारत, मदर ऑफ डेमोक्रेसी है। हमने समय के अनुसार खुद को ढाला है, लेकिन अपने मूल सिद्धांतों, बुनियादी बातों पर हमेशा टिके रहे हैं। पीएम ने आगे कहा कि अगले 25 साल में विकसित होने के लक्ष्य के साथ जो देश आगे बढ़ रहा है वो देश भारत है। आज आईएमएफ भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था का उज्ज्वल बिन्दु मानता है। वर्ल्ड बैंक का विश्वास है कि ग्लोबल हेडविंड्स -शेष पृष्ठ दो पर

## यूपीएससी : टॉप 5 में शामिल एकमात्र लड़का असम का

### मुख्यमंत्री ने मयूर की दी बधाई




**गुवाहाटी /नई दिल्ली।** असम के मयूर हजारिका ने सिविल सेवा परीक्षा 2022 में पांचवा रैंक हासिल किया है। वह टॉप पांच में शामिल एक मात्र पुरूष हैं। लगातार दूसरे वर्ष, महिलाओं ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। यूपीएससी द्वारा सिविल सेवा परीक्षा सालाना तीन चरणों में आयोजित की जाती है, जिनमें अभ्यर्थियों को प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार से गुजरना होता है। इस परीक्षा के जरिए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) समेत अन्य सेवाओं के अधिकारियों का चयन किया जाता है। मयूर हजारिका को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने ट्वीट किया कि 5 वीं अखिल भारतीय रैंक हासिल करके आपने हम सभी को बहुत गौरवान्वित किया है। आपकी उपलब्धि शानदार है और हमारे युवाओं को सर्वश्रेष्ठ के लिए प्रेरणा देगी। अच्छा किया, और मेरा आशीर्वाद। असम के तेजपुर के रहने वाले हजारिका हाई स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट (एचएसएलसी) और हायर सेकेंडरी (एचएस) परीक्षाओं में रैंक होल्डर थे। हजारिका -शेष पृष्ठ दो पर

पूर्वांचल केशरी
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## असम, मेघालय के मुख्यमंत्री सीमा विवाद पर चर्चा करेंगे आज

**गुवाहाटी।** असम और मेघालय के मुख्यमंत्रियों की यहां बुधवार को बैठक होगी ताकि शेष छह क्षेत्रों में सीमा विवाद सुलझाने पर चर्चा आगे बढ़ाई जा सके। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि वह और मेघालय के उनके समकक्ष कोनराड सांग्मा भी बाद में सद्भावना के तौर पर विवादित क्षेत्रों का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि मेघालय के मुख्यमंत्री कल यहां आएंगे और शेष छह क्षेत्रों के लिए समाधान खोजने पर चर्चा की जाएगी। असम और मेघालय के बीच 884.9 किलोमीटर लंबी अंतर्राज्यीय सीमा के साथ 12 क्षेत्रों में पुराना विवाद है। दोनों पूर्वोत्तर राज्यों ने छह क्षेत्रों में विवादों को समाप्त करने की दिशा



फाइल फोटो

में नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में मार्च 2022 में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। मेघालय को 1972 में असम से अलग कर बनाया गया था और तब से उसने 1971 के असम पुनर्गठन अधिनियम को चुनौती दी थी, जिसे असम ने अपनी सीमा के रूप में मान्यता दी थी। दोनों राज्यों के बीच विवादित सीमा पर तेल की खोज को लेकर नगालैंड के साथ बातचीत की प्रगति पर शर्मा ने कहा कि हमने अपना प्रस्ताव नगालैंड सरकार को भेज दिया है और हम अब उनकी प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। हमने इस मामले को ज्यादा आगे नहीं बढ़ाया है क्योंकि यह नगालैंड था जिसने हमारे विचार मांगे थे। अब यह उनके ऊपर है। शर्मा और नगालैंड के उनके समकक्ष नेफ्यू रियो ने 20 अप्रैल को दोनों राज्यों के आर्थिक लाभ के लिए विवादित सीमा से सटे इलाकों में तेल की खोज के लिए आगे बढ़ने पर सैद्धांतिक सहमति जताई थी। दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच बैठक के बाद नई दिल्ली में असम सरकार के एक बयान में कहा गया है कि असम और नगालैंड सौहार्दपूर्ण तरीके से दशकों पुराने सीमा विवाद को समाप्त करने के लिए सभी विकल्प तलाश रहे हैं। रियो ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि असम और नगालैंड ने सैद्धांतिक रूप से विवादित क्षेत्रों में तेल की खोज के लिए समझौता ज्ञापन पर जाने का फैसला किया है ताकि तेल निकाला जा सके और रॉयल्टी पड़ोसी राज्यों के बीच साझा की जा सके। असम नगालैंड के साथ 512.1 किलोमीटर की सीमा साझा करता है, 1963 में पड़ोसी राज्य के निर्माण के बाद से विवाद के साथ और मामला अब समाधान के लिए सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है।

## ममता ने केजरिवाल को दिया समर्थन

**कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी मंगलवार को यहां कहा कि उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपना समर्थन दिया है। ममता बनर्जी ने कहा कि दिल्ली के सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने जो अधिकार दिए थे, उसके खिलाफ केंद्र सरकार जो अध्यादेश लेकर आई है, उनकी पार्टी राज्यसभा उसका विरोध करेगी। अगर जरूरत पड़ेगी तो फिर से सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। ममता ने केंद्र सरकार पर -शेष पृष्ठ दो पर

## नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करेगा विपक्षी दल

**नई दिल्ली।** नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर मचे सियासी बवाल के बीच कई राजनीतिक दल 28 मई को समारोह का बहिष्कार कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों के नेताओं ने इस मुद्दे पर विचार-विमर्श किया। जल्द ही सदन के सभी नेता एक संयुक्त बयान जारी कर सकते हैं। इसमें कार्यक्रम के संयुक्त बहिष्कार की घोषणा की जाएगी। इस बीच तृणमूल कांग्रेस



(टीएमसी) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने कहा कि वे उद्घाटन समारोह में शिरकत नहीं करेंगे। सूत्रों की मानें तो पार्टियां औपचारिक निमंत्रण प्राप्त होने के बाद बुधवार को अंतिम निर्णय लेंगी। लोकसभा में टीएमसी के नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि टीएमसी 28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करेगी। वहीं, राज्यसभा -शेष पृष्ठ दो पर

Door graph
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

सुप्रभात

*संधि करने वालों में तेज ही संधि का हेतु होता है।*

- आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

## राष्ट्रीय ध्वज का अपमान जांच करने लंदन पहुंची एनआईए टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय उच्चायोग के बाहर उग्र प्रदर्शन, भारत विरोधी नारेबाजी और राष्ट्रीय ध्वज के अपमान की कोशिश के मामले की जांच के लिए एनआईए की टीम लंदन पहुंच गई है। इस मामले में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के निर्देश के बाद दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज किया था और बाद में उसकी जांच एनआईए को सौंप दी गई थी। एनआईए के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार पांच सदस्यीय टीम लंदन में घटना के दौरान मौजूद उच्चायोग में तैनात कर्मचारियों और अधिकारियों का बयान दर्ज -शेष पृष्ठ दो पर

## टेस्टिंग के बाद ही कफ सिरप का होगा निर्यात : केंद्र

**नई दिल्ली।** भारतीय कफ सिरप पर बीते दिनों उठे सवालों के बाद अब सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। इसे लेकर विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने



सोमवार को एक अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में कहा गया है कि बिना जांच और प्रमाण के कफ सिरप को निर्यात नहीं किया जा सकेगा। अधिसूचना के मुताबिक, निर्यात किए जाने वाले उत्पाद के नमूने की सरकारी लैब में टेस्टिंग होगी। इसके बाद ही कफ सिरप को निर्यात करने की अनुमति दी जाएगी। बता दें कि कफ सिरप के लिए नई व्यवस्था -शेष पृष्ठ दो पर

## केरल के मंदिरों में अब आरएसएस नहीं कर पाएगा सामूहिक अभ्यास

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में मंदिरों के प्रबंधन को लेकर त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) ने एक नया निर्देश जारी किया है। 18 मई को जारी किए गए सर्कुलेशन में आरएसएस द्वारा आयोजित सामूहिक अभ्यास और अन्य गतिविधियों की अनुमति नहीं देने के आदेश जारी किए गए है। सर्कुलर में कहा गया है कि इसका सख्ती से पालन



किया जाए और जो अधिकारी इसका पालन नहीं करेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले, त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड ने 30 मार्च को एक आदेश जारी किया था कि मंदिर के अनुष्ठानों और त्योहारों को छोड़कर मंदिर परिसर का इस्तेमाल किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए। -शेष पृष्ठ दो पर

## दो हजार के नोट वापस लेने से अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा नकारात्मक प्रभाव : कांग्रेस

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि दो हजार रुपए का नोट अचानक वापस लएने से देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे बैंक के ऊपर भी अतिरिक्त दबाव



बढ़ेगा। कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि अभी बाजार में दो हजार के 181 करोड़ नोट हैं। ऐसे में अगर एक आदमी एक समय में पांच नोट बदलता है तो बैंक को इन नोटों को बदलने के लिए 36 करोड़ ट्रांजेक्शन करना पड़ेगा। यदि एक ट्रांजेक्शन में चार मिनट लगते हैं तो 144 करोड़ -शेष पृष्ठ दो पर

## जम्मू-कश्मीर में पर्यटन भारत के बहु-धार्मिक और बहु-सांस्कृतिक लोकाचार का प्रतिबिंब : उपराज्यपाल

**श्रीनगर (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जी20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में पर्यटन भारत के बहु-धार्मिक और बहु-सांस्कृतिक लोकाचार का प्रतिबिंब है। आज जम्मू-कश्मीर भारत के विकसित क्षेत्रों में खड़ा है और हम आर्थिक व सामाजिक दोनों तरह से लोगों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व अन्याय, शोषण और भेदभाव को समाप्त कर सभी नागरिकों के लिए सामाजिक समानता




और समान आर्थिक अवसर सुनिश्चित कर रहा है जो उन्हें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने में भी सक्षम बना रहा है। पिछले 4 वर्षों में सतत विकास लक्ष्यों के विभिन्न मापदंडों पर जम्मू-कश्मीर की रैंकिंग बढ़ी है। दुनिया देख रही है कि पूरा समाज, खासकर युवा पीढ़ी अपने और देश के लिए एक उज्ज्वल भविष्य की पटकथा लिख रही है। उपराज्यपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा से ज्ञान, समावेशी संस्कृति और लुभावने परिदृश्य का केंद्र रहा है जो यात्रियों के लिए दिव्य है। प्रसिद्ध कवि -शेष पृष्ठ दो पर

## पारंपरिक विरासत और आधुनिक बुनियादी ढांचे का अनोखा मिश्रण है श्रीनगर : जितेंद्र सिंह




**श्रीनगर।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि श्रीनगर में जी20 समूह की बैठक आयोजित करने का महत्व यह है कि यह शहर पारंपरिक विरासत और अत्याधुनिक तकनीक के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे का एक अनोखा मिश्रण है। सिंह ने यहां एसकेआईसीसी में जी20 देशों के पर्यटन से जुड़े कार्यकारी समूह की तीसरी बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में राज्य मंत्री सिंह ने कहा कि जहां तक अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और समाज के प्रति दायित्व का संबंध है, भारत वैश्विक जिम्मेदारी साझा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आज जब हम श्रीनगर के दर्शनीय स्थल पर मिलते हैं, तो हमें अपने भीतर यह गहरा एहसास होता है कि हम सभी वैश्विक दुनिया का हिस्सा हैं और नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री काल में भारत इसे लेकर बहुत सतर्क है। सिंह ने कहा कि भारत की चुनौतियां, चिंताएं और मानक वैश्विक हैं -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

**सुप्रभात**

*महान कार्य करने का एक ही तरीका है की आप जो भी कर रहे हो उसे प्यार करो। यदि आपको अबतक ऐसा काम नही मिला, तो ढूंढते रहो। न की एक ही जगह बैठे रहो।*

– **स्टीव जॉब्स**

# खालिस्तानियों की सूचना देने वाले को 10 लाख रुपए देगी एनआईए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को घोषणा की है कि देश के खिलाफ युद्ध की साजिश रचने के मामले में वांछित खालिस्तानी आतंकी के बारे में सूचना देने वाले को 10 लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार, लुधियाना के रहने वाले कश्मीर सिंह गलवड्डी उर्फ *बलबीर सिंह* पिछले साल 20 अगस्त को दिल्ली में आईपीसी और यूएपीए के विभिन्न प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में वांछित है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी के अनुसार, यह मामला खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट, बब्बर खालसा इंटरनेशनल और द इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन द्वारा देश के खिलाफ लड़ाई के लिए रची गई साजिश से संबंधित है। एनआईए ने इस मामले में आरोपी की दो तस्वीरें भी जारी की। एनआईए के प्रवक्ता ने आरोपी की तस्वीरें जारी करते हुए कहा कि गलवड्डी फरार है। वह एनआईए द्वारा दर्ज (देश के विभिन्न हिस्सों में प्रतिबंधित आतंकी संगठनों की गतिविधियों से संबंधित) मामले में वांछित है। एनआईए ने गलवड्डी के खिलाफ 10 लाख रुपए का नकद इनाम घोषित किया है। बता दें कि जांच एजेंसी ने गलवड्डी के बारे में विशेष सूचना उपलब्ध कराने को कहा है, जिससे उसकी गिरफ्तारी हो सके या उस तक पहुंचा जा सके। जांच एजेंसी ने कहा कि सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी। एनआईए ने लोगों को आरोपी के बारे में जानकारी देने के लिए ईमेल आईडी के साथ-साथ दिल्ली मुख्यालय और चंडीगढ़ शाखा कार्यालय के टेलीफोन, व्हाट्सएप और टेलीग्राम नंबर शेयर किए हैं।




# गजब! एक महीने में 2 बार प्रेग्नेंट हो गई महिला, डॉक्टर भी हैरान

**नई दिल्ली।** कोई महिला साल में 2 बार प्रेगनेंट हो सकती है, लेकिन कभी आपने ऐसा सुना है कि एक ही महीने में 2 बार प्रेग्नेंट हो जाए। इसे सुन कर कोई भी चक्करा जाए। लेकिन ऐसा अनोखा मामला सामने आया है। जहां महिला 28 दिन के अंतराल में 2 बार गर्भवती हुई और उसने 2 बेटियों को जन्म दिया है। हेयरफोर्डशायर के लियोमिस्टर निवासी 30 वर्षीय सौफी स्माल और उसका 34 वर्षीय पति जोनाथन वर्ष 2019 से ही अपने दूसरे बच्चे के लिए प्रयास कर रहे थे। अब उन्हें 2 बेटियां हुई हैं। दोनों का एक बेटा ऑस्कर 6 वर्ष का है। डॉक्टरों का कहना है कि एक महीने के अंतराल में 2 बच्चों का एक ही गर्भ में आना बहुत ही दुर्लभ मामला है। ऐसा तब होता है जब पहले गर्भधारण के कुछ सप्ताह बाद दूसरा गर्भधारण होता है। ये बच्चे जुड़वां नहीं कहलाते। गर्भाधारण के बाद ही सौफी काफी बीमार हुईं। उन्हें सप्ताह में 8 बार अस्पताल जाना पड़ा। जब डॉक्टरों ने उनकी जांच की तो पाया कि उन्हें दोहरा गर्भ है। एक बच्चे का आकार दूसरे से काफी बड़ा है। यह ठीक नहीं था। 29 सप्ताह के गर्भ के बाद डॉक्टरों ने बताया कि छोटे बच्चे में हरकत नहीं है। इस तरह से उन्होंने जब दोनों बेटियों को जन्म दिया तो पहली 32 सप्ताह की और दूसरी 36 सप्ताह की थी। पहली का वजन 4 पौंड और दूसरी का 6 पौंड था। डॉक्टरों का कहना है कि इस तरह का गर्भधारण सुपरफिटेशन कहलाता है। ऐसे में एक गर्भधारण के बाद बहुत ही दुर्लभ मामलों में दूसरा एग भी स्पर्म से फर्टाइल होकर गर्भ में स्थापित हो जाता है। मासिक चक्र में दूसरा एग बनने में 4 सप्ताह का अंतर रहता है। अधिकांश मामलों में गर्भधारण होते ही दूसरा एग बनने की प्रक्रिया गर्भकाल तक रुक जाती है इसलिए सुपरफिटेशन का मामला बहुत ही दुर्लभ मामला माना जाता है। दूसरी ओर जुड़वां में एक समय पर निकले एग अलग-अलग स्पर्म से फर्टाइल होते हैं। मगर उनका विकास एक समान होता है, जबकि सुपरफिटेशन में दोनों विकास के अलग-अलग चरण में होते हैं।

# यूपीएससी में 12वें रैंक की अभिनव को नहीं थी उम्मीद

**फतेहाबाद (हिंस)।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित परिणाम से फतेहाबाद जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। मूल रूप से जिले के गांव गोरखपुर के रहने वाले अभिनव सिवाच ने इस परीक्षा में 12वीं रैंक हासिल कर शानदार उपलब्धि हासिल की है। अभिनव का कहना है कि इस रैंक की उसे खुद उम्मीद नहीं थी। अभिनव सिवाच ने ये कामयाबी यूपीएससी के तीसरे प्रयास में हासिल की है। वे फिलहाल दिल्ली में दिल्ली में एसडीएम हैं। इससे पहले टोहाना में नायब तहसीलदार भी रहे चुके हैं। उनका परिवार फिलहाल हिसार और गुरुग्राम में रह रहा है। उनके पिता सतबीर सिवाच फिलहाल गुरुग्राम में डीईटीसी हैं। संघ लोक सेवा आयोग ने सितंबर 2022 में ली गई लिखित परीक्षा और जनवरी 2023 में हुए पर्सनैलिटी टेस्ट का परिणाम जारी कर दिया है। इस परिणाम में फतेहाबाद के गांव गोरखपुर के अभिनव सिवाच ने 12वां स्थान हासिल किया है। 933 प्रतिभागियों ने परीक्षा दी थी। अब रैंक के अनुसार सभी प्रतिभागियों को आईएएस-आईएफएस, इंडियन पुलिस सर्विस व सेंट्रल सर्विस ग्रुप ए और बी की सर्विस दी जाएगी।

**Extension of NIQ**

With reference to the advertisement of NIQ No. AFD 495/Pt-II/PMMSY/2021-22/48 Dated on 9th May/2023, published in “Assam Tribune” and “Amar Asom” for supply of Fish Seed, Fish Fry, Pelleted Fish Feed, Rice polish & Mustard oil Cake under O/o the District Fishery Dev. Officer, Dhemaiji, is hereby extended till 01-06-2023 up to 1:00 PM. and will be opened at 2:00PM of the same day. All other terms and conditions regarding the NIQ will remain same.

District Fishery Dev. Officer
Dhemaji

*-- Janasanyog /C/3207/23*

# पुलिस हुई हनी ट्रेप की शिकार, तीन महिलाओं समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पलवल (हिंस)।** पुलिस के एक सब इंस्पेक्टर को महिलाओं ने हनी ट्रेप में फंसाकर 20 लाख रुपए मांगे है। आरोप है कि महिला ने एसआई से फोन पर अश्लील बातें कीं, जिसे रिकॉर्ड कर लिया। साथ ही उसे शराब पिलाकर बेसुध कर, उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाए। महिलाओं ने इसकी वीडियो भी बनाई। महिलाओं ने पहले उससे 10 हजार रुपए ऐंठ लिए व अब बलात्कार के केस में फंसाने की धमकी दे 20 लाख रुपए मांगे। पुलिस ने 3 महिलाओं समेत 5 पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। महिलाओं ने उसकी गाड़ी पर भी कब्जा कर रखा है। मिली जानकारी के अनुसार चांद हट थाना में तैनात एसआई होशियार सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि नवंबर 2022 में वह ड्यूटी पर था, उसी दौरान चंडीगढ़ मुख्यालय से एक फोन आया कि अलीगढ़ रोड़ पर पप्पू होटल के पास नगीना उर्फ नगमा नाम की औरत की गाड़ी खराब हो गई है, मौके पर पहुंच कर उनकी समस्या दूर करो। होशियार सिंह ने बताया कि 2 दिन बाद उसके पास नगीना का फोन आया। वह उससे गंदी-गंदी बातें करने लगी। उसके कुछ दिन बाद नगीना ने कहा कि हमने आपकी गंदी-गंदी बातें रिकार्ड कर रखी हैं। नगीना पैसों की मांग करने लगी। इसके बाद उसने लोक लाज के चलते उनके फोन पे नंबर पर 10 हजार रुपए भी दिए। पुलिस कर्मी का कहना है कि उसके पास 12 मई 2023 को नगीना का फोन आया कि उसे एक सगाई में जाना है, गाड़ी चाहिए, नहीं तो रिकॉर्डिंग को वायरल कर दूंगी। उसने कहा कि चांद हट थाना आकर गाड़ी ले जाओ। नगीना अपनी साथी प्रीति नाम की महिला लेकर चांद हट आई और गाड़ी व 4 हजार रुपए ले गई। कैंप थाना के जांच अधिकारी जीतराम ने मंगलवार को बताया कि सब इंस्पेक्टर होशियार सिंह की शिकायत पर कैंप थाना पुलिस ने नगीना उर्फ नगमा, प्रीति, इंदिरा, अमित व एक अन्य के खिलाफ झूठे केस में फंसाकर पैसे ऐंठना व उसकी गाड़ी को ले जाने और 20 लाख की मांग करने, न देने पर जान से खत्म करने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



**Notice**

This is to inform all candidates belonging to Persons with Benchmark Disabilities who did not qualify in the Medical Examination conducted by the Gauhati Medical College and Hospital that they may file an appeal before the Principal Secretary, Social Justice & Empowerment, Government of Assam. The department will soon issue a detailed notification regarding this matter.

Sd/-
Principal Secretary
Social Justice and Empowerment Department
Government of Assam

*-- Janasanyog / D/3438/ 23*

## पृष्ठ एक का शेष

### आपसे जो वादा किया...

को अगर कोई चुनौती दे रहा है तो वो भारत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज मैं आपके बीच आया हूं कि तो मैं एक घोषणा भी करने जा रहा हूं। ब्रिसबेन में भारतीय समुदाय की बहुत समय से जो मांग थी, अब उसे पूरा किया जाएगा। जल्द ही ब्रिसबेन में भारत का एक नया वाणिज्य दूतावास खोला जाएगा। भारतीयों को संबोधित करने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिडनी के कुडोस बैंक एरिना में आयोजित सामुदायिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज उनके साथ मौजूद रहे। पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने सिडनी सामुदायिक कार्यक्रम में द लिटिल इंडिया गेटवे की आधारशिला रखी। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज ने सिडनी में सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी को बॉस बताया। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने कहा कि आखिरी बार मैंने इस मंच पर ब्रूस स्प्रिंगस्टीन देखा था और उनका स्वागत पीएम मोदी की तरह नहीं किया गया था, जो सम्मान उनको मिला है। प्रधानमंत्री मोदी बॉस हैं। भारतीयों को संबोधित करने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिडनी के कुडोस बैंक एरिना में आयोजित सामुदायिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज उनके साथ मौजूद रहे।

### यूपीएससी : टॉप 5 ...

पेशे से डॉक्टर हैं और असम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जुड़े हैं। उन्होंने गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल से एमबीबीएस पूरा किया। हजारिका ने नगांव जिले के रामानुजन जूनियर कॉलेज से हायर सेकेंडरी की पढ़ाई पूरी की थी। पांचवीं रैंक हासिल करने पर मयूर हजारिका ने कहा कि मुझे इतने अच्छे नतीजे की उम्मीद नहीं थी, मैं इससे संतुष्ट हूं। मेरी पहली प्राथमिकता भारतीय विदेश सेवा (इंडियन फॉरेन सर्विस) है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा मंगलवार को घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2022 के नतीजों में इशिता किशोर ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। परीक्षा के घोषित नतीजे के अनुसार, गरिमा लोहिया और उमा हरति एन ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है। यूपीएससी ने कहा है कि 933 अभ्यर्थियों ने सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की है।

### ममता ने केजरिवाल ...

तीखा हमला बोलते हुए कहा, चुनाव के लिए केवल छह महीने रह गए हैं, हो सकता है उससे पहले भी कोई चमत्कार हो जाए और केंद्र की सरकार चली जाए। वे दिल्ली के मुख्यमंत्री के साथ संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थीं। इससे पहले कोलकाता पहुंचने पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्यसभा सदस्य राघव चढ्डा, राज्यसभा सदस्य संजय कुमार और मंत्री आतिशी का स्वागत किया।

### टेस्टिंग के बाद ...

एक जून से लागू हो जाएगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत के चार कफ और कोल्ड सिरप को लेकर बीते साल अलर्ट जारी किया था। बता दें कि इन कफ सिरप को पीने से गांबिया में कई लोगों की मौत हो गई थी। डब्ल्यूएचओ ने कहा था यह किडनी को भारी नुकसान पहुंचाता है। वहीं, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने इन कफ सिरप को लेकर जांच शुरु की थी। इसके अलावा भारतीय कफ सिरप को लेकर उज्बेकिस्तान ने भी सवाल उठाए थे। उज्बेकिस्तान ने आरोप लगाया था कि सिरप का सेवन करने के बाद उनके यहां करीब 18 बच्चों की मौत हो गई थी।

### केरल के मंदिरों ...

उल्लेखनीय है कि टीडीबी ने 2016 में एक सर्कुलर जारी कर आरएसएस द्वारा मंदिर परिसरों में सभी प्रकार के हथियारों के प्रशिक्षण पर प्रतिबंध लगा दिया था। बाद में 30 मार्च 2021 को बोर्ड ने फिर से सर्कुलर जारी कर अधिकारियों से इस संबंध में कार्रवाई करने को कहा था। टीडीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंदिर परिसर के अंदर आरएसएस की शाखाओं के संचालन की अनुमति नहीं दी जाए, यह सुनिश्चित करने के लिए इस बार फिर से सर्कुलर जारी किया गया है। 2016 में, तत्कालीन देवस्वोम मंत्री कडकंपल्ली सुरेंद्रन ने आरोप लगाया था कि आरएसएस केरल में मंदिरों को हथियारों के भंडार में बदलने की कोशिश कर रहा है और सरकार को इस संबंध में बड़ी संख्या में शिकायतें मिल रही थी।

### दो हजार का नोट...

मिनट बैंकों के चार महीने में इसी काम में लग जाएंगे। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि सरकार के इस फैसले से बैंकों को लगभग ढाई करोड़ घंटे लगाने होंगे। इससे बैंक का कार्य प्रभावित होगा, किसानों, छोटे व्यापारियों आदि को लोन मिलने में परेशानी होगी। इससे उनके व्यापार पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। जिसके चलते हमारे अर्थतंत्र पर भी बुरा प्रभाव पड़ सकता है। गौरव ने कहा कि कांग्रेस नोट बंदी के खिलाफ थी और दो हजार की नोट वापस लएने के भी खिलाफ है। बार-बार नोटों को बदलना वापस लएना रुपए की साख गिराने जैसी बात है। केंद्र सरकार को सोच-समझ कर कदम उठाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दो हजार रुपए के नोटों को बंद करने का फैसला लिया है। इन नोटों को वापस करने के लिए बैंक ने चार महीने का वक्त दिया है। इस अवधि में लोग अपने पास रखे दो हजार रुपए के नोट बदल सकेंगे।

### जम्मू-कश्मीर में ...

अमीर खुसरो ने 13वीं शताब्दी में जम्मू-कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता का वर्णन करते हुए कहा था कि गर फिरदौस बर-रू-ए-जमीं अस्त, हमीं अस्त ओ, हमीं अस्त ओ, हमीं अस्त- अगर धरती पर स्वर्ग है, यह है, यह है, यह है। इसलिए, यह आश्चर्य की बात नहीं है कि आधुनिक दिनों में सबसे पुराने यात्रा गाइड बुक प्रकाशकों में से एक लोनली प्लैनेट ने जम्मू-कश्मीर को भारत का स्विट्जरलैंड कहना चुना। उन्होंने कहा कि लगभग 30 वर्षों तक लगभग सभी धार्मिक संप्रदायों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की इस भूमि को हमारे पड़ोसी देश द्वारा राज्य प्रायोजित आतंकवाद का शिकार होना पड़ा। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता को सशक्त बनाने वाली विकास योजनाओं और केंद्र शासित प्रदेश के प्रभावी प्रशासन के माध्यम से सीमा पार से समर्थन के साथ फलने-फूलने वाले आतंकी इको-सिस्टम को अलग कर दिया। जम्मू-कश्मीर एक नए युग का गवाह बन रहा है जिसने विकास और शांति की असीम संभावनाएं खोली हैं। अब विदेशी निवेश भी जम्मू-कश्मीर में आ रहे हैं, लोग बेहतर समय को देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जमीनी लोकतंत्र मजबूत हुआ है, नए उद्योग आ रहे हैं, कृषि का तेजी से विकास हमारे गांवों को समृद्ध बना रहा है, उच्च शिक्षा में नए संस्थान खुल गए हैं, युवाओं को उद्योग 4.0 प्रौद्योगिकियों के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है, बुनियादी ढांचे का विकास तेजी से हो रहा है, डिजिटल समाज और प्रौद्योगिकी पर हमारा जोर जम्मू-कश्मीर को एक राज्य में बदल रहा है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को क्रियान्वित करने की हमारी गति लगभग 10 गुना बढ़ गई है। वर्ष 2018 में केवल 9229 प्रोजेक्ट पूरे हुए थे, पिछले वित्तीय वर्ष में हमने 92,560 प्रोजेक्ट पूरे किए हैं। यह उपलब्धि शांति और समृद्धि के हमारे संकल्प और हमारे सभी नागरिकों को विकास की इस यात्रा में समान भागीदार बनाने का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह साझा करना उत्साहजनक है कि जम्मू और कश्मीर पहले से ही जी20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप द्वारा पहचाने गए प्राथमिकता वाले कुछ क्षेत्रों पर काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में हमने यह सुनिश्चित किया है कि पर्यटन क्षेत्र में परिवर्तन यात्रियों की जरूरतों, उद्योग हितधारकों के हितों पर केंद्रित हो, रोजगार के अवसर पैदा करे और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा दे। उपराज्यपाल ने कहा कि पिछले साल रिकॉर्ड 18 मिलियन पर्यटकों ने जम्मू-कश्मीर का दौरा किया और पिछले साल पर्यटन क्षेत्र ने जम्मू-कश्मीर के सकल घरेलू उत्पाद में 7 प्रतिशत का योगदान दिया। हमने हरित पर्यटन, छोटे और मध्यम उद्यमों, युवा और महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए 300 नए स्थलों की पहचान की है और स्थायी पर्यटन का समर्थन करने के लिए स्थानीय समुदायों को शामिल किया है। यह हिमालयी क्षेत्र 55 प्रतिशत हरित और वन आवरण के लिए धन्य है और पिछले साल ही हमने हरित पर्यटन को नए सिरे से बढ़ावा देने और घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए नए गेटवे और शानदार इको-डेस्टिनेशन प्रदान करने के लिए 16 मिलियन पेड़ लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में पर्यटन क्षेत्र को हमारी औद्योगिक नीति के अनुसार उद्योग का दर्जा दिया गया है और सभी वित्तीय प्रोत्साहन दिए गए हैं। 1980 के दशक के अंत तक जम्मू-कश्मीर बॉलीवुड फिल्म उद्योग के लिए पसंदीदा स्थान हुआ करता था। लगभग 4 दशकों के लंबे ठहराव के बाद हमने बॉलीवुड के साथ संबंधों को पुनर्जीवित किया है और फिल्म क्षेत्र में अधिक निवेश आकर्षित करने और जम्मू-कश्मीर को सबसे लोकप्रिय फिल्म शूटिंग स्थल बनाने के लिए 2021 में एक फिल्म नीति शुरू की है। पिछले साल ही इस क्षेत्र में 300 से अधिक फिल्मों की शूटिंग हुई और इस तरह का उत्साह लोगों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन ला रहा है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि यात्रियों के लिए, जो आकर्षक और मनमोहक गांवों की खोज करना चाहते हैं उनके लिए हम होम स्टे की सुविधा लेकर आए हैं। डिजिटल उपकरणों की शक्ति का उपयोग करके इसका प्रचार और विपणन किया जा रहा है। हम वुलर झील के किनारे देश का पहला बुक विलेज विकसित कर रहे हैं और प्रकृति की शांति पसंद करने वाले पर्यटकों के लिए लंबी पैदल यात्रा के कई रास्ते बना रहे हैं। हमारा उद्देश्य ग्रामीण इलाकों और लोकप्रिय स्थलों को अधिक टिकाऊ बनाना और आकर्षक विरासत स्थलों की सुंदरता को संरक्षित करना है। मुझे विश्वास है कि जम्मू-कश्मीर जल्द ही दुनिया के शीर्ष 50 गंतव्यों में अपनी जगह बना लेगा और यह वैश्विक यात्रियों की यात्रा बकेट सूची में होगा।

### पारंपरिक विरासत और ...

और इसका विकास भी वैश्विक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसलिए मोदी जलवायु चुनौतियों को लेकर चिंतित हैं। हम 2070 तक शुद्ध शून्य कॉर्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने को लेकर भी प्रतिबद्ध हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि श्रीनगर में जी20 कार्यक्रम आयोजित करने का महत्व यह है कि यह शहर हमारी पारंपरिक विरासत और अत्याधुनिक तकनीक के साथ सबसे आधुनिक बुनियादी ढांचे का एक अनोखा मिश्रण है। सिंह ने कहा कि कश्मीर का श्रीनगर शहर फारसी और संस्कृत दोनों ही भाषाओं को सीखने की शुरुआती जगहों में से एक रहा है। यह कालीन, कढ़ाई और शॉल से लेकर कारीगरी और शिल्प कौशल के लिए भी बेहद लोकप्रिय है। दूसरी ओर, हमारे पास सबसे उन्नत अवसंरचनात्मक परियोजनाएं हैं। हमारे पास दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल है, जो एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है। यह चिनाब नदी पर स्थित है, जो भारत की सबसे बड़ी नदियों में से एक है। सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में एशिया की ऐसी सबसे लंबी सड़क वाली सुरंग भी है, जिसमें दोनों ओर वाहनों के आवागमन की सुविधा है। इसे श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सुरंग के रूप में जाना जाता है। केंद्रीय मंत्री ने जी20 समूह की भारत की अध्यक्षता का जिक्र करते हुए कहा कि जहां तक अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और समाज के प्रति दायित्व का संबंध है, भारत वैश्विक जिम्मेदारी साझा करने के लिए तैयार है।

### राष्ट्रीय ध्वज का ...

करेगी। 19 मार्च को प्रदर्शन के दौरान खालिस्तान समर्थकों ने राष्ट्रीय ध्वज को नीचे गिराकर अपमानित करने की कोशिश की थी। लेकिन उच्चायोग में तैनात अधिकारियों ने राष्ट्रीय ध्वज को अपमानित होने से बचा लिया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस मामले में आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने के लिए चश्मदीद गवाहों का बयान दर्ज किया जाना जरूरी है। एनआईए सूत्रों के अनुसार प्रदर्शन में शामिल सभी लोगों की पहचान कर ली गई है। भारत विरोधी नारा लगाने वालों और राष्ट्रीय ध्वज को अपमानित करने वालों की पहचान कर उनके खालिस्तानी आतंकी संगठनों के संबंधों के सबूत भी जुटाए हैं। एनआईए के जुटाए सबूतों को ब्रिटएन के साथ साझा किया जाएगा और आरोपियों की पहचान की पुष्टि करने का औपचारिक अनुरोध भी किया जाएगा। जांच पूरी होने और आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किए जाने के बाद उनके भारत प्रत्यर्पण की कार्रवाई शुरू की जाएगी। यह पहला मामल है जब विदेश में भारतीय उच्चायोग या दूतावास के बाहर उग्र प्रदर्शन के मामले में भारत में एफआईआर दर्ज की गई है। नियम के मुताबिक दूतावास या उच्चायोग संबंधित देश के क्षेत्राधिकार में आता है। ऐसे में लंदन स्थिति भारतीय उच्चायोग भारत का हिस्सा मानते हुए अमित शाह के निर्देश पर दिल्ली पुलिस एफआईआर दर्ज की थी।

### नए संसद भवन...

में टीएमसी के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने ट्विटर पर लिखा कि संसद सिर्फ एक नई इमारत नहीं है। यह पुरानी परंपराओं, मूल्यों, मिसालों और नियमों के साथ एक प्रतिष्ठान है। यह भारतीय लोकतंत्र की नींव है। प्रधानमंत्री मोदी शायद यह नहीं समझते। उनके लिए रविवार को नई इमारत का उद्घाटन *मैं, मेरा और मेरे लिए* से ज्यादा कुछ नहीं है। इसलिए हमें इससे बाहर ही समझें। भाकपा महासचिवडी राजा ने कहा कि उनकी पार्टी समारोह में शामिल नहीं होगी। विपक्षी सूत्रों ने संकेत दिया कि अधिकांश दलों का विचार है कि उन्हें एकजुट होकर समारोह का बहिष्कार करना चाहिए। हालांकि, इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय बुधवार को लिया जाएगा। विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन करने पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उद्घाटन करना चाहिए। दरअसल, 28 मई को दोपहर 12 बजे पीएम मोदी नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे। इस पर कांग्रेस नेताओं और कई अन्य विपक्षी नेताओं का मानना है कि पीएम की बजाय राष्ट्रपति को उद्घाटन करना चाहिए। कांग्रेस का कहना है कि नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों ही होना चाहिए। मुर्मू द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मर्यादा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा।

### स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **द्वादश अध्याय**

**(चार प्रकार के भक्त)**

**(ज्ञानी)**

**ज्ञानी ज्ञान निमग्न है, चेतन पूर्ण विकाश।**
**जड़ माया भासित नहीं, शब्दहिं शब्द प्रकाश॥ 29॥**

**शब्दार्थ :** (ज्ञानी) यथार्थ वस्तु को जानने वाला (निमग्न) आनंदित (भासित) विदित, मालूम होना।

**भाष्य :** ब्रह्मनिष्ठ विज्ञानी अपने ज्ञान में आनंदित रहता है। जड़ माया का भास उसे नहीं होता। वह अपने चेतन विकास द्वारा शब्द-ही-शब्द का चारो और प्रकाश अनुभव **करता है।**

**निस्कामी निस्पृह हैं, निरमोही निरद्वन्द्व।**
**निहइच्छा निर्वासना, दशो दिशा सुख कन्द॥ 30॥**

**शब्दार्थ :** (निस्कामी) कामना से रहित (निरमोही) मोह से रहित (निरद्वन्द्व) द्वन्द्व से रहित (निर्वासना) वासनारहित (सुख कन्द) सुख का मूल।

**भाष्य :** ज्ञानी मुक्त सर्वकामनाओं से एवं मोह-द्वन्द्व-वासनाओं से रहित हो दशों दिशाओं से आनंद मूल परमप्रभु में सदैव निमग्न रहता है। उसे आनंद के अतिरिक्त दूसरे किसी भौतिक पदार्थ में अपनी चेष्टा नहीं जाती।

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और असम सरकार को जारी किया नोटिस

## पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र से जुड़ा है मामला

**गुवाहाटी।** जस्टिस बी आर गवई, विक्रम नाथ और संजय करोल की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने असम में वन्यजीव अभयारण्य के संबंध में पर्यावरण और वन मंत्रालय और राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और असम सरकार से उस याचिका पर जवाब मांगा है जिसमें पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य के आसपास के क्षेत्र को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्र घोषित करने और सभी अतिक्रमण हटाने के निर्देश देने की मांग की गई है। जस्टिस बी आर गवई, विक्रम नाथ और संजय करोल की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने असम में वन्यजीव अभयारण्य के संबंध में पर्यावरण और वन मंत्रालय और राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करें, 12 जुलाई, 2023 को वापस किया जा सकता है। असम राज्य के लिए स्थायी वकील की सेवा करने की स्वतंत्रता दी जाती है। शीर्ष अदालत पर्यावरण



कार्यकर्ता रोहित चौधरी द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें बिना किसी और देरी के पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा का सटीक सीमांकन करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया है कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत 1998 में अधिसूचित अभयारण्य की सीमा को अभी तक सटीक रूप से चिह्नित नहीं किया गया है और अभयारण्य क्षेत्र के एक हिस्से, खास भूमि (सरकारी नियंत्रित भूमि) का नियंत्रण अभी तक सौंपा जाना है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि अधिकारियों ने 11 दिसंबर, 2018 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश की घोर अवहेलना करते हुए अभयारण्य के आसपास के क्षेत्र को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्र (श्वर्ऽ) घोषित करने के लिए कोई प्रभावी उपाय नहीं किए हैं। जैसा कि विभिन्न वन अधिकारियों के साथ-साथ मोरीगांव जिले के उपायुक्त के बीच आदान-प्रदान किए गए पत्रों की श्रृंखला से स्पष्ट है, पच्चीस साल बीतने के बावजूद, पोबितोरा अभयारण्य की सीमा का भौतिक रूप से सटीक रूप से सीमांकन किया जाना बाकी है।

# गुवाहाटी में अपोलो हॉस्पिटल ग्रुप चेन्नई के रीजनल ऑफिस का उद्घाटन




**गुवाहाटी।** अपोलो हॉस्पिटल ग्रुप चेन्नई का रीजनल ऑफिस का उद्घाटन गुवाहाटी में आज किया गया। इसका उद्घाटन अपोलो हॉस्पिटल साउथ ग्रुप के सीईओ और मार्केटिंग उपाध्यक्ष वी नवीन, अपोलो हॉस्पिटल गुवाहाटी तथा अपोलो एक्सलकेयर के सीइओ अभिजीत सिंह, के साथ ही अपोलो हॉस्पिटल नॉर्थ-ईस्ट के मार्केटिंग हेड रुपज्योती बरुवा ने फीता काटने के साथ ही दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन में श्री नवीन ने बताया कि यह क्षेत्रीय ऑफिस लोगों की बड़ी जरूरत के अनुसार गुवाहाटी के मध्य भंगागढ़ इलाके में बनाया गया है, यह ऑफिस बनने से उन लोगों को फायदा होगा जो अपोलो हॉस्पिटल में इलाज करवाना चाहते हैं उनके लिए यह ऑफिस पूरी जानकारी उपलब्ध करवाएगा, बीच-बीच में यहां पर चेन्नई अपोलो के सुप्रसिद्ध डॉक्टर आते रहेंगे तथा लोगों को उनकी जरूरत के अनुसार परामर्श दिया जाएगा, वहीं श्री बरुवा ने बताया कि अकसर देखा जाता है कि कई लोगों को जानकारी के अभाव में असुविधा का सामना करना पड़ता है और बहुत सारा पैसा खर्च करने के बावजूद अच्छा इलाज नहीं हो पाता है इसके देखते हुए अपोलो अस्पताल ने वहां अपना एक परामर्श केंद्र के साथ ही सुविधा केंद्र का बड़ा ऑफिस खोला है, जैसे अगर किसी को चेन्नई इलाज के लिए जाना है तो कैसे सुविधा होगी एवं किस यूनिट में जाना है ताकि वहां रह कर इलाज कराया जा सके इसकी संपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

# मैट्रिक पास विद्यार्थियों का सम्मान



**नगरबेड़ा (विभास)।** आलपति साहित्य सभा ने हाल ही में घोषित हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले डॉ. जाकिर हुसैन हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रत्येक छात्र को सम्मानित किया। स्कूल के प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण 22 छात्रों में से उन्होंने प्रमाण पत्र, कलम, फुलाम गामोछा देकर बधाई दी। बैठक में सम्मान कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जाकिर हुसैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रफीकुल हासान ने की। सम्मान सभा में डॉ. जाकिर हुसैन हायर सेकेंडरी स्कूल के सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं आलोपति साहित्य सभा के अध्यक्ष एम अब्दुल मजिद, आपकू सलाहकार आबुल कलाम अजाद, नवदीप अकादमी की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सज्जाद कबीर, आलोपति छात्र संघ के अध्यक्ष आल आमीन और डॉ. जाकिर हुसैन हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक स्टाफ उपस्थित थे। इस अवसर पर नगरबेड़ा के लिबर्टी इंस्टीट्यूट ऑफ कॉमर्स की ओर से प्रधानाचार्य वजीदुल हासान ने प्रत्येक छात्र को सम्मानित भी किया। शिक्षकों, अभिभावकों और क्षेत्र के लोगों को खुशी है कि इस तरह के परिणामों ने क्षेत्र को गौरवान्वित किया है और आलोपति साहित्य सभा द्वारा दिए गए सम्मान की सराहना की है।

# असम : ट्रक से 10 टन बर्मीज सुपारी जब्त

**धुबड़ी (हिंस)।** जिले असम-पश्चिम बंगाल सीमावर्ती छगलिया इलाके में पुलिस ने अवैध रूप से लायी गयी भारी मात्रा में बर्मीज सुपारी के साथ एक ट्रक को जब्त किया है। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया है कि छागलिया पुलिस ने नाका तलाशी के दौरान एक ट्रक को रोक कर उसकी तलाशी ली। ट्रक से भारी मात्रा में अवैध रूप से लायी गयी 10 टन बर्मीज सुपारी को जब्त किया गया।



गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान समन सिंह के रूप में हुई है। समर सिंह हिमाचल प्रदेश का निवासी बताया गया है। पुलिस के अनुसार बर्मीज सुपारी को ट्रक के अंदर छिपाकर और उसके ऊपर बांस लदा हुआ था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सुपारी सिलचर से कोलकाता की ओर जा रही थी। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

# सुअरों की मौत और स्वाइन फ्लू के मद्देनजर रि भोई के चार गांवों को कंटेनमेंट जोन घोषित

**गुवाहाटी।** मेघालय में री भोई जिला प्रशासन ने सुअरों की मौत और स्वाइन फ्लू के संदिग्ध मामलों की खबरों के जवाब में जिले के गांवों को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया है। री भोई जिला प्रशासन द्वारा कंटेनमेंट जोन घोषित किए गए गांवों में उमसावरियांग, मदन नोंगलाखियात, मावलिंगखुंग और सिली-यू-लार शामिल हैं। इस निर्णय का उद्देश्य उल्लेखित क्षेत्रों में बीमारी के आगे प्रसार को रोकना है। जिससे पशु चिकित्सा विभाग प्रभावी ढंग से मामलों का पता लगा सके और जांच कर सके। रोकथाम उपायों को लागू करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट ने जिला पशुपालन और पशु चिकित्सा अधिकारी की सिफारिश के आधार पर आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 लागू की है।

# विभिन्न गांव में नि:शुल्क लोटस मोबाइल मेडिकल बस सेवा

## 75 शिविरों में अब तक 12 हजार लोग हुए लाभान्वित

**गुवाहाटी (विभास)।** असम के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में रह रहे लोगों के बीच नि:शुल्क मोबाइल मेडिकल बस सेवा निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है। अब तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में आयोजित 75 शिविरों में बारह हजार से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं। विशेष रूप से ग्रामीण अंचल में रह रहे आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लोगों तक नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पिछले करीब ढाई महीने से असम में नि:शुल्क मोबाइल मेडिकल बस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बीडीजी रमेश गोयल सेवा संस्थान की लोटस टीएमटी बार मेडिकल बस सेवा की ओर से इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। बीडीजी मेटल एंड पावर लिमिटेड के चेयरमैन तथा सेवा संस्थान के प्रमुख ट्रस्टी रमेश गोयल के नेतृत्व में लोटस टीएमटी बार की नि:शुल्क




मेडिकल बस सेवा आने वाले दिनों में ऊपरी असम के शिवसागर, जोरहाट, गोलाघाट, तेजपुर, नोगांव होते हुए गुवाहाटी में उपलब्ध होंगी। मेडिकल बस शिविर के प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि उक्त स्थान के जरूरतमंद लोग शिविर में पहुंचकर आई टेस्टिंग एंड ट्रीटमेंट, डेंटल टेस्टिंग एंड ट्रीटमेंट, ईएनटी टेस्टिंग एंड ट्रीटमेंट, पैथोलॉजिकल लेबोरेटरी की सुविधा, जनरल ओपीडी, ईसीजी एवं एक्स रे की सुविधा का लाभ इस मोबाइल मेडिकल बस के माध्यम से नि:शुल्क ले सकते हैं। शिविर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच आनंदलोक हॉस्पिटल के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर नि:शुल्क शिविर का लाभ उठाने का आह्वान किया है। मेडिकल बस शिविर के प्रभारी संजय गुप्ता ने कहा कि संबंधित स्थानों पर कार्यरत स्थानीय संगठनों ने निशुल्क शिविरों को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है वही संबंधित क्षेत्र के लोगों ने भी इस सेवा की खुले दिल से सराहना की तथा समय-समय पर इस तरह की बस सेवा के माध्यम से शिविरों का आयोजन करने की मांग की। वही इस निशुल्क बस सेवा के जरिए पश्चिम बंगाल अरुणाचल प्रदेश और असम में अब तक कुल 200 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं जिसमें 30,000 से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं।

# रोटरी क्लब का विद्यालय में शुद्ध पेयजल योजना का उद्घाटन

**गुवाहाटी।** रोटरी क्लब ऑफ गुवाहाटी वेस्ट चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आज दिनांक 23 मई को राष्ट्रभाषा प्रभाकर हिंदी एम ई विद्यालय में अपने सिग्नेचर प्रोजेक्ट के अंतर्गत आर ओ प्लांट लगाकर इस विद्यालय में करीब 350 गरीब बच्चे पढ़ने आते हैं। इस विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था का शुभारंभ किया। इस आर ओ प्लांट का फीता काटकर उद्घाटन स्थानीय पार्षद स्निग्धा दैमारी और क्लब प्रेसिडेंट प्रेम कांत चौधरी ने किया। ज्ञातव्य हो कि यह योजना क्लब ने पिछले साल से शुरू किया तथा मालीगांव के दो सरकारी स्कूलों में आर ओ प्लांट लगाया। इस साल इस कार्ययोजना के लिए क्लब ने पंडित विक्रम घोष का एक सांस्कृतिक कार्यक्रम *सुर ताल संगम* का आयोजित किया था। जो रोटरी लिटरेसी मिशन ऑफ इंडिया के तहत सरकारी विद्यालयों में हैप्पी स्कूल




के कुल नौ तरह के क्रियाकलाप के अंतर्गत एक मुख्य कार्य है बच्चों को विद्यालय में सेफ ड्रिंकिंग वाटर का व्यवस्था करना मुख्य कार्य है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित कुमार झा ने स्वागत संबोधन किया। मुख्यअतिथि ने इस प्रोजेक्ट की प्रशंसा की और क्लब अध्यक्ष ने इस पर विस्तृत रूप से सभा में उपस्थित बच्चों और शिक्षकों को जानकारी साझा किया। क्लब की ओर से बरिष्ट रोटेरियन जयब्रत बनर्जी, संजीव कलिता, विनीता अग्रवाल, सुरजीत देब और कृष्णेदु राय उपस्थित थे। वहीं विद्यालय की ओर से उषा रानी गोस्वामी, मानषी दास, हिमानी तिवारी, निरंजना जैन प्रवीण कुमार झा और बंटी शर्मा उपस्थित थे। रोटरी क्लब ऑफ गुवाहाटी वेस्ट चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# सड़क हादसे में एक की मौत

**कामरूप (हिंस)।** कामरूप (ग्रामीण) जिले के हाजो में बीती रात हुई एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि हाजों की ओर से मुकालमुआ आदाबाड़ी की ओर बीती रात को बाइक (एएस-01एफएम-2165) से जा रहा व्यक्ति बर्नी के शांतिपुर में विद्युत पोल से टकरा गया। हादसे के कारण बिजली का तार टूटकर गिर गया। वहीं बाइक सवार सड़क के किनारे छिटककर जा पहुंचा। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और व्यक्ति को गंभीर हालत में हाजो विष्णु रायमेधी प्राथमिक अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, डॉक्टरों ने दुर्घटना में घायल व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नलबाड़ी जिला के बरशला निवासी अशोक दास के रूप में हुई है।

# नगरबेड़ा में बिना लाइसेंस व हेलमेट न पहननेवालों पर परिवहन विभाग का कार्रवाई



**नगरबेड़ा (विभाग)।** कामरूप जिले के बोको विधानसभा क्षेत्र के नगरबेड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत नगरबेड़ा में परिवहन विभाग की एक टीम ने बिना लाइसेंस और बिना हेलमेट पहने वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते देखा गया। पता चला है कि कामरूप जिला परिवहन विभाग के प्रवर्तन निरीक्षक लक्ष्मी नारायण बोरगोहाई के नेतृत्व में और नगरबेड़ा पुलिस के सहयोग से चलाए गए अभियान के दौरान ग्रेटर नगरबेड़ा क्षेत्र के साथ-साथ इसके आसपास के क्षेत्रों में हमलावरों की टीम द्वारा लगभग सैकड़ों मोटरसाइकिलों, ई-रिक्शा कागजातों की बारीकी से निगरानी की गई। परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के दौरान हेलमेट न पहनने वाले और लाइसेंस न लेने वाले वाहन चालकों पर जुर्माना भी लगाया। टीम ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि जुर्माने का भुगतान ऑनलाइन किया जा सकता है। छापेमारी के दौरान नगरबेड़ा थाने में बिना दस्तावेज वाली पल्सर बाइक जब्त कर खड़ी कर दी गई है। टीम ने कहा कि हेलमेट नहीं पहनने वाले चालकों के साथ-साथ कार दस्तावेज और ड्राइविंग लाइसेंस नहीं रखने वाले चालकों के खिलाफ इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# जेसीबी और बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत

**धुबड़ी (हिंस)।** जिले के बिलासीपारा के चिलकीखाता में जेसीबी और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक बाइक सवार की पहचान मीर हुसैन के रूप में हुई है। मीर हुसैन शालकोसा के चरुवाबखारा का रहने वाला बताया गया है। बताया कि जेसीबी पड़ोसी देश भूटान की बतायी गयी है। स्थानीय लोगों ने बताया है कि भूटान से जेसीबी लाकर अवैध रूप से इलाके में मिट्टी की खुदाई की जा रही थी। दुर्घटना के बाद शालकोसा पुलिस जेसीबी को भी जब्त कर पुलिस चौकी ले गई। पुलिस ने शव को जांच पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जेसीबी का ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

# बारह करोड़ रुपए का ड्रग्स जब्त, एक गिरफ्तार

**एजल।** मिजोरम में पुलिस ने सोमवार को 12 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन जब्त की और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर आइजोल के पास तौंगतैमुअल जेमाबाक में एक ट्रक को रोका गया। वाहन से साबुन की 200 पेटियों में छिपाई गई हेरोइन बरामद की गई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि असम के हैलाकांडी जिले के रहने वाले ट्रक चालक के 16 वर्षीय सहायक को बरामदगी के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। जब्त हेरोइन, वाहन और गिरफ्तार आरोपी को आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई के लिए बावंगकान थाना को सौंप दिया गया।

NOTICE

No. AF (E)109/2022-23/2642,
This is for general information to the following candidates selected by the State Level Recruitment Commission for Class III and IV post under Fishery Department, Government of Assam, who could not attend the Directorate of Fisheries, Assam for verification of documents may attend for verification as per date and time mentioned below with relevant documents as per the advertisement published earlier vide reference no. above.

| Sl. No. | Roll No. | Name of the candidates | Home Districts | Post |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13507745 | RAHUL BAISHYA | UDALGURI | Driver |
| 2 | 16501853 | RAJU MONI NATH | LAKHIMPUR | Driver |
| 3 | 16502075 | SATYAJIT BORGOHAIN | LAKHIMPUR | Driver |
| 4 | 7500775 | KALYAN KUMAR CHUTIA | DHEMAJI | Driver |
| 5 | 13503348 | GAUTAM KALITA | KAMRUP(METRO) | Driver |
| 6 | 802266 | SUMIT SINGH | DIBRUGARH | Gd.IV |

Venue of verification- Conference Hall, Directorate of Fisheries, Assam, Guwahati.
Date and Time- 24-05-2023 from 10.30 AM onwards.

Sd/-
Director of Fisheries,
Assam, Guwahati.

*-- Janasanyog /D/3278/ 23*

**PRESS NOTICE**

The Superintending Engineer, PWD Olbrugarh Building Circle invites bid on behalf of the Governor of Assam invites bids with approximate bid price of Rs. 1,31,25,098.00 (Rupees One Crore Thirty One Lakh Twenty Five Thousand ninety Eight) only for each schools for the works "Construction of RCC-2 (two) storied Barrack for Women Constable (40 person capacity) including Dining Hall and Kitchen at AISF Bn-II complex, Chabua, in Dibrugarh District for the year 2022-23" with a validity of 180 (One Hundred Eighty) days from the date of opening of the tender from registered APWD (Bldg) Contractor/ Firm/ Pvt. Limited Co. Class-I (A, B @ C) category. The Details of the bid and Detail Notice Inviting Tender may be seen at the P.W.D. portal www,assamtenders.gov,in . The bidders must registered with the •E-Tendering system (ETS) of the Govt. of Assam. (website http// assamtenders.gov.in)/

The press notice will be a part of the bidding documents.

Note:
1. NIT value may be changed during uploading of tender in the website, which may be seen in Detailed NIT of the bid document.

Superintending Engineer, PWD
Dibrugarh Building Circle, Dibrugarh.

*-- Janasanyog /C/3217/23*

# प्रधानमंत्री मोदी 31 को आएंगे अजमेर, जनसभा को करेंगे सम्बोधित



**अजमेर, (हि.स.)।** केंद्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार के नौ साल पूरे होने पर अजमेर में 31 मई को जनसभा होगी। इसके लिए तैयारियां शुरू हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसके लिए 31 मई को अजमेर आएंगे। इसके लिए भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सांसद भागीरथ चौधरी ने बताया कि सरकार के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री मोदी सरकार के कामकाज का लेखा-जोखा जनता के सामने रखेंगे। सांसद चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर कायड़ विश्राम स्थली प्रस्तावित है, जहां जनसभा होगी। सरकार के नौ साल पूरे होने पर मोदी कई सौगातें भी दे सकते हैं।

इस दौरान लोकार्पण व शिलान्यास के कार्यक्रम भी हो सकते हैं। भाजपा के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, सांसद भागीरथ चौधरी और भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश सोनी समेत कई नेताओं ने सोमवार को कायड़ विश्राम स्थली का जायजा लिया है। प्रधानमंत्री मोदी 2019 में अजमेर आए थे। कायड़ विश्राम स्थली में मोदी की जनसभा हुई थी। इस बार भी मोदी की जनसभा कायड़ विश्राम स्थली में ही प्रस्तावित है। प्रदेश में इस वर्ष विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। इसको देखते हुए हाईकमान की पूरी नजर राजस्थान पर है। भाजपा 2024 लोकसभा चुनावों से पहले राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में वापसी करना चाहती है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अधिक से अधिक रैलियां इन राज्यों में प्रस्तावित है। प्रदेश में फिलहाल कांग्रेस की सरकार है और हर पांच वर्ष में सत्ता परिवर्तन का रुझान प्रदेश में रहा है। इसको देखते हुए भाजपा भी अपनी तैयारी में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाहती है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद भाजपा हाईकमान का पूरा जोर इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों पर हैं। राजस्थान में भाजपा हाईकमान ने इस वर्ष की शुरूआत में तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां को हटाकर चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी को नया अध्यक्ष बनाया था। इसके साथ ही राज्य और जिले की टीमों में व्यापक बदलाव की तैयारी चल रही हैं। पिछले 4 साल से हाशिये पर चल रही पूर्व सीएम वसुंधरा राजे भी इन दिनों फिर से सक्रिय हो गई है। हालांकि प्रदेश की बैठकों में उनकी अनुपस्थिति अभी भी पार्टी के लिए चिंता का सबब बना हुआ है।

# राहुल गांधी ने ट्रक से अंबाला से चंडीगढ़ तक का किया सफर



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने गत रात्रि अंबाला से चंडीगढ़ का 50 कि.मी. का सफर ट्रक से तय किया। राहुल गांधी ने ट्रक सवारी के दौरान में ड्राइवर और अन्य से बातचीत की और उनकी समस्याओं को जाना। दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी दोपहर को दिल्ली से शिमला के लिए कार से रवाना हुए थे। चंडीगढ़ आते समय राहुल गांधी ने ट्रक को अंबाला सिटी के श्री मंजी साहिब गुरुद्वारे पर रुकवाया और राहुल गांधी ने श्रीमंजी साहिब गुरुद्वारे में माथा टेका। यहां उन्होंने कुछ कांग्रेस कार्यकताओं से भी बातचीत की। उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में लंगर भी ग्रहण किया। उनके इस सफर का एक वीडियो कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'यूनिवर्सिटी के छात्रों से, खिलाड़ियों से, सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे युवाओं से, किसानों से, डिलीवरी पार्टनरों से, बस में आम नागरिकों से और अब आधी रात को ट्रक के ड्राइवर से आखिर क्यों मुलाकात कर रहे हैं राहुल गांधी ?

क्योंकि वो इस देश के लोगों की बात सुनना चाहते हैं, उनकी चुनौतियों और परेशानियों को समझना चाहते हैं। उनको ऐसा करते देख एक विश्वास सा झलकता है, कोई तो है, जो लोगों के साथ खड़ा है। कोई तो है, जो उनके बेहतर कल के लिए किसी भी तरह की कुबार्नी देने को तैयार है। कोई तो है, जो नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा है। धीरे-धीरे यह एहसास हो रहा है कि यह देश लौट जाना चाहता है मोहब्बत और अमन के रास्ते पर, धीरे से यह देश आखिर चल ही पड़ा है राहुल गांधी के साथ।'

# दो हजार रुपये के नोट बदलने के लिए किसी डॉक्यूमेंट की जरूरत नहीं : पीएनबी

**अजय कुमार**




**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक के बाद पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने भी 2000 हजार रुपये के नोट बदलने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बैंक ने मंगलवार को जारी निर्देश में कहा है कि नोट को बदलने या जमा करने के लिए किसी डॉक्यूमेंट की जरूरत नहीं है। दरअसल, देशभर में दो हजार रुपये के नोट बदलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पीएनबी ने दो हजार रुपये केनोट के आदान-प्रदान के लिए अतिरिक्त व्यक्तिगत जानकारी मांगने वाले पुराने फॉर्म के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह निर्देश जारी किए हैं। बैंक ने सभी शाखाओं को जारी निर्देश में कहा है कि दो हजार रुपये के नोट जमा करने और आदान-प्रदान में आधार कार्ड या आधिकारिक सत्यापित दस्तावेज (ओवीडी) की जरूरत नहीं है। इसके साथ ही बैंक ने कहा है कि इसके लिए किसी फॉर्म भरने की जरूरत नहीं है। इससे पहले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने भी दो हजार रुपये के नोट बदलने के लिए गाइड लाइन जारी की थी। एसबीआई के मुताबिक नोट बदलने के लिए किसी पहचान पत्र (आईडी) दिखाने की जरूरत नहीं है। इसके लिए कोई फॉर्म भी नहीं भरना होगा। एक बार में 10 नोट बदले जा सकेंगे। दरअसल रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने पिछले सप्ताह ही 2000 रुपये का नोट सकुर्लेशन से वापस लेने की घोषणा की थी। आरबीआई ने कहा था कि ग्राहक 30 सितंबर तक 2000 रुपये के करेंसी नोट को बैंकों में बदल या अपने अकाउंट में जमा करवा सकते हैं। आरबीआई के मुताबिक 30 सितंबर की डेडलाइन के बाद भी 2000 रुपये का नोट लीगल बना रहेगा।

# लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी हिंदुजा अस्पताल में भर्ती, इलाज जारी



**मुंबई, (हि.स.)।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें मुंबई के हिंदुजा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अस्पताल में डॉ. चारुलता सांखला के नेतृत्व में मनोहर जोशी का इलाज हो रहा है। जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात मनोहर जोशी की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल हिंदुजा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मंगलवार को शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और उनकी पत्नी ने अस्पताल जाकर मनोहर जोशी से मुलाकात की। मनोहर जोशी की हालत स्थिर बताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि मनोहर जोशी 1995 में महाराष्ट्र में शिवसेना-भाजपा की गठबंधन सरकार में मुख्यमंत्री बने थे। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मनोहर जोशी लोकसभा अध्यक्ष बने थे।

# तिहाड़ जेल में कैदी ने की आत्महत्या सुरक्षा व्यवस्था पर फिर उठे सवाल

**अजय त्यागी**




**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल में पिछले दिनों गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की हत्या के बाद जेल प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था चौकस की गई थी। बावजूद इसके जेल में एक कैदी द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। यह घटना उसी जेल में हुई, जहां टिल्लू ताजपुरिया की हत्या कर दी गई थी। जेल के प्रवक्ता अरविंद कुमार ने बताया कि आत्महत्या करने वाले कैदी का नाम जावेद है, जिसकी उम्र 26 साल थी। वह मालवीय नगर इलाके से लूटपाट के मामले में जेल में बंद था। सोमवार शाम करीब पांच बजे उसने जेल नंबर 8/9 की टॉयलेट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट से जांच कराने का आर्डर दिया गया है। घटना के बाद शव को दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जेल प्रशासन ने बताया कि मृतक कैदी दक्षिणपुरी का रहने वाला था और उस पर आईपीसी कीधारा 392, 397, 411 और 34 के तहत मामला दर्ज था। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की हत्या के बाद जेल की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर काफी सवाल उठे थे। जिसके बाद जेल के लगभग सौ अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला किया गया था। जेल की सुरक्षा को लेकर क्यूआरटी की तैनाती किए जाने के साथ और भी कई कदम उठाए गए थे। इन सबके बावजूद कैदी द्वारा आत्महत्या करने की घटना, जेल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था सवाल खड़ा कर रही है।

# आप नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 1 जून तक बढ़ाई

**आशीष वर्मा**



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 1 जून तक बढ़ा दी है। इसके साथ ही जेल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अध्ययन के उद्देश्य से कुर्सी और टेबल प्रदान करने के उनके अनुरोध पर विचार करें। अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली पुलिस पर मनीष सिसोदिया के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगते हुए कहा -क्या पुलिस को इस तरह मनीष जी के साथ दुर्व्यवहार करने का अधिकार है? क्या पुलिस को ऐसा करने के लिए ऊपर से कहा गया है? दिल्ली पुलिस ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी के समय मनीष सिसोदिया के साथ पुलिस दुर्व्यवहार की बात दुष्प्रचार है। वीडियो में प्रचारित पुलिस की प्रतिक्रिया सुरक्षा की दृष्टि से अनिवार्य थी। न्यायिक अभिरक्षा में अभियुक्त द्वारा मीडिया को वक्तव्य जारी करना विधि विरुद्ध है।

# बंगाल सरकार का सख्त निर्देश : शववाही वाहन मिलने पर ही अस्पतालों से छोड़ी जाएगी डेड बॉडी




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में बच्चों की मौत के बाद उनके मां-बाप और अन्य परिजनों की ओर से साइकिल पर अथवा कंधे या बैग आदि में शव भरकर ले जा जाने की घटनों से किरकिरी झेल चुकी पश्चिम बंगाल सरकार ने इस संबंध में कड़ी निर्देशिका जारी की है। राज्य सचिवालय की ओर से मंगलवार को सभी जिलाधिकारियों और मुख्य स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश भेजा गया है कि किसी भी सरकारी अस्पताल में मरीज की मौत होने पर जब तक बाॅडी को ले जाने के लिए शव वाही वाहन की व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक बॉडी नहीं छोड़ी जाएगी। स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम ने उक्त निर्देश दिया है। पिछले हफ्ते शुक्रवार को एक ऐसा ही मामला सामने आया था जिसमें एक बच्चे की मौत के बाद पिता बैग में शव भरकर घर लौटने के लिए मजबूर हुआ था। इसे लेकर हुई चौतरफा आलोचना के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी लगातार मंथन कर रहे थे। अस्पताल प्रबंधन को यह भी निर्देश दिया गया है कि किसी की मौत के बाद उसके परिजनों से संपर्क कर यह खोज खबर लेनी होगी कि उसके पास बॉडी ले जाने की व्यवस्था है या नहीं। अगर नहीं है तो उसे वाहन की व्यवस्था करके देनी होगी। निगम ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि आवश्यकता के समय अगर अस्पताल के पास अपनी गाड़ी ना हो तो स्थानीय नगर पालिका या पंचायत के जरिए शववाही वाहन की व्यवस्था करनी होगी। उल्लेखनीय है कि हाल में राज्य में कई ऐसे मामले सामने आए थे जहां बच्चों की मौत के बाद घर वाले उसे मोटरसाइकिल पर कंधे पर लादकर अथवा बैग में भरकर ले जाने के लिए मजबूर हुए थे। इसे लेकर ममता सरकार की खूब किरकिरी हुई थी।

# पश्चिम बंगाल के हालात यूक्रेन से भी बदतर : शुभेंदु



**कोलकाता, (हि.स.)।** बंगाल भाजपा के वरिष्ठ विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को मालदा जिले में हुए पटाखा गोदाम में ब्लास्ट को लेकर एक बार फिर पश्चिम बंगाल सरकार पर तीखा हमला बोला है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल सरकार पर सवाल खड़ा करते हुए उन्होंने कहा कि यहां राज्य प्रशासन के संरक्षण में विस्फोटकों का कारोबार हो रहा है। यहां हालात यूक्रेन से भी बदतर है। अधिकारी ने कहा कि बंगाल में जितनी भारी मात्रा में विस्फोटक मौजूद हैं उससे कम ही यूक्रेन में होंगे। यूक्रेन में तो स्थिति थोड़ी बहुत शांत हो गई है लेकिन बंगाल में रोज विस्फोट हो रहे हैं और लोग मर रहे हैं। मंगलवार को मीडिया से मुखातिब शुभेंदु ने नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए अभिषेक बनर्जी के सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई याचिका पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कानून सबके लिए बराबर है। अभिषेक ने सवाल उठाया था कि चिटफंड मामले में शुभेंदु का नाम होने के बावजूद उनसे पूछताछ क्यों नहीं हो रही। इस बारे में रुख स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि मेरा नाम तो छोड़िए इस मामले में तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे का नाम काफी पहले से है तो उनसे भी तो पूछताछ होनी चाहिए। हकीकत यह है कि कानून के मुताबिक काम हो रहा है। शुभेंदु ने यह भी दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 400 से अधिक सीटें जीतेगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में पिछले आठ दिनों के अंदर तीन पटाखा कारखाने और एक तृणमूल नेता के घर ब्लास्ट हो चुके हैं जिनमें 17 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके साथ ही पुलिस के छापेमारी अभियान में 77 हजार किलो प्रतिबंधित विस्फोटक बरामद किए गए हैं।

# दिल्ली के पुठ खुर्द इलाके के प्लास्टिक वेस्ट गोदाम में लगी आग



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बढ़ती गर्मी के साथ-साथ आग लगने की घटनाएं भी लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला दिल्ली के पुठ खुर्द इलाके का है। जहां प्लास्टिक वेस्ट के गोदाम में सोमवार देर रात भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने गोदाम में रखे सामान को चपेट में ले लिया। घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। दमकल विभाग के अनुसार, बीती देर रात करीब रात 10 बजे आग लगने की सूचना मिली। जिस पर दमकल विभाग ने एक-एक कर करीब आठ गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए भेजा। करीब रात एक बजे आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। आग लगने के समय गोदाम के अंदर कोई मौजूद नहीं था, जिसकी वजह से किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा लेकिन गोदाम के अंदर रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

# 'सिविल सेवा परीक्षा' के परीणाम घोषित

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** संघ लोक सेवा आयोग ने मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा 2022 के नतीजे घोषित कर दिये हैं। इस बार कुल 933 उम्मीदवारों का चयन हुआ है, जिनमें 613 पुरुष और 320 महिलाएं हैं। इनके अतिरिक्त 41 दिव्यांगों का चयन किया गया है। आयोग की ओर से जारी परीक्षा परिणाम के अनुसार शीर्ष चार उम्मीदवार महिलाएं हैं। वहीं शीर्ष 25 में 14 महिलाएं और 11 पुरुष हैं। पिछले साल जून में सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा का आयोजन किया गया था, जिसमें 11 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। करीब 5.73 लाख उम्मीदवार परीक्षा में बैठे थे। इनमें से 13,090 लिखित (मुख्य) परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे। इनमें से 2,529 परीक्षार्तियों का साक्षात्कार के लिये चयन किया गया था। इशिता किशोर ने सिविल सेवा परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने वैकल्पिक विषय के रूप में राजनीति विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय संबंध के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से अर्थशास्त्र (ऑनर्स) में स्नातक किया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज से वाणिज्य में स्नातक गरिमा लोहिया ने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में वाणिज्य और लेखा के साथ दूसरी स्थान हासिल किया।

# कांगड़ा के विकास के लिए किया जा चुका है तीन हजार करोड़ का प्रावधान : मुख्यमंत्री सुक्खू



**धर्मशाला, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार एक सप्ताह से भी अधिक समय के लिए कांगड़ा प्रवास पर पंहुचे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि कांगड़ा उनका घर है और घर में कभी प्रवास नहीं होता। उन्होंने कहा कि कांगड़ा को कैसे विकास की पटरी पर आगे ले जाया जाए इस दिशा में काम करने के लिए वह कांगड़ा आए हैं। अगले दो दिन तक यहां तमाम विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करके ये रिव्यू करने का प्रयास किया जाएगा कि कैसे कांगड़ा को पर्यटन की लिहाज से विकसित किया जाये। उन्होंने कहा कि कांगड़ा में ऑल ओवर विकास कैसे हो इसके लिये वो बाकायदा तीन हजार करोड़ रुपये का भी प्रावधान कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने यह बात मंगलवार को कांगड़ा दौरे पर गग्गल एयरपोर्ट में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कही। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कांगड़ा में शीतकालीन प्रवास की बजाय गर्मियों में प्रवास को व्यवस्था परिवर्तन का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि यही व्यवस्था परिवर्तन है लेकिन प्रवास कुछ नहीं होता। जनता की दिल से सेवा करना ही सबसे बड़ा प्रवास है। चाहे वो शीतकालीन में हो या ग्रीष्मकालीन। उन्होंने कहा कि वह कई मर्तबा इस बात को दोहरा चुके हैं कि वह सत्ता सुख भोगने के लिये नहीं बल्कि जनता की सेवा के लिये आये हैं। उन्होंने कहा कि वो जनता की कसौटी पर खरा उतरने की पूरी-पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि वह पहले ही कह चुके हैं कि प्रदेश की जनता कर्ज के बोझ तले दबी हुई है बावजूद इसके महज चार साल के अंतराल में ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था पटरी पर आयेगी और दस साल में हिमाचल देश का सबसे समृद्ध और अमीर राज्य बनेगा। वहीं उन्होंने धर्मशाला को प्रदेश की दूसरी राजधानी के दर्जे पर कहा कि वो सिर्फ कांगड़ा को पर्यटन राजधानी के तौर पर विकसित करना चाहते हैं और उसी दिशा में काम भी कर रहे हैं। लोकसभा के चुनावों पर उन्होंने कहा कि अभी लोकसभा के चुनाव साल 2024 में हैं मगर अभी उन्हें जनता की सेवा करनी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू कांगड़ा दौरे के चलते मंगलवार को जिला मुख्यालय धर्मशाला पंहुचे। धर्मशाला पंहुचते ही मुख्यमंत्री ने कांगड़ा के विकास को लेकर अधिकारियों व विधायकों सहित माथापच्ची शुरू कर दी। मुख्यमंत्री ने खासकर कांगड़ा जिला को पर्यटन राजधानी बनाने की कवायद को लेकर पार्टी विधायकों सहित जिला अधिकारियों के साथ मंत्रणा की। मुख्यमंत्री ने साफ किया है कि कांगड़ा जिला को पयर्टन की दृष्टि से विकसित करने के लिए कई बड़ी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाएगा ताकि यहां पर्यटकों की संख्या में और भी इजाफा हो सके। यहां आने वाले पर्यटकों को हर तरह की सुविधा मिले इसके लिए सरकार धरातल पर काम करेगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री का मंगलवार से कांगड़ा जिला का नौ दिवसीय दौरा शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का मंगलवार को कांगड़ा दौरे पर पंहुचने पर जोरदार स्वागत किया गया। कांगड़ा के गग्गल एयरपोर्ट और बाद में धर्मशाला पंहुचने पर कांग्रेस पाटी नेताओं सहित अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया।

# 'युवराज' कहे जाने से भड़के मुख्यमंत्री शिवराज के पुत्र कार्तिकेय, कांग्रेस पर किया पलटवार



**भोपाल, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश में इन दिनों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सुपुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान और कांग्रेस के बीच ट्वीट वार छिड़ा हुआ है। मप्र कांग्रेस द्वारा दो दिन पहले ट्विटर पर की गई एक पोस्ट में कार्तिकेय को 'युवराज' की संज्ञा दी गई थी। इस पर कार्तिकेय ने पलटवार करते हुए कांग्रेस को उनके परिवार पर हमला करने के बजाय मुद्दों पर राजनीति करने की सलाह दी है। कार्तिकेय सिंह चौहान ने मंगलवार को मप्र कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से की गई एक पोस्ट को रिट्वीट किया है और उसके जवाब में कहा है कि 'युवराज शब्द आप लोगों के लिए नया नहीं है। आपकी पार्टी में कई युवराज हैं, शहजादे हैं। आपको तो कई बार युवराज-युवराज बोलना पड़ता होगा, इसलिए आदतन यहाँ भी लिख दिया। खैर ये छोड़िए, भाजपा की वजह से आपकी पार्टी महिलाओं का सम्मान करना सीखने की कोशिश करने लगी। हालाँकि, वो आपसे होगा नहीं आपके डीएनए में नहीं है। वैसे सुना है कि बड़े भाई नकुल नाथ जी जब अमेरिका में थे तो देश में सिख नरसंहार हो रहा था? मेरा समय बर्बाद करने के बजाय चुनाव लड़ने का प्रयास कीजिए। वैसे लगता नहीं, फिर भी उम्मीद करता हूँ कि आप राजनीति के लिए मुद्दे खोजेंगे, परिवार नहीं। दरअसल, कार्तिकेय सिंह और मप्र कांग्रेस के बीच यह ट्वीट वार तीन दिन पहले तब शुरू हुआ, जब मप्र कांग्रेस के ट्विटर हैंडल पर मुख्यमंत्री के वीडियो वाले पोस्ट को रीट्वीट किया गया। इस वीडियो में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की धर्मपत्नी साधना सिंह कुछ महिलाओं के साथ रसोई में बैठकर सिल-बट्टे पर मसाले पीसते हुए नजर आ रही थीं और वहीं चूल्हे से धुआं भी उठ रहा था। उनके पास ही मुख्यमंत्री शिवराज भी बैठे थे। इस रीट्वीट के साथ कांग्रेस ने तंज कसते हुए लिखा था कि 'आदरणीय मामी जी, अब आपकी चूल्हा फूंकने की तकलीफ जल्द ही खत्म होने वाली है, क्योंकि कमल नाथ के मुख्यमंत्री बनते ही आपको भी 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा।' इस ट्वीट का मुख्यमंत्री शिवराज के पुत्र कार्तिकेय सिंह ने जवाब देते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा था। उन्होंने ट्वीट किया था कि मेरी माँ 32 साल से पिताजी के पीछे उनकी ताकत बनकर खड़ी रही, सुख और दुःख में उनका संबल बनीं, लेकिन कांग्रेस रिश्तों की पवित्रता, प्रेम, को नहीं समझती, वो हर बात में राजनीति देखती है। आखिर करें भी क्यों ना, चरित्र शब्द की समझ कांग्रेस के नेताओं को कम है। जनता की सेवा पिताजी के लिए पहला कर्तव्य है। परिवार के लिए उन्हें समय कम ही मिलता है, और ऐसे कुछ पल वो कभी-कभी साझा करते हैं, लेकिन कितनी गिरी है कांग्रेसी सोच कि राजनैतिक फायदे के लिए उसे भी निशाना बना रही है। बजरंग बली मेरे माता-पिता के इन खूबसूरत पलों को बुरी नजर से बचाएं। इसके बाद कांग्रेस ने ट्वीट किया कि हे! युवराज, माता-पिता के प्रति आदर हम सबके मन में है, लेकिन आपको उन बहन-बेटियों को दर्द क्यों नहीं दिखता जिनके घर में आपके पिता की दी हुई महंगाई ने कोहराम मचा रखा है। जब आप अमेरिका में पढ़ाई कर रहे थे तब आपके पिता जी की सरकार मंदसौर में किसानों के बच्चों को गोलियों से भून रही थी। आपको उन युवाओं का दर्द क्यों नहीं दिखता जो आपके पिता जी की सरकार में भर्ती के इंतजार में ओवरऐज होकर घर बैठ गये। आपको आपके पिताजी के शासनकाल में हुये व्यापम, ईटेंडर, कारम डैम, पोषण आहार, पुलिस भर्ती, पेसा समन्वयक भर्ती जैसे हजारों घोटालों पर अफसोस क्यों नहीं होता। आपके पिताजी लोकतंत्र की हत्या कर कुर्सी पर बैठे हैं। आपको कभी इस बात पर अफसोस क्यों नहीं होता? आपके पिताजी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश लगातार बलात्कार में पूरे देश में नंबर वन आता रहा है, आपको अफसोस कब होगा? आदिवासियों पर अत्याचार में मध्यप्रदेश पूरे देश हमें नंबर वन है, ये आपको भी दिखता होगा? इसलिए अमेरिका रिटर्न युवराज से प्रार्थना है कि आप भी नारी सम्मान योजना का जमकर प्रचार प्रसार करें और अधिक से अधिक महिलाओं को इस योजना से जोड़कर उन्हें लाभ दिलाएं व अपने पिताजी के जंगलराज से मध्यप्रदेश को मुक्ति दिलाने के लिये प्रभु हनुमान की नियमित उपासना करें। कार्तिकेय ने मंगलवार को इसी ट्वीट का जवाब देते हुए कांग्रेस पर पलटवार किया है।

# सत्ता मिलने पर दलित-मुस्लिम को दरकिनार करना कांग्रेस की पुरानी आदत : मायावती

**-कर्नाटक चुनाव में मिली करारी हार को लेकर मायावती ने की समीक्षा बैठक**




**लखनऊ, (हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने मंगलवार को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान पदाधिकारियों और कार्यकताओं को अपनी कमियों पर ध्यान आकर्षित करते हुए उन्हें कैडर के आधार पर पार्टी के जनाधार को बढ़ाने की हिदायत दी है। वहीं उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि सत्ता मिलने पर दलित-मुस्लिम को दरकिनार करना इनकी पुरानी आदत है। बसपा प्रमुख ने समीक्षा बैठक में खासकर पार्टी का रिजल्ट खराब आने को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों व जिम्मेदारों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हर राज्य में पार्टी की तैयारी इस प्रकार से होनी चाहिए कि चुनाव में हवा चाहे किसी भी पार्टी के पक्ष-विपक्ष में हो, बसपा की स्थिति अच्छी रहनी चाहिए। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी के लोगों में इस बात की जागरूकता होना बहुत जरूरी है कि बसपा सरकार होगी तो बाबा साहेब के मानवतावादी कारवां को आगे बढ़ाकर वंचित समाज के करोड़ों लोगों को अपना उद्धार स्वयं करने योग्य बनाया जा सकता है। मायावती ने कहा कि सरकारों की गलत नीतियों व उनके जनविरोधी कार्यकलापों के कारण देश में खासकर बढ़ती हुई महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी का अभिशाप, जी तोड़ मेहनत करने वालों को कम मेहनताना, नए-नए सरकारी नियम, कायदों व करों का बढ़ता जंजाल आदि के कारण जनता का त्रस्त होता दिन प्रतिदिन का जीवन अब सत्ताधारी पार्टियों को महंगा पड़ने लगा है। बसपा प्रमुख ने आगे कहा कि दलित एवं मुस्लिम समाज को सत्ता में अपनी उचित भागीदारी और राजनीतिक भविष्य को लेकर अब काफी सजग व सतर्क रहना चाहिए। कर्नाटक में इन वर्गों के लोगों ने एक जुट होकर कांग्रेस को वोट देकर जिताया हैं लेकिन सरकार बनते समय हमेशा की तरह इनकी उपेक्षा की गई है। इनकी दावेदारी की अनदेखी करते हुए इन्हें न तो मुख्यमंत्री बनाया गया और न ही उपमुख्यमंत्री। इससे यही सबक मिलता है कि कांग्रेस को कर्नाटक में भी दलित एवं मुस्लिम समाज के लोग केवल उनके अपने बुरे दिनों में ही याद आते हैं। सत्ता मिलते ही इन्हें दरकिनार कर दिया जाता है। कर्नाटक के लोगों को ही नहीं बल्कि देश भर में इन वर्गों के लोगों को इस कड़वी सच्चाई को समझकर आगे की तैयारी करने की जरूरत है।

# दिव्य, भव्य आयोजन से यूपी की बने अनुपम छवि : योगी आदित्यनाथ

**- मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की तैयारियों पर की चर्चा**
**- 25 मई से तीन जून तक यूपी के चार प्रमुख शहरों में होगा आयोजन**



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश में पहली बार होने जा रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के संदर्भ में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तैयारियों की समीक्षा की। शासन के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान उन्होंने लखनऊ, गोरखपुर, गौतमबुद्ध नगर व वाराणसी में होने वाले आयोजन पर वृहद चर्चा की। खेलो इंडिया गेम्स का आयोजन 25 मई से तीन जून तक होगा। कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह से जुड़ी झांकी भी मुख्यमंत्री को दी गई। शुभारंभ 25 मई को लखनऊ व समापन तीन जून को वाराणसी में होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आयोजित बैठक में कहा कि उत्तर प्रदेश तीसरे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी कर रहा है।

यह आयोजन दिव्य-भव्य हो, जिससे मेहमान खिलाड़ियों-आगंतुकों व प्रशिक्षकों के समक्ष खेलों में भी यूपी की अनुपम छवि हो। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वालों बच्चों के रहने-खाने, सुरक्षा की विशेष व्यवस्था हो। आयोजन स्थल पर पहुंचने के लिए संसाधन की समुचित व्यवस्था की जाए। बाहर से आने वाले खिलाड़ी यदि कहीं घूमने बाहर जाना चाहें तो उनकी सुरक्षा की समुचित व्यवस्था हो। बैठक में प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव (खेल) नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री व गृह) संजय प्रसाद, मंडलायुक्त रोशन जैकब, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार समेत प्रशासन-पुलिस व खेल विभाग से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

**हले चरण में हर मंडल में एक-एक कन्वेशन सेंटर तैयार कराएं महापौर : योगी आदित्यनाथ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंगलवार को उनके सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग पर प्रदेश के सात नगर निगमों आगरा, झांसी, अलीगढ़, मथुरा, मेरठ, गाजियाबाद और शाहजहांपुर के नवनिर्वाचित महापौरों ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने उन्हें जीत की शुभकामनाएं दीं और उनके नगरों के विकास कराने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी महापौरों को जीत की शुभकामनाएं दीं। सभी जनप्रतिनिधियों से कई विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की तर्ज पर नगर निगमों को भी आत्मनिर्भर बनाएं। इस पर कार्य होना चाहिए। कूड़ा प्रबंधन, अंडरग्राउंड कैबलिंग, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट जैसे मुद्दे पर काम करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए हमें कार्य करना होगा। योगी ने जिलों में अवैध पार्किंग स्टैंड हटा कर उनकी वैकल्पिक व्यवस्था करने पर जोर दिया। महापौर को नगर निगम की आय बढ़ाने से लेकर क्षेत्रीय समस्याओं के निस्तारण के लिए खुद सक्रिय रहना होगा। जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतने की कोशिश प्रत्येक जनप्रतिनिधि को करना चाहिए। सभी विकास कार्य मानक के अनुरूप हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि महापौर पहले चरण में हर मंडल में एक-एक कन्वेशन सेंटर तैयार कराएं।

# आईटीआई के निरीक्षण में प्रशिक्षुओं से मंत्री कपिलदेव ने की वार्ता



**लखनऊ, (हि.स.)।** लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में आईटीआई का औचक निरीक्षण करने मंगलवार को पहुंचें व्यवसायिक शिक्षा व कौशल विकास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल ने प्रशिक्षुओं से वार्ता की। प्रशिक्षुओं से प्रशिक्षण के संबंध में प्रश्न कर कपिलदेव ने विभिन्न विषयों की जानकारियां ली। आईटीआई में ऊपर के दो अधिकरियों ट्रेनिंग अधिकारी एवं प्रधानाचार्य के समय से न पहुंचने पर मंत्री कपिलदेव नाराज हुए और उन्होंने समय का ध्यान रखने की हिदायत भी दी। समय से आने वाले कर्मचारियों की जानकारी करने के लिए उन्होंने उपस्थिति पुस्तिका मांगी और उसका अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कुछ कर्मचारियों के विलम्ब से आने को पाते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिये। आईटीआई में मशीनों को देखते हुए कपिलदेव ने साफ सफाई का ध्यान रखने की ओर इशारा किया। प्रधानाचार्य को स्वच्छता के लिए विशेष अभियान चलाने के लिए भी कहा। आईटीआई को बेहतर बनाने के लिए और भी कार्यों को करने की आवश्कता जताते हुए उन्होंने बहुपयोगी कार्यों को करने के लिए निर्देशित किया। मंत्री कपिलदेव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का उद्देश्य आईटीआई को और भी बेहतर बनाना है। इसके लिए लखनऊ आईटीआई के अधिकारियों से वार्ता हुई है। इसमें आने वाले दिनों में कुछ और भी बेहतर करने का प्रयास है। रोजगार को लेकर हमारा प्रयास निरंतर जारी है। रोजगार मेले लग रहे हैं और इससे अभ्यर्थी लाभांवित भी हुए हैं।

# ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी से जुड़े सात मामलों की सुनवाई अब एक साथ होगी



**वाराणसी, (हि.स.)।** ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी से जुड़े सात मामलों की सुनवाई अब एक साथ होगी। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने सोमवार शाम ज्ञानवापी प्रकरण में सात मुकदमे जो कि एक ही प्रकृति हैं, को समेकित करने का आदेश दिया। इस मामले में अगली सुनवाई सात जुलाई को होगी। आदेश में कहा गया है कि जिन अदालतों में मामले लंबित हैं, उन्हें जिला जज की अदालत में स्थानांतरित किया जाता है। इनके स्थानांतरित होकर जिला जज की अदालत में आने के बाद इस बिंदु का निर्धारण किया जाएगा कि सभी वादों का एक साथ सुना जाना उचित है या नहीं। उल्लेखनीय है कि ज्ञानवापी से जुड़े श्रृंगार गौरी की वादी महिलाओं लक्ष्मी देवी, रेखा पाठक, सीता साहू व मंजू व्यास ने जिला जज की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर सात मामलों की सुनवाई एक साथ, एक ही अदालत में करने की मांग की थी। जिला जज की अदालत में मुकदमों के स्थानांतरण आवेदन स्वीकार होने पर वादी महिला लक्ष्मी देवी और उनके अधिवक्ताओं सुधीर त्रिपाठी, सुभाषनंदन चतुर्वेदी, दीपक सिंह ने मीडिया से खुशी जाहिर की। अधिवक्ताओं ने मंगलवार को कहा कि सभी मामलों में अलग-अलग तारीखों पर नहीं आना पड़ेगा। एक ही तारीख पर सभी मामलों की सुनवाई एक ही अदालत में हो सकेगी। इससे न्याय भी जल्द मिलेगा। जिन सात मामलों को स्थानांतरित कर एक साथ सुनवाई किए जाने का अनुरोध जिला जज की अदालत ने स्वीकार किया हैं। उनमें पहला मामला अविमुक्तेश्वरानंद, दूसरा मां श्रृंगार गौरी व अन्य, तीसरा आदि विश्वेश्वर व अन्य, चौथा आदि विश्वेश्वर आदि, पांचवां मां गंगा व अन्य, छठा सत्यम त्रिपाठी व अन्य और सातवां नंदी जी महाराज की तरफ से दाखिल वाद हैं। यह सभी वाद एक ही प्रकृति के बताए गए हैं। इनमें आराजी नंबर 9130 के स्वामित्व की मांग और ज्ञानवापी परिसर स्थित श्रृंगार गौरी, आदि विश्वेश्वर व अन्य देवी देवताओं के राग भोग, दर्शन पूजन आदि की मांग नाबालिग देवता मानते हुए की गई है।

# केन्द्रीय कार्यशाला के मुख्य द्वार पर नगर निगम के चालकों ने दिया धरना



**लखनऊ, (हि.स.)।** गोमती नगर थाना क्षेत्र में डीजल चोरी मामले में नगर निगम चालक की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए मंगलवार को केन्द्रीय कार्यशाला के मुख्य द्वार पर नगर निगम के चालकों ने धरना किया। नगर निगम के चालकों के धरना की जानकारी होने पर अपर नगर आयुक्त पंकज सिंह मौके पर पहुंचे और उन्होंने चालकों को आश्वस्त करते हुए धरना समाप्त कराया। नगर निगम के चालकों के धरने में शामिल रहे व्यवसायिक ड्राइवर कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने कहा कि मैं स्वयं नगर निगम का चालक हूं और यहां एक निर्दोष चालक को छुड़ाने के लिए धरना दे रहा हूं। गोमती नगर पुलिस ने गलत रवैये को अपनाते हुए नगर निगम के चालक अजहर हुसैन को गिरफ्तार किया, जो मौके से मोटरसाइकिल से जा रहा था। उसे उठाकर बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि गोमती नगर थाने की पुलिस ने दो लोगों को डीजल चोरी में गिरफ्तार किया। इसमें जुगुल किशोर जो एक प्राइवेट चालक है। उसके प्राइवेट वाहन से 455 लीटर डीजल पकड़ी गयी है। इस दौरान उधर से मोटरसाइकिल से गुजर रहे अजहर को पुलिसकर्मियों ने रोककर पूछताछ की और गिरफ्तार कर लिया। अपर नगर आयुक्त ने निगम चालक को छुड़वाने का आश्वासन दिया है। बीते दिनों नगर निगम के कुछ चालकों द्वारा डीजल चोरी करने की शिकायत नगर निगम के अधिकारियों को मिली थी। इसके बाद अधिकारियों के निर्देश पर एलआईयू की एक टीम लगायी गया। उसकी रिपोर्ट पर ही गोमती नगर थाने की पुलिस ने घेरेबंदी कर डीजल चोरी में दो लोगों जुगुल किशोर और अजहर हुसैन को गिरफ्तार किया।

# मैट्रिक और इंटर साइंस का रिजल्ट घोषित

**मैट्रिक साइंस में 95.38 और इंटर में 81.45 फीसदी छात्र सफल**
**श्रेया सोनगिरी मैट्रिक और दिव्या कुमारी इंटर की टॉपर बनीं**



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मंगलवार को मैट्रिक और इंटर साइंस का रिजल्ट जारी कर दिया है। मैट्रिक की परीक्षा में 95.38 फीसदी और इंटर साइंस की परीक्षा में 81.45 प्रतिशत बच्चों ने सफलता हासिल की है। स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने रिजल्ट जारी किया। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा के निदेशक सुनील कुमार जैक के अध्यक्ष डॉ एके महतो, जैक उपाध्यक्ष डॉ विनोद सिंह और जैक के सचिव एमके सिंह भी मौजूद थे। जैक 10वीं बोर्ड परीक्षा में 68.32 फीसदी छात्रों ने फर्स्ट डिवीजन से पास किया है जबकि 39.25 फीसदी छात्र सेकेंड डिवीजन से और 2.72 फीसदी थर्ड डिवीजन से पास हुए हैं। इंटर साइंस की बोर्ड परीक्षा में 90.60 फीसदी स्टूडेंट्स ने फर्स्ट डिवीजन हासिल किया है जबकि 7.63 फीसदी छात्र सेकेंड डिवीजन से और 0.02 फीसदी छात्र थर्ड डिवीजन से पास हुए हैं। मैट्रिक में प्रथम स्थान पर श्रेया सोनगिरी, (जमशेदपुर), दूसरे स्थान पर सौरभ कुमार पॉल (दुमका), तीसरे स्थान पर दीक्षा भारती (हजारीबाग), चौथे स्थान दीप मित्रा (बोकारो )और पांचवें स्थान पर मनीष सिंह पांचवें स्थान पर रहे। इंटर साइंस की प्रथम स्थान पर दिव्या कुमारी (रामगढ़), दूसरे स्थान पर खुशी कुमारी (रांची), तीसरे स्थान पर प्रियंका घोष (रांची), चौथे स्थान पर पवन कुमार राणा (हजारीबाग) और बेगी कुमारी रहे। इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में चार लाख 33 हजार 718 छात्रों का नामांकन हुआ था। इसमें चार लाख 27 हजार 459 छात्रों ने परीक्षा दी। चार लाख से ज्यादा छात्र मैट्रिक में पास हुए। इनके पास होने का प्रतिशत 95.38 है। इंटर साइंस में 60 हजार 134 छात्र पास हुए। इनके पास होने का प्रतिशत 81.45 है। कुल 75 हजार छात्रों ने इंटर साइंस का परीक्षा दी थी। मैट्रिक के लिए एक हजार 241 केंद्र बनाए गए थे और इंटर के लिए 460 केंद्र बनाए गए थे। सभी केंद्रों पर कदाचार मुक्त परीक्षा कराया गया। 14 मार्च से पांच अप्रैल तक परीक्षा आयोजित किया गया। 24 अप्रैल से मूल्यांकन जारी हुआ और 23 मई को परिणाम घोषित किया गया। छात्र अपना रिजल्ट जैक की ऑफिशियल वेबसाइ MXjacresults.com या jac.jharkhand.gov.in पर देख सकते हैं।

# राष्ट्रपति दौरे के मद्देनजर एयरपोर्ट से राजभवन तक मॉक ड्रिल



**रांची, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर बुधवार को रांची पहुंचेंगी। वे यहां 26 मई तक रहेंगी। उनके रांची आगमन की तमाम तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन के बीच मंगलवार को मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल में एसपी ट्रैफिक, ट्रैफिक डीएसपी समेत पुलिस विभाग के वरीय पदाधिकारी मॉक ड्रिल में शामिल हुए। इस दौरान एयरपोर्ट से राजभवन के बीच ट्रैफिक को रोक कर रखा गया। सेना के 10 बुलेट बाइक की टीम भी मॉक ड्रिल में शामिल थे। राष्ट्रपति की सुरक्षा के मद्देनजर 24 मई को वैद्यनाथ मंदिर में सुबह 6 बजे से 10.30 बजे तक आम श्रद्धालुओं के पूजन व दर्शन पर रोक रहेगी। इसके बाद मंदिर से 10.10 बजे सर्किट हाउस के लिए रवाना होंगी। वहां कुछ देर रुकने के बाद 11.20 बजे देवघर एयरपोर्ट से रांची के लिए रवाना हो जाएंगी।

# पलामू में फंदे पर लटकता मिला प्रेमी युगल का शव



**पलामू, (हि.स.)।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के चराई पंचायत अंतर्गत केरकीकला में प्रेमी युगल का शव फंदे से लटकता मिला। लड़की दो दिनों से लापता थी। इस बीच मंगलवार की सुबह दोनों के शव मिले। छतरपुर के डीएसपी अजय कुमार ने इसकी पुष्टि की है। बताया गया है कि युवक की पहचान 20 वर्षीय नागेन्द्र भुइयां और लड़की की पहचान 18 वर्षीय सोनाकली कुमारी के रूप में हुई है। दोनों को रविवार की रात गांव के एक शादी समारोह में अंतिम बार देखा गया था।

देर रात दोनों शादी समारोह से गायब हो गए थे। नागेन्द्र के छोटे भाई के मुताबिक, घर पर दोनों भाइयों के अलावा कोई नहीं था। अन्य लोग शादी समारोह में गए हुए थे। मंगलवार की सुबह उठा तब घर का दरवाजा अंदर से बंद था। खुलवाने की कोशिश की तो नहीं खुला। उसने इसकी जानकारी गांव के लोगों को दी। दरवाजा खोला गया तो देखा गया कि नागेन्द्र और सोनाकली का शव छह की कुंडी से एक ही फंदे पर लटका हुआ था। आनन-फानन में शवों को नीचे उतारा गया। मुखिया की सूचना पर छतरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में भेज दिया।

**जून में होने वाली थी युवती की शादी -** युवती सोनाकली के पिता सरयू भुइयां ने एमआरएमसीएच में मंगलवार की दोपहर बताया कि जून में उसकी बेटी की शादी होने वाली थी। एक जून को तिलक जाना था। तीन को मड़वा था और चार को लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के बसौरा से बारात आनी थी। शादी के कार्ड बंट गए थे। सारी तैयारी पूरी कर ली गई थी।

# लू एवं वज्रपात से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी : दीपक मिश्रा

**-जागरूकता रथ रवाना**



**नवादा , (हि. स.)।** लू एवं वज्रपात से बचाव को लेकर प्रभारी डीएम दीपक कुमार मिश्रा ने मंगलवार को हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से रवाना किया।प्रभारी डीएम ने कहा कि नवादा जिला में एक भी बारहमासी नदी नहीं है। इसके बावजूद भी औसतन 50 व्यक्ति प्रति वर्ष डूबने से मृत्यु का शिकार हो जाते हैं। साथ-साथ वज्रपात की घटना से भी मरने वालों की संख्या में नवादा जिला टॉप 10 में से 7वां नम्बर पर आता है। इसलिए लोगों को जागरूक करना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। प्रभारी डीएम ने कहा कि नवादा जिले में लू से भी काफी संख्या में लोग मरते हैं। जिसके लिए जरूरी है कि दोपहर को कम से कम घर से बाहर निकले। अगर जरूरी हो तो माथे पर टोपी या गमछा रखकर निकले ।सूती कपड़े पहने। ज्यादा से ज्यादा पानी का सेवन करें। ग्लूकोज व पानी का निरंन्तर सेवन करें ।तभी तू से बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि लू से बचाव के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार की जरूरत है। जिसके लिए जागरूकता रथ निकाला गया है ।उन्होंने कहा कि वज्रपात से भी नवादा जिले में काफी संख्या में लोग मरते हैं। जिसके लिए कई प्रशासित निर्देश जारी किए गए हैं। जिसका प्रचार गांव-गांव में करने की जरूरत है। इसलिए बचाव के उद्देश्य से ही जागरूकता रथ निकले गये।

# भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर हुई चर्चा



**किशनगंज, (हि.स.)।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक हुई। विधान पार्षद सह मुख्य सचेतक विरोधी दल डा० दिलीप कुमार जायसवाल एवं अन्य नेताओं ने पं० दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर, वंदे मातरम गीत के साथ बैठक की शुरूआत की। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशांत गोप की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूर्व विधायक सिकंदर सिंह, जिला प्रभारी मनोज सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। गौरतलब है कि नई कमेटी के गठन के पश्चात पहली कार्यसमिति बैठक का आयोजन हुआ। बैठक को लेकर नव मनोनित अधिकारियों में काफी उत्साह दिखा। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के निमित्त और पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर विधिवत चर्चा हुई। एमएलसी डा दिलीप कुमार जायसवाल ने कार्यकताओं को संगठन को मजबूत प्रदान करने के लिए मूल मंत्र दिया। जिला प्रभारी मनोज सिंह ने सभी मंडलों के प्रभारियों को मंडल कार्यसमिति की बैठक कर कार्यसमिति की सूची उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। जिलाध्यक्ष सुशांत गोप ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर कमेटी बनाना तथा शक्ति केंद्र प्रभारी एवं पन्ना प्रमुख कार्यकताओं की सूची तैयार कर जिला को जल्द समर्पित करे। जिलाध्यक्ष गोप ने बताया कि बैठक चार सत्रों में सम्पन्न हुआ। बैठक में मुख्य रूप से हरिराम अग्रवाल, जय किशन प्रसाद, सुबोध महेश्वरी, अंकित कौशिक, बिजली सिंह, लखन लाल पंडित, लखवीर कौर सहित जिला के अन्य पदाधिकारी, सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं महामंत्री, सभी मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री, सभी प्रकोष्ठों के संयोजक उपस्थित हुए।

# नालंदा में होनेवाले पंचायत उपचुनाव की डीडीसी ने की समीक्षा



**बिहारशरीफ, (हि.स)।** नालंदा में पंचायत उप चुनाव के लिए नामांकन की तारीख समाप्त हो गयी लेकिन नामांकन जोर नहीं पकड़ सका। मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच के लिए सभी सीटों पर नामांकन नहीं हो सका। इन चार पदों के लिए तो उम्मीद है कि सभी सीटों पर नामांकन हो जाए लेकिन "पंच परमेश्वर " बनने की उत्सुकता नहीं दिखी।इसके लिए डीडीसी ने होनेवाली पंचायत उपचुनाव की तैयरियों की समीक्षा आज यानि मंगलवार को की।जहां पंच के लिए सिलाव, बिहारशरीफ और इस्लामपुर प्रखंड मिलाकर सिर्फ पांच पर्चे दाखिल हुए हैं।वहीं अन्य प्रखंडों में नामांकन शून्य रहा हैं। पंच और वॉर्ड सदस्य के लिए नामांकन आये, इस्की कोशिश अधिकारी भी करते रहे वो चाहते थे कि कम से कम एक पर्चा तो दाखिल हो जाए। जिले में कुल 136 सीटों पर 25 मई को त्रि-स्तरीय पंचायत उप-चुनाव होगा। जिले में मुखिया के 4, पंचायत समिति सदस्य के 2, सरपंच के 1, वॉर्ड सदस्य के 17 और ग्राम कचहरी के पंच के 112 पद रिक्त हैं।सरमेरा के चेरो में एवं हिलसा के अकबरपुर में पंचायत समिति सदस्य पद का चुनाव होगा। बताया जाता है कि दोनों प्रखंडों में कहीं से एक भी पर्चा दाखिल नहीं हुआ है।

हरनौत के नेहूसा में सरपंच का पद खाली है लेकिन यहां भी नामांकन शून्य रहा। जिले में मुखिया पद की चार सीटें खाली हैं। इस्लामपुर के वरदाहा पंचायत में उम्मीदवार की मौत के कारण चुनाव स्थगित हो गया था। बिहारशरीफ के पचौरी, थरथरी के जैतपुर एवं चंडी के बेलछी में उप-चुनाव होगा। चंडी प्रखंड में एक भी पर्चा दाखिल नहीं हुआ। पंचों की सबसे अधिक 112 सीटें खाली हैं। इनमें नूरसराय प्रखंड में 15, थरथरी में 3, रहुई में 6, हरनौत में 10, चंडी में 3, एकंगरसराय में 3, परवलपुर में 2, सिलाव में 5, राजगीर में 3, कतरीसराय में 2, बिहारशरीफ में 30, अस्थावां में 11, सरमेरा में 8, इस्लामपुर में 5 और बेन में 2 सीटें शामिल हैं।वॉर्ड सदस्य के लिए सरमेरा प्रखण्ड के मीर नगर पंचायत में वॉर्ड-10, बेन के मैजरा पंचायत में वॉर्ड- 9, बिहारशरीफ के कोरई में वॉर्ड- 2 व छबीलापुर पंचायत में वॉर्ड 1 और 2 में उप- चुनाव होना है। नूरसराय के जगदीशपुर-तियारी में वॉर्ड-12, रहुई के पेशौर में वॉर्ड-10 एवं बरांदी में वॉर्ड-1 और सिलाव प्रखंड के गोरमा पंचायत में वॉर्ड-8 भी रिक्त है।परवलपुर में शिव नगर पंचायत के वॉर्ड- 14 में उप चुनाव होना है। एकंगर सराय के पारथु पंचायत के वॉर्ड-11, चंडी के अमरौरा पंचायत के वॉर्ड 7, राजगीर में बरनौसा पंचायत के वॉर्ड 6 और करायपरशराय के वॉर्ड 8 में उप-चुनाव होगा। इनमें नुरसराय में सिर्फ एक पर्चा दाखिल हुआ है

## संपादकीय

# प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान, भारत का अभिमान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विदेश दौरे से आए एक दृश्य ने समूचे भारत को गौरव का अवसर दे दिया। प्रधानमंत्री मोदी एफआईपीआईसी के तीसरे अधिवेशन में शामिल होने के लिए 'पापुआ न्यू गिनी' पहुँचे थे। यहाँ प्रधानमंत्री मोदी का सभी शासकीय प्रोटोकॉल तोड़कर स्वागत-अभिनंदन किया गया। इस देश में सूर्यास्त के बाद शासकीय स्वागत नहीं किया जाता। परंतु जब प्रधानमंत्री मोदी यहाँ पहुँचे तब न केवल शाही स्वागत किया गया अपितु पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने तो दो कदम आगे बढ़कर प्रधानमंत्री मोदी के पैर ही छू लिए। यह अभूतपूर्व और अद्भुत घटना है, जब विश्व इतिहास में किसी राष्ट्र प्रमुख का सम्मान दूसरे देश के राष्ट्र प्रमुख ने पैर छूकर किया। इस दृश्य से जहाँ प्रत्येक भारतीय का मन गदगद है, वहीं भारत के विचार की पताका भी विश्व पटल पर थोड़ी और ऊंची हुई है। यह सम्मान केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नहीं है, अपितु उनके नेतृत्व में भारत का विचार जिस तरह प्रखर होकर विश्व के सम्मुख आ रहा है, यह उस भारतीय विचार का भी सम्मान है। उल्लेखनीय है कि भारत ने कोरोना महामारी के दौरान अपने नागरिकों को संभालने के साथ ही दुनिया के कमजोर एवं साधन सम्पन्न देशों के नागरिकों की भी सहायता की। पापुआ न्यू गिनी को भी भारत ने वैक्सीन, आवश्यक दवाएं एवं सहायता भेजी थी। उस समय भारत में ही मोदी विरोधी नेता एवं उनके समर्थक बुद्धिजीवी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस कदम पर सवाल उठा रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना की महामारी से अपने देश को बचाकर तब उन सब विरोधी नेताओं एवं बुद्धिजीवियों को गलत साबित किया था, आज पापुआ न्यू गिनी ने भी वही किया। याद हो कि कोरोना के भीषण त्रासदी में जब पापुआ न्यू गिनी तकलीफ के दौर से गुजर रहा था, तब उसके पडोसी देश चीन ने मुंह फेर लिया था लेकिन बिना किसी अपेक्षा के भारत ने उसकी सहायता की। यह बात आज पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री कैसे भूल सकते थे। वे भारत के प्रति इतना अधिक कृतज्ञ थे कि भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप अपनी सहायता करनेवाले अग्रज के प्रति चरण छूकर सम्मान व्यक्त किया। हम कह सकते हैं कि मोदी जी के पैर छूना, कृतज्ञता व्यक्त करने का एक प्रयास है। याद रखें कि लगभग डेढ़ हजार वर्ष पहले पुरुषपुर ( आज का पेशावर ) से पापुआ न्यूगिनी तक हिंदू संस्कृति का साम्राज्य था। भारत के लिए एक और गर्व का क्षण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पापुआ न्यू गिनी और फिजी ने अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है। फिजी ने अपने देश के सम्मान 'कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' और पापुआ न्यू गिनी ने 'द ग्रैंड कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू' से प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया है। बहरहाल, भारत के प्रधानमंत्री के पैर छूने की इस छोटी सी घटना ने हमारी उस प्राचीन संस्कृति के धागों को पुनः मजबूत किया है। यह घटना उन सब मोदी विरोधियों को भी करारा जवाब है, जो अकसर सवाल उठाते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय राजनेता हैं, ऐसा दावा करनेवाली सभी संस्थाएं गलत हैं। उन्हें याद रखना चाहिए कि इसी प्रवास के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन ने भी यह माना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता बहुत अधिक है। एक अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत के प्रधानमंत्री का ऑटोग्राफ माँगने की बात कहना भी इतिहास की पहली घटना है। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी अगले महीने अमेरिका जानेवाले हैं और वहाँ इस अवसर पर व्हाइट हाउस में रात्रि भोज का आयोजन है, जिसका अनुमति पत्र प्राप्त करने के लिए व्हाइट हाउस में प्रतिदिन हजारों की संख्या में फोन कॉल आ रहे हैं। राष्ट्रपति जो. बाइडन ने कहा कि उन्होंने किसी राजनेता के प्रति ऐसा आकर्षण पहले कभी नहीं देखा। ऐसी लोकप्रियता तो केवल फिल्मी सितारों के लिए दिखायी देती है। प्रधानमंत्री मोदी के कारण विदेश में रहनेवाले भारतीय समाज का सम्मान एवं आत्मविश्वास भी कितना अधिक बढ़ गया है, इसकी अनुभूति समय-समय पर होती रहती है। अपने भारतीय होने की गौरव की अनुभूति से भरा प्रवासी भारतीय समाज प्रधानमंत्री मोदी के अमेरिकी दौरे के दौरान 18 जून को पूरे अमेरिका के 20 प्रमुख शहरों में 'भारत एकता दिवस' मार्च के साथ उनका स्वागत करने की योजना बना रहे हैं। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत ही नहीं दुनिया के सबसे सम्मानित और लोकप्रिय राजनेता हैं। उनके कारण और उनके प्रयासों से आज विश्व पटल पर भारत भी सम्मान पा रहा है।

भारत में ही मोदी विरोधी नेता एवं उनके समर्थक बुद्धिजीवी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस कदम पर सवाल उठा रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना की महामारी से अपने देश को बचाकर तब उन सब विरोधी नेताओं एवं बुद्धिजीवियों को गलत साबित किया था, आज पापुआ न्यू गिनी ने भी वही किया। याद हो कि कोरोना के भीषण त्रासदी में जब पापुआ न्यू गिनी तकलीफ के दौर से गुजर रहा था, तब उसके पडोसी देश चीन ने मुंह फेर लिया था लेकिन बिना किसी अपेक्षा के भारत ने उसकी सहायता की। यह बात आज पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री कैसे भूल सकते थे। वे भारत के प्रति इतना अधिक कृतज्ञ थे कि भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप अपनी सहायता करनेवाले अग्रज के प्रति चरण छूकर सम्मान व्यक्त किया।

## नीति निर्माताओं से अपेक्षा है कि वे सभ्य समाज के निर्माण की ओर आगे बढ़ें

# 'गिग' अर्थव्यवस्था की त्रासदी

**डा. अश्विनी महाजन**




हाल ही में 'बलिंकिट' नाम की एक ई-कॉमर्स कंपनी के डिलीवरी कामगारों ने एक दिन की हड़ताल की थी जिसको मीडिया ने भी खासा महत्त्व दिया था। मामला यह था कि 'बलिंकिट' नाम की कंपनी जो उपभोक्ताओं को उनकी किराना आवश्यकताओं की आपूर्ति 10 मिनट से आधे घंटे के बीच में करने का दावा करती है, ने अपने डिलीवरी एजेंटों का मेहनताना घटाकर आधा कर दिया था। गौरतलब है कि इस बदलाव से पहले कंपनी प्रत्येक डिलीवरी पर डिलीवरी एजेंट को 25 रुपए दिया करती थी। आज से लगभग एक साल पहले तक डिलीवरी एजेंटों को 50 रुपए प्रति डिलीवरी दिया जाता था। डिलीवरी श्रमिकों का कहना है कि इस दौरान ईंधन की लागत में बेतहाशा वृद्धि हुई है, लेकिन उनका मेहनताना एक चौथाई रह गया है। वास्तविकता यह है कि आज बड़े शहरों में युवा किसी अच्छे रोजगार के अभाव में डिलीवरी एजेंट के रूप में काम करने के लिए बाध्य हो रहे हैं। शुरुआती दौर में ये श्रमिक भी अच्छा खासा कमा लेते थे, लेकिन मेहनताना कम होने के कारण अब उनकी आर्थिक हालत बहुत दयनीय हो गई है। वास्तविकता यह है कि वैकल्पिक रोजगार के अभाव में युवाओं के लिए डिलीवरी एजेंट के नाते काम करना उनकी मजबूरी हो गई है। उधर ऐप आधारित टैक्सी सेवा प्रदान करने वाली 'ओला' और 'ऊबर' सरीखी कंपनियों ने भी टैक्सी ड्राइवरों से अत्यंत शोषणकारी तरीके से कमीशन वसूलना शुरू कर दिया है। इसके चलते ओला और ऊबर के ड्राइवर भी कई बार हड़ताल जैसे तरीके अपना चुके हैं। लेकिन ओला और ऊबर की शोषणकारी कमीशन नीति बदस्तूर जारी है। बलिंकिट के डिलीवरी एजेंटों की हड़ताल के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला है। ओला, ऊबर के ड्राइवर हो, बलिंकिट, जोमेटो, स्वीगी इत्यादि के डिलीवरी एजेंट हो अथवा ऐप आधारित किसी अन्य सेवा प्रदाता पर पंजीकृत अन्य प्रकार के कामगार हों, जिनका रोजगार इन ऐप कंपनियों के रहमोकरम पर चलता है या जिनकी रोजी-रोटी इन ऐप से प्राप्त संदेशों के आधार पर माल की डिलीवरी अथवा सेवा के ऑर्डर पर निर्भर करती है, आज इन कंपनियों के द्वारा किए जा रहे शोषण से पीड़ित हैं। ऐसे सभी कामगार जो इस प्रकार से अस्थायी रूप से काम कर रहे हैं, उन्हें आजकल की भाषा में 'गिग वर्कर' कहा जाता है। आजकल गिग शब्द अत्यधिक प्रचलन में है। आज से दो-तीन दशक पहले तक गिग शब्द का अत्यधिक कम उपयोग होता था। गिग शब्द का अर्थ और गिग अर्थव्यवस्था और गिग वर्कर आदि शब्दों को समझना और समाज पर इसके प्रभावों को जानना जरूरी हो गया है। आज से दो-तीन दशक पहले कामगारों के दो प्रकार होते थे। एक, वेतनभोगी कर्मचारी और दूसरे, आकस्मिक श्रमिक। वेतनभोगी श्रमिक सामान्यतः स्थायी रूप से एक निश्चित वेतन और अन्य सुविधाओं के साथ नियुक्त होते हैं। इन श्रमिकों को हटाने के लिए एक निश्चित प्रक्रिया को अपनाया जाना जरूरी था। दूसरी तरफ आकस्मिक श्रमिक यानी केजुअल लेबर से अभिप्राय दिहाड़ीदार मजदूरों से होता है। इन मजदूरों को प्रत्येक दिन के हिसाब से मजदूरी मिलती है और उन्हें प्रतिदिन रोजगार की तलाश में जाना होता है। संगठित क्षेत्र में सामान्यतः श्रमिकों की नियुक्ति स्थायी आधार पर होती है और उनके रोजगार की काफी हद तक सुरक्षा भी होती है। असंगठित क्षेत्र जैसे कृषि, कंस्ट्रक्शन और कई बार मैन्युफैक्चरिंग में दिहाड़ीदार मजदूरों का चलन देखने को मिलता है। सामान्यतः शिक्षित एवं प्रशिक्षित कामगार वेतनभोगी होते हैं और दिहाड़ीदार मजदूरों में अधिकांश अशिक्षित एवं अप्रशिक्षित मजदूर होते हैं। आज के युग में इन दोनों वर्गों से इतर एक नए प्रकार के श्रमिक वर्ग 'गिग वर्कर' का निर्माण हुआ है। नई टेक्नोलॉजी के आधार पर ऑनलाईन प्लेटफार्म, क्लाउड वर्किंग, फ्रीलांस वर्कर, ई-कॉमर्स, सप्लाई चेन इत्यादि के रूप में यह नई श्रेणी उभरी है। यानी कहा जा सकता है कि नई टेक्नोलॉजी और नए बिजनेस मॉडल कहा जाता है, इस नई श्रमिक श्रेणी के जनक हैं। तेज रफ्तार की इस दुनिया में हर कोई अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है। आज की अराजक परिस्थितियों में श्रमिकों के अस्तित्व पर एक नया संकट आ गया है। तथाकथित रूप से ये श्रमिक काम तो कर रहे हैं और काम देने वाले ऐप भी सामने दिखाई देते हैं, लेकिन सरकारी परिभाषाओं में इन्हें श्रमिक यानी वर्कर ही नहीं माना जाता, बल्कि उन्हें फ्रीलांसर कहा जाता है। ये वर्कर श्रमिकों के लिए निर्धारित न्यूनतम मजदूरी, काम के घंटे, ओवर टाईम और छुट्टी जैसे न्यूनतम लाभों से भी वंचित हैं। कुछ लोग यह तर्क देने की कोशिश करते हैं कि इस गिग अर्थव्यवस्था ने रोजगार के नए अवसर निर्माण किए हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन ( आईएलओ ) के द्वारा भी ऐप्स और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के माध्यम से डिलीवरी श्रमिकों एवं ड्राइवरों इत्यादि के रूप में श्रमिकों की श्रेणी की व्याख्या की गई है। हालांकि पिछले कुछ समय से बेहतर कार्य-दशाओं और मेहनताने के लिए इन गिग वर्करों द्वारा आंदोलन भी हुए हैं, लेकिन इनकी हालत में कोई सुधार होता दिखाई नहीं देता। 2017 के 'ई एंड वाई' के अध्ययन के अनुसार दुनिया के 24 प्रतिशत गिग वर्कर भारत में हैं। भारतीय संसद द्वारा हाल ही में सामाजिक सुरक्षा के नए कोड के रूप में पारित श्रम कानून में पहली बार इन श्रमिकों को श्रम कानूनों के दायरे में लाने का प्रयास हुआ है। दुनियाभर में इस प्रकार के गिग वर्करों की सामाजिक सुरक्षा में सबसे बड़ी बाधा यह आ रही है कि इन वर्करों को चिन्हित कैसे किया जाए। अमरीका और यूरोप में इन कामगारों के लिए पूर्व निर्धारित और पारदर्शी कार्यदशाओं के संबंध में कुछ काम हुआ है। लेकिन विषय केवल इन ऐप से काम प्राप्त करने वाले श्रमिकों का ही नहीं है। आज के युग में कांट्रेक्ट लेबर, आउटसोर्स लेबर, अस्थायी लेबर, निश्चित अवधि के कर्मचारी इत्यादि सभी कमोबेश शोषण एवं प्रतिकूल कार्यदशाओं के संकट से जूझ रहे हैं। आज जरूरत इस बात की है कि एक राष्ट्रीय रोजगार नीति बने, जिसमें आज के समय में उभरती प्रौद्योगिकियों, नए बिजनेस मॉडलों और नए-नए प्रकार से श्रमिकों के शोषण के सभी रास्ते बंद हों और हर कामगार चाहे वो स्थायी हो अथवा अस्थायी या गिग वर्कर, सभी एक सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। श्रमिकों को विस्थापित करने वाली नई-नई प्रौद्योगिकियों के कारण पुराने रोजगार नष्ट हो रहे हैं और अत्यंत सीमित नए रोजगारों का सृजन हो रहा है। काम के अभाव में जीने के लिए श्रमिक सभी प्रकार के शोषणों के बावजूद काम करने के लिए मजबूर हैं। लेकिन एक सभ्य समाज में श्रमिकों की इस दुर्गति को किसी भी प्रकार से स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे सभी गिग, अस्थायी, कांट्रेक्ट वर्करों को भली-भांति परिभाषित और चिन्हित करने का काम करते हुए उनके लिए न्यूनतम मजदूरी, अधिकतम काम के घंटे और विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना होगा।

डिलीवरी श्रमिकों का कहना है कि इस दौरान ईंधन की लागत में बेतहाशा वृद्धि हुई है, लेकिन उनका मेहनताना एक चौथाई रह गया है। वास्तविकता यह है कि आज बड़े शहरों में युवा किसी अच्छे रोजगार के अभाव में डिलीवरी एजेंट के रूप में काम करने के लिए बाध्य हो रहे हैं। शुरुआती दौर में ये श्रमिक भी अच्छा खासा कमा लेते थे, लेकिन मेहनताना कम होने के कारण अब उनकी आर्थिक हालत बहुत दयनीय हो गई है। वास्तविकता यह है कि वैकल्पिक रोजगार के अभाव में युवाओं के लिए डिलीवरी एजेंट के नाते काम करना उनकी मजबूरी हो गई है।

# सियासत के दंगल से मुक्त हो कुश्ती

प्राचीन काल से भारत का सबसे लोकप्रिय खेल पारंपरिक कुश्ती रहा है। कुश्ती के सम्मान में हर वर्ष 23 मई को 'विश्व कुश्ती दिवस' मनाया जाता है। भारतीय ग्रामीण संस्कृति में मनोरंजन का साधन रही पारंपरिक कुश्ती को राजाओं ने संरक्षण प्रदान करके विकसित करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया था। बिलासपुर के नलवाड़ मेले में होने वाले कुश्ती दंगल की रियासतकाल से ही देशव्यापी ख्याति रही है। जिला का कोटधार कस्बा पारंपरिक कुश्ती के पहलवानों का गढ़ रहा है। मगर विडंबना है कि देश की शान रही पहलवानी पर गर्दिश के बादल मंडरा रहे हैं। दिल्ली के जंतर मंतर पर धरने पर बैठे देश के अंतरराष्ट्रीय पहलवानों के अश्क कुश्ती के दर्द को बयान कर रहे हैं। अखाड़ों में जोर आजमाईश करके कई कीर्तिमान स्थापित करने वाले पहलवानों का दंगल सियासत से हो रहा है। ओलंपिक खेल, विश्व चैंपियनशिप, एशियन गेम्स व कॉमनवेल्थ जैसे खेल मुकाबलों में भारत के लिए सबसे ज्यादा पदक जीतने का श्रेय कुश्ती को ही जाता है। ओलंपिक में हॉकी के बारह पदकों के बाद सर्वाधिक सात पदक हमारे पहलवानों ने ही जीते हैं। सन1920 के एंटवर्प ओलंपिक में रणधीर शिंदे व कुमार नावले नामक दो पहलवानों ने कुश्ती में पहली मर्तबा भारत का प्रतिनिधित्व किया था। आजाद भारत का पहला व्यक्तिगत ओलंपिक पदक पहलवान खशाबा जाधव ने 1952 के हेलसिंकी ओलंपिक में कुश्ती में ही जीता था। सन् 1934 में लंदन में आयोजित 'ब्रिटिश एम्पायर गेम्स' में भारत के पदार्पण में रेलवे के पहलवान राशिद अनवर ने 'कांस्य' पदक जीता था। इस प्रकार कॉमनवेल्थ खेलों का पहला पदक भी कुश्ती में ही था। सन1954 में 'मनीला' में आयोजित दूसरे एशियाई खेलों में भारत के पहलवान 'खाशीद' ने 'रजत' व सोहन सिंह ने 'कांस्य' पदक कुश्ती में जीते थे। पाकिस्तान को चार युद्धों में धूल चटाने वाली भारतीय सेना ने देश को कई अंतरराष्ट्रीय पहलवान दिए जिन्होंने वैश्विक खेल पटल पर पदक जीतकर भारतीय कुश्ती का गौरव बढ़ाया है। सन 1972 के 'म्युनिख' ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पहलवान व कुश्ती का मुमताज चेहरा मास्टर चंदगी राम पहलवानी में एक बड़ा नाम रहा है। भारतीय कुश्ती को अंतरराष्ट्रीय पटल पर विशेष पहचान दिलाने वाले चंदगी राम का संबंध सेना की 'जाट रेजिमेंट' से था। माटी के अखाड़ों से लेकर मैट पर कुश्ती में कई पदकवीर तैयार करने तथा महिला कुश्ती को निखारने में चंदगी राम का विशेष योगदान रहा था। सन् 1958 के 'कार्डिफ' राष्ट्रमंडल खेलों में कैप्टन लीलाराम ( ग्रेनेडियर्स ) ने कुश्ती में पहला 'स्वर्ण पदक' जीतकर नया इतिहास रचा था। 'पद्मश्री' लीला राम ने 1956 मेलबॉर्न व 1960 के रोम ओलंपिक में भी भाग लिया था। 'मेलबोर्न' ओलंपिक का हिस्सा रहे पहलवान सूबेदार देवी सिंह 'जाट रेजिमेंट' ने 1970 के 'एडिनबर्ग' राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक तथा सेना के ही ओलंपियन पहलवान विश्वनाथ सिंह व कैप्टन सज्जन सिंह दोनों ने रजत पदक जीते थे। 1966 के किंग्स्टन राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहलवान कैप्टन मुख्तियार सिंह ने 1968 के 'मैक्सिको' ओलंपिक में भी भाग लिया था। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला पदक 'कांस्य' भी सेना के पहलवान कैप्टन 'उदय चंद' (ग्रेनेडियर्स) ने 1961 में योकोहामा में जीता था। तीन ओलंपिक में भाग लेने वाले उदय चंद ने 1962 के जकार्ता एशियाई खेलों में 'रजत' तथा 1970 के एडिनबर्ग कॉमनवेल्थ खेलों में 'स्वर्ण' पदक जीता था। सन्-1961 में कुश्ती का प्रथम 'अर्जुन अवार्ड' भी कै. उदय चंद को ही मिला था। सेना के ओलंपियन पहलवान उदय चंद व चंदगी राम पारंपरिक कुश्ती में भी दिग्गज थे। 1970 के दशक में माटी के अखाड़े के मशहूर रुस्तम मेहरदीन व मारुति माने को चंदगी राम ने ही चुनौती पेश की थी। द्रोणाचार्य अवार्डी पहलवान कैप्टन 'चांदरूप' (ग्रेनेडियर्स) ने भारतीय कुश्ती के लिए महत्त्वपूर्ण योगदान दिया था। सेना के पहलवान कै. नेत्रपाल हुड्डा ने दो एशियन गेम्स यानी 1970 के 'बैंकॉक' में कांस्य तथा 1974 के 'क्राइस्टचर्च' में 'रजत' पदक देश के नाम किए थे। हिमाचल के अंतरराष्ट्रीय पहलवान कै. रमेश चंद (डोगरा रेजिमेंट) ग्रीको रोमन कुश्ती में एक बड़ा नाम रहा है। देश के लिए युद्धभूमि से लेकर कुश्ती में कई कीर्तिमान स्थापित करने वाले इन महान पहलवानों की खेल विरासत को वर्तमान में सेना के सूबेदार दीपक पुनिया, दीपक नेहरा व नवीन मलिक जैसे पहलवान अंतरराष्ट्रीय खेल मुकाबलों में पदक जीत कर बखूबी आगे बढ़ा रहे हैं। कई युवा पहलवान खेल कोटे के तहत सेना का हिस्सा बनकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। भावार्थ यह है कि भारतीय सेना दशकों से खिलाडियों की प्रतिभा को निखार रही है। भारत में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। खेलों के उज्ज्वल भविष्य के लिए खिलाडियों को तराश कर उन्हें सेना की तर्ज पर उचित खेल मंच प्रदान करना होगा। अंतरराष्ट्रीय पहलवानों की शौहरत व प्रदर्शन युवा वर्ग को कुश्ती की तरफ आकर्षित कर रहा है। देश की बालिकाओं के लिए महिला खिलाड़ी रोल मॉडल बन चुकी हैं। अतः महिला खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए खेल अनुशासन व सुरक्षित माहौल जरूरी है। कुश्ती की बेहतर सूरतेहाल के लिए पहलवानों व कुश्ती संघ में चल रहे सियासी दंगल का समाधान होना चाहिए। जब देश में कई अंतरराष्ट्रीय व ओलंपिक स्तर के नामचीन खिलाड़ी मौजूद हैं तो खेल संघों से सियासत रुखसत होनी चाहिए। मैदाने सियासत के माहिर खिलाड़ी देश के हुक्मरानों को समझना होगा कि अंतरराष्ट्रीय खेल पटल पर राष्ट्रीय ध्वज लहराने की कुव्वत रखने वाले पदकवीर एक दिन में तैयार नहीं होते।



युवा पहलवान खेल कोटे के तहत सेना का हिस्सा बनकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। भावार्थ यह है कि भारतीय सेना दशकों से खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखार रही है।भारत में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। खेलों के उज्ज्वल भविष्य के लिए खिलाड़ियों को तराश कर उन्हें सेना की तर्ज पर उचित खेल मंच प्रदान करना होगा। अंतरराष्ट्रीय पहलवानों की शौहरत व प्रदर्शन युवा वर्ग को कुश्ती की तरफ आकर्षित कर रहा है। देश की बालिकाओं के लिए महिला खिलाड़ी रोल मॉडल बन चुकी हैं। अत: महिला खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए खेल अनुशासन व सुरक्षित माहौल जरूरी है। कुश्ती की बेहतर सूरतेहाल के लिए पहलवानों व कुश्ती संघ में चल रहे सियासी दंगल का समाधान होना चाहिए। जब देश में कई अंतरराष्ट्रीय व ओलंपिक स्तर के नामचीन खिलाड़ी मौजूद हैं तो खेल संघों से सियासत रुखसत होनी चाहिए।

## देश दुनीया से

# समूह सात सम्मेलन का हासिल

इस तरह के सम्मेलन अपने सामूहिक उद्देश्यों को धरातल पर क्रियान्वित करने में सदा विफल रहे हैं। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण यही है कि समूह सात के सदस्य देश एकत्र तो सामूहिक संकल्पों को पूरा करने के लिए होते हैं, पर सम्मेलन में सदस्य देशों के प्रमुखों की व्यक्तिगत रुचि अपने-अपने हित साधने में ही होती है। समूह सात देशों का उनचासवां सम्मेलन जापान के हिरोशिमा शहर में संपन्न हो गया। इसके साथ ही अमेरिका, भारत, आस्ट्रेलिया और जापान के क्वाड समूह ने भी अपना सम्मेलन हिरोशिमा में ही संपन्न कर लिया। क्वाड समूह की बैठक पहले आस्ट्रलिया में प्रस्तावित थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने घरेलू ऋण संकट के कारण क्वाड बैठक में सम्मिलित होने में असमर्थता प्रकट की थी। जी-7 ने सम्मेलन में जिन संकल्पों को पूरा करने के लिए सामूहिक प्रस्ताव पारित किया, उनमें रूस द्वारा यूक्रेन पर थोपे गए अवैध युद्ध का विरोध करना, हर संभव तरीक से यूक्रेन का समर्थन करना, सार्वभौम सुरक्षा हेतु नाभिकीय शस्त्रों से मुक्त एक विश्व का अंतिम लक्ष्य प्राप्त करने के लिये निरस्त्रीकरण और परमाणु अप्रसार का प्रयास करना प्रमुख थे। इसके साथ ही आर्थिक उदारता और सुरक्षा के लिए समूह के विचारगत प्रस्ताव का समन्वय करना, समूह के सदस्य और बाहरी देशों के सहयोग द्वारा भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा अर्थव्यवस्थाओं के मध्य सहयोग को बढ़ावा देना, अनुकूल वैश्विक खाद्य सुरक्षा हेतु भागीदार देशों के साथ मिलकर कार्य योजना शुरू करना भी है। वैश्विक अवसंरचनात्मक निवेश के लिए साझीदारी से गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना के वित्तपोषण के लिए छह सौ अरब डालर एकत्र करने का लक्ष्य प्राप्त करना भी प्रमुख हैं। इस सामूहिक प्रस्ताव में एक सशक्त और अनुकूल वैश्विक आर्थिक सुधार को बढ़ावा देने, वित्तीय स्थिरता बनाए रखने और जीविकाओं तथा सतत विकास का संवर्द्धन करने के लिए साथ कार्य करने, गरीबी कम करने तथा जलवायु और प्रकृतिगत संकट का समाधान निकालने का लक्ष्य है। सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में तेजी लाने, बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को विकसित करने, अफ्रीकी देशों के साथ अपनी साझीदारी बढ़ाने तथा बहुपक्षीय मंचों पर अधिक से अधिक अफ्रीकी प्रतिनिधित्व का समर्थन करने, अपने ऊर्जा क्षेत्र के अकार्बनीकरण में तेजी लाने और नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने पर बल है। प्लास्टिक जनित प्रदूषण को समाप्त करने तथा महासागरों की रक्षा करते हुए पृथ्वी को सुरक्षित बनाने, वन, प्रकृति और जलवायु हेतु 'न्यू कंट्री पैकेजेज' के माध्यम से सहयोग को अधिक करने पर जोर दिया गया है। इतना ही नहीं, जी-7 ने दुनिया की हर प्रमुख समस्या को अपनी भावी कार्ययोजना का हिस्सा बनाया गया है। इसमें, विश्वभर में टीका निर्माण क्षमता के माध्यम से वैश्विक स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश करने, एक महामारी कोष बनाने, महामारी रोकथाम के लिए भावी अंतरराष्ट्रीय अनुबंध करने, सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुरक्षा (यूएचसी) का लक्ष्य प्राप्त करने की तैयारी करने, अंतरराष्ट्रीय प्रवासन पर सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया गया है। इसके अलावा मानव तस्करी के विरुद्ध प्रयासों को सुदृढ़ करने, समावेशी कृत्रिम मेधा (एआइ) शासन स्थापित करने, परिचित लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुसार एआइ की विश्वसनीयता के संबंध में अपने सामान्य दृष्टिकोण और लक्ष्य की प्राप्ति करने, इस संबंध में पारस्परिक परिचालन के संदर्भ में उन्नत अंतरराष्ट्रीय संवाद स्थापित करने पर जोर है। दुनिया में कहीं भी बल या शक्तिपूर्वक क्षेत्रों की स्थिति बदलने और उस पर एकपक्षीय अधिकार के प्रयास करने तथा क्षेत्र पर अधिग्रहण करने का निषध करने, सार्वभौमिक मानवाधिकारों, लैंगिक समानता और मानव गरिमा को बढ़ावा देने, शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका और अंतरराष्ट्रीय सहयोग सहित बहुपक्षवाद के महत्त्व को दोहराने, नियम आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को मजबूत करने और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के विकास के साथ तालमेल रखने जैसे संकल्प भी लिए गए हैं।

जी-7 ने सम्मेलन में जिन संकल्पों को पूरा करने के लिए सामूहिक प्रस्ताव पारित किया, उनमें रूस द्वारा यूक्रेन पर थोपे गए अवैध युद्ध का विरोध करना, हर संभव तरीक से यूक्रेन का समर्थन करना, सार्वभौम सुरक्षा हेतु नाभिकीय शस्त्रों से मुक्त एक विश्व का अंतिम लक्ष्य प्राप्त करने के लिये निरस्त्रीकरण और परमाणु अप्रसार का प्रयास करना प्रमुख थे। इसके साथ ही आर्थिक उदारता और सुरक्षा के लिए समूह के विचारगत प्रस्ताव का समन्वय करना, समूह के सदस्य और बाहरी देशों के सहयोग द्वारा भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा अर्थव्यवस्थाओं के मध्य सहयोग को बढ़ावा देना, अनुकूल वैश्विक खाद्य सुरक्षा हेतु भागीदार देशों के साथ मिलकर कार्य योजना शुरू करना भी है।

## अमृत कलश

# संतोष का अर्थ

वह व्यक्ति जो स्वस्थ, निर्भार, निर्बोझ, ताजा, युवा, कुंआरा अनुभव करता है, वही समझ पाएगा कि संतोष क्या है। अन्यथा तो तुम कभी न समझ पाओगे कि संतोष क्या होता है-यह केवल एक शब्द बना रहेगा। संतोष का अर्थ है: जो कुछ है सुंदर है; यह अनुभूति कि जो कुछ भी है श्रेष्ठतम है, इससे बेहतर संभव नहीं। एक गहन स्वीकार की अनुभूति है संतोष; संपूर्ण अस्तित्व जैसा है उस के प्रति 'हां' कहने की अनुभूति है संतोष। साधारणतया मन कहता है, 'कुछ भी ठीक नहीं है।' साधारणतया मन खोजता ही रहता है शिकायतें- 'यह गलत है, वह गलत है।' साधारणतया मन इनकार करता है: वह 'न' कहने वाला होता है, वह 'नहीं' सरलता से कह देता है। मन के लिए 'हां' कहना बड़ा कठिन है, क्योंकि जब तुम 'हां' कहते हो, तो मन ठहर जाता है; तब मन की कोई जरुरत नहीं होती। क्या तुमने ध्यान दिया है इस बात पर? जब तुम 'नहीं' कहते हो, तो मन आगे और आगे सोच सकता है; क्योंकि 'नहीं' पर अंत नहीं होता। नहीं के आगे कोई पूर्ण-विराम नहीं है; वह तो एक शुरुआत है। 'नहीं' एक शुरुआत है; 'हां' अंत है। जब तुम 'हां' कहते हो, तो एक पूर्ण विराम आ जाता है; अब मन के पास सोचने के लिए कुछ नहीं रहता, बड़बड़ाने-कुनमुनाने के लिए, खीझने के लिए, शिकायत करने के लिए कुछ नहीं रहता- कुछ भी नहीं रहता। जब तुम 'हां' कहते हो, तो मन ठहर जाता है; और मन का वह ठहरना ही संतोष है। संतोष कोई सांत्वना नहीं है- यह स्मरण रहे। मैंने बहुत से लोग देखे हैं जो सोचते हैं कि वे संतुष्ट हैं, क्योंकि वे तसल्ली दे रहे हैं स्वयं को। नहीं, संतोष सांत्वना नहीं है, सांत्वना एक खोटा सिक्का है। जब तुम सांत्वना देते हो स्वयं को, तो तुम संतुष्ट नहीं होते।

## बोध कथा

# स्वर्ग नरक का अंतर

जहाँ एक दूसरे के बारे में सोचते हैं, वहाँ स्वर्ग है। जहाँ सिर्फ अपने बारे में ही सोचते हैं वहाँ नरक है। स्वर्ग और नर्क एक संतपुरुष और ईश्वर के मध्य एक दिन बातचीत हो रही थी। संत ने ईश्वर से पूछा, "भगवन !मैं जानना चाहता हूँ कि स्वर्ग और नर्क कैसे दिखते हैं?" ईश्वर संत को दो दरवाजों तक लेकर गये। उन्होंने संत को पहला दरवाजा खोलकर दिखाया। वहां एक बहुत बड़े कमरे के भीतर बीचोबीच एक बड़ी मेज रखी हुई थी। मेज पर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पकवान रखे हुए थे जिन्हें देखकर संत का मन भी उन्हें चखने के लिये लालायित हो उठा। लेकिन संत ने यह देखा कि वहां खाने के लिये बैठे लोग बहुत दुबले-पतले और बीमार लग रहे थे। ऐसा लग रहा था कि उन्होंने कई दिनों से अच्छे से खाना नहीं खाया था। उन सभी ने हाथों में बहुत बड़े-बड़े कांटे-चम्मच पकड़े हुए थे। उन काँटों-चम्मचों के हैंडल २-२ फीट लंबे थे।

## नागरिक बोध

# पर्यटन राजधानी

न जाने क्या हुआ, जो अचानक प्रदेश में हो रहा हवाई विकास धरातल पर उतर आया था। राजनैतिक छुआछूत खत्म हो चुकी थी। सत्ता पार्टी ने बगैर भेदभाव के विरोधी राजनैतिक दलों के समर्थकों और कार्यकर्ताओं को भी विकास से सराबोर कर दिया था। आए दिन हवा में होनी वाली घोषणाएं सच हो रही थीं। पिछले दो दशकों से जिस डल झील के पुनरुद्धार को लेकर कई मर्तबा प्रैस कान्फ्रेंस हो चुकीं थीं, कागज़ों में करोड़ों ख़र्च हो चुके थे, वे अब सचमुच ख़र्च हो रहे थे और देखते ही देखते झील का कायाकल्प हो गया। यह वही झील थी जिसे लेकर स्थानीय विधायक और काबीना मंत्री ने कई बार प्रैस को बताया था कि जापान के सहयोग से झील को नया जीवन दिया जा रहा है और उसके विकास पर जापान पाँच करोड़ रुपये ख़र्च कर रहा है। स्थानीय हवाई अड्डा, जिसके विस्तारीकरण पर पिछले तीन दशकों से हर आने-जाने वाली सरकार नई-नई घोषणाएं करती रही थी, उसके लिए लोगों ने स्वेच्छा से जरूरत से ज़्यादा भूमि उपलब्ध करवा दी थी। हवाई पट्टी के विस्तारीकरण से दिन-रात बड़े-बड़े जहाज़ उतरने लगे थे। पर्यटकों की संख्या में क़रीब सौ गुणा बढ़ोतरी हो चुकी थी। आर्थिकी में भी सौ गुणा वृद्धि होने से सरकार ने प्रदेश के सिर पर लदा अस्सी लाख करोड़ रुपये का कर्ज़ उतार फैंका था। लोगों को दिल्ली हवाई यात्रा के टिकट अब पच्चीस हज़ार की बजाए सिफर् दो हज़ार रुपये में उपलब्ध थे। हर नत्थू-फत्तू अब हवाई जहाज़ में बैठने का आनन्द उठा रहा था। प्रधानमंत्री के सपने के मुताबिक़ अब हवाई चप्पल पहनने वाले भी हवाई जहाज़ की सवारी का लुत्फ़ उठा रहे थे। पर सबसे बड़ी बात थी कि सरकार ने हवाई अड्डे के लिए अधिग्रहित ज़मीन के विस्थापितों के मामले में पौंग बाँध वाली ग़लती नहीं दोहराई थी। विस्थापितों के पुनर्वास के लिए पहले ही कॉलोनियां बना कर उन्हें उजडने से बचा लिया था। यहां तक जो हुआ, वह होता तो भी ठीक था। पर मुख्यमंत्री समेत अक्सर दिन में सोए रहने वाले मंत्री और आला अधिकारी जनता के दुःख-दर्द जानने के लिए रात में भेष बदल कर घूम रहे थे। नई सरकार के आने से पहले राज्य में निर्मित सीमेंट, जो पूरे देश के मुक़ाबले प्रदेश में सौ रुपये तक महंगा बिकता था, वह अब प्रदेश में आधे दामों पर बिक रहा था। बेरोजगारों की संख्या में इतनी गिरावट आ गई थी कि उन्हें उँगलियों पर गिना जा सकता था। सरकारी शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थानों में शिक्षक-छात्र और डॉक्टर-मरीज़ अनुपात आदर्शता प्राप्त कर चुका था। सडकें हेमामालिनी के गालों की तरह चिकनी हो गई थीं, जिससे प्रदेश में होने वाली सडक़ दुर्घटनाएं शून्य तक पहुँच गई थीं। उद्योग मंत्री ने ज़िला प्रवास के दौरान पत्रकार सम्मेलन में ख़ुलासा कि राज्य में जनसंख्या के हिसाब से प्रदेश के सबसे बड़े ज़िला में तीन शक्तिपीठों, कई सिद्धपीठों, प्राकृतिक सौन्दर्य तथा साहसिक पर्यटन की असीमित संभावनाओं को देखते हुए इसे देश की सबसे बड़ी पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित किया जाएगा। पर पण्डित जी को इस बात पर ऐतराज़ था कि छह हज़ार वर्ग किलोमीटर के ज़िला को राजधानी कैसे बनाया जा सकता है।



# मेक्सिको का सबसे खतरनाक ज्वालामुखी फटा: 30 लाख लोगों के लिए अलर्ट जारी, स्कूल-पब्लिक पार्क बंद, देरी से उड़ान भर रहीं फ्लाइट्स

**मेक्सिको सिटी।**
मेक्सिको का सबसे खतरनाक ज्वालामुखी फटा है। इसे पॉपोकेटपेटल नाम से जाना जाता है। ये ज्वालामुखी सेंट्रल मेक्सिको में मौजूद है। इस क्षेत्र में अलर्ट को बढ़ा दिया गया है। लोकल प्रशासन ने स्कूल और पब्लिक पार्क बंद कर दिए हैं। इसके अलावा कई फ्लाइट्स भी देरी से उड़ान भर रही हैं। ज्वालामुखी के 60 मील के दायरे में लगभग 2 करोड़ 50 लाख लोग रहते हैं। मेक्सिको के नेशनल सिविल प्रोटेक्शन कोऑर्डिनेशन ने येलो फेज 3 का अलर्ट जारी किया। इसके बाद ज्वालामुखी के आसपास बसे गांवों में रह रहे करीब 30 लाख लोगों को इलाका खाली करने की तैयारी करने के लिए कहा गया। साथ ही उन्हें घरों से बाहर नहीं निकलने की भी सलाह दी गई है। ज्वालामुखी के आसपास के क्षेत्र में तेजी से राख फैलने की चेतावनी दी है।

**इटली का माउंट एटना ज्वालामुखी भी फटा** - वहीं इटली में मौजूद दुनिया का सबसे एक्टिव ज्वालामुखी माउंट एटना भी फट गया। इसकी वजह से सिसली द्वीप के पास मौजूद कटानिया का एयरपोर्ट बंद कर दिया गया। माउंट एटना यूरोप का सबसे ऊंचा और सक्रिय ज्वालामुखी है। दो साल पहले 9 अगस्त को भी यह फटा था। एक रिपोर्ट के मुताबिक माउंट एटना में साल 1169 में हुए विस्फोट से 15 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई।

**बंद हो गया था एयरपोर्ट** - इससे पहले मेक्सिको सिटी के बेनिटो जुआरेज अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट को राख फैलने के बाद अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि ये ज्वालामुखी 15 मई से सक्रिय है और आने वाले समय में इसमें गतिविधियां और बढ़ सकती हैं। पॉपोकेटपेटल को मेक्सिको का सबसे खतरनाक ज्वालामुखी कहा जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसके आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग रहते हैं।

**सबसे पहले 1994 में सक्रिय हुआ था पॉपोकेटपेटल ज्वालामुखी** - पॉपोकेटपेटल ज्वालामुखी सबसे पहले 1994 में सक्रिय हुआ था। इसके बाद साल 2000 में इसमें काफी बड़ा विस्फोट हुआ था। तब करीब 50 हजार लोगों को क्षेत्र खाली करके जाना पड़ा था।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व गोरखा सैनिक ने कृत्रिम पैरों से फतह किया एवरेस्ट, लगभग खत्म हो गई थी ऑक्सीजन



**काठमांडो ।** लगभग खत्म हो गई थी ऑक्सीजन बुधमागर ने कहा, जब मैं नीचे आया तो हमारे पास ऑक्सीजन लगभग खत्म हो गई। हमारे पास 30 से 40 मिनट की ऑक्सीजन थी। लेकिन हमारे पास अभी भी नीचे उतरने के लिए लगभग दो, तीन घंटे शेष थे। ऊंचाई पर पहुंचते ही मौसम खराब हो गया। इस दौरान हरि की जैकेट पूरी तरह से जम चुकी थी। बुधमागर ने 2010 में अफगानिस्तान में एक गश्त के दौरान गलती से एक बारूदी सुरंग पर पैर रख दिया था। इस कारण उन्हें अपने दोनों पैर गंवाने पड़े थे।

### देशों पर आर्थिक दबाव बनाना चीन का पुराना तरीका, विस्तारवाद के खिलाफ एकजुट हुए दुनिया के ताकतवर देश



**हॉन्ग कॉन्ग ।** वामपंथी शासन को कामगारों के लिए स्वर्ग होना चाहिए लेकिन हकीकत इससे बहुत अलग है। चीन, जो वैश्विक फैक्ट्री का दर्जा रखता है, वहां कामगारों के अधिकारों का हनन एक आम बात हो गई है। साथ ही चीन जबरन आर्थिक दबाव बनाकर विदेशों में अपनी विस्तारवादी नीति को बढ़ा रहा है। चीन अपनी आर्थिक ताकत को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। बीते दिनों ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और लिथुआनिया से नाराज होकर चीन ने जिस तरह से उन पर आर्थिक और व्यापारिक प्रतिबंध लगाए, उससे यह साफ हो गया कि चीन व्यापार को हथियार की तरह इस्तेमाल करता है। बता दें कि जापान के हिरोशिमा में बीती 20 मई को जी-7 देशों की बैठक हुई थी। इस बैठक में सदस्य देशों ने चीन के आर्थिक दबाव बनाने की नीति के खिलाफ मत बनाने का फैसला किया। जी-7 देशों ने बयान जारी कर कहा कि हम अपनी रणनीति और समन्वय को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त कदम उठा रहे हैं। विभिन्न देशों पर चीन की तरफ से पड़ रहे आर्थिक दबाव से निपटने के लिए भी कदम उठाने पर सहमति बनी। बता दें कि हाल ही में चीन ने लॉकहीड मार्टिन और रेथियोन जैसी दिग्गज कंपनियों पर भी आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे क्योंकि उन्होंने ताइवान को हथियारों की बिक्री की थी।

### गुयाना में एक स्कूल के छात्रावास में लगी आग, 19 बच्चों की मौत, नौ अन्य घायल

**जॉर्जटाउन (गुयाना)।** दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना में (स्थानीय समय) एक स्कूल छात्रावास में आग लग गई, जिसमें कम से कम 19 बच्चों की मौत हो गई। आग एक सेकेंडरी स्कूल में लड़कियों के छात्रावास में लगी। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि आग लगने की वजह क्या थी। पहले मीडिया रिपोर्ट में 20 लोगों के मारे जाने की खबर आई थी। गुयाना के महदिया सेकेंडरी स्कूल में लगी आग में 20 लोगों के मारे जाने की खबरों का खंडन करते हुए राष्ट्रीय अग्निशमन विभाग की एक प्रवक्ता ने कहा कि इस भीषण आग से देश में हलचल मच गई है। इस हादसे में कम से कम नौ अन्य लोग घायल हुए हैं। एक पीड़ित को बचाया गया, लेकिन वह वेंटिलेटर पर है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। गुयाना सरकार की तरफ से जारी प्रेस बयान के मुताबिक, यह हादसा राजधानी जॉर्जटाउन से 320 किलोमीटर दक्षिण में स्थित महदिया शहर के एक सेकेंडरी स्कूल में हुआ। इस छात्रावास में मूल निवासी समुदाय के 12 से 18 साल की उम्र के बच्चे रहते हैं। विदेशी मीडिया के मुताबिक, मरने वालों में 18 लड़कियां और एक बच्चा शामिल है जो केयरटेकर का बेटा था। गुयाना के राष्टपति इरफान अली ने इस घटना को दुखद एवं दर्दनाक और भयावह बताया।स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया गया है कि महदिया के पहाड़ी इलाके में बसे आंतरिक शहर के हाई स्कूल में आग लग गई। एनएसए गेराल्ड गौविया के मुताबिक, बच्चों को बचाने के लिए हरसंभव कोशिशें की गईं और हवाई सेवाओं की मदद ली गई। लेकिन आंधी की वजह से बचाव कार्य में चुनौती आई। अधिकारियों ने कहा कि सरकार ने स्थानीय लोगों की सहायता के लिए चिकित्सा कर्मियों और उपकरणों से लैस विमानों के साथ पूर्ण पैमाने पर चिकित्सा आपातकालीन कार्य योजना शुरू की गई। गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को विमान से कुछ ही घंटों में जॉर्जटाउन पहुंचाया गया। वहीं, अन्य को महदिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उन्हें निगरानी के तहत रखा गया है।

इमरान को हिंसा के 8 मामलों में जमानत

# अब अल कादिर ट्रस्ट केस में पेशी, बुशरा बीबी को घूसखोरी के मामले में बेल





**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अल-कादिर ट्रस्ट केस में सुनवाई के लिए रावलपिंडी स्थित नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो की अदालत पहुंच गए हैं। यहां एनएबी मामले में छानबीन कर रही है। इस केस में खान पहली बार जांच एजेंसी के सामने पेश हो रहे हैं। वहीं उनकी पत्नी बुशरा बीबी को एनएबी ने 1 हजार 955 करोड़ रुपए की घूस लेने के मामले में 31 मई तक जमानत दे दी है।

इससे पहले इस्लामाबाद की एंटी टेररिज्म कोर्ट ने खान को हिंसा से जुड़े 8 मामलों में 8 जून तक जमानत दी है। ये मामले उस समय के हैं जब खान की तोशाखाना मामले में पेशी के दौरान इस्लामाबाद ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स में हिंसा हुई थी। सुनवाई के दौरान खान ने कहा कि मुझे दो बार मारने की कोशिश हुई है। मैं जब भी घर से बाहर कदम रखता हूं मैं अपनी जान को खतरे में डाल रहा होता हूं।

**अल-कादिर ट्रस्ट केस में सुप्रीम कोर्ट ने दी थी जमानत** - अल-कादिर ट्रस्ट केस में ही इमरान खान को 9 मई को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद मुल्क में फौज के कई अहम ठिकानों पर हमले हुए थे। गिरफ्तारी के खिलाफ खान की पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी जिसके बाद इमरान को इस मामले में जमानत मिल गई थी।

**हाईकोर्ट का ऑर्डर भी नहीं माना** - लाहौर हाईकोर्ट ने इमरान को कई मामलों में जमानत देते हुए कहा था कि उन्हें जांच एजेंसी के सामने पेश होना होगा और जांच में सहयोग देना होगा। इसके बावजूद इमरान 19 मई को एनएबी के सामने पेश नहीं हुए। खान ने हमेशा की तरह अपने वकील के जरिए लिखित जवाब दिया। कहा- मैं इस्लामाबाद में हूं। यहां मुझे सुप्रीम कोर्ट में पेश होना है। हालांकि उस दिन खान लाहौर में ही थे और इसकी जानकारी उनके वकील ने अदालत को दी।

इसके बाद, एनएबी ने अखबारों में एक सरकारी विज्ञापन जारी किया। इसकी एक कॉपी लाहौर हाईकोर्ट को सौंपी। इसमें कहा गया- खान को अदालत ने पेश होने का आदेश दिया था। अगर 23 मई को भी वो पेश नहीं होते हैं तो जांच एजेंसी कार्रवाई के लिए आजाद है।

**गिरफ्तारी की आशंका** - इमरान ने दावा किया कि जब वो जांच एजेंसी के सामने पेश होंगे तो उन्हें किसी न किसी बहाने से गिरफ्तार कर लिया जाएगा। खान ने कहा- पाकिस्तान में हर वो कदम उठाया जा रहा है जो डेमोक्रेसी को खत्म कर सकता है। एक सवाल के जवाब में खान ने कहा- अब तक जो हम देख रहे हैं, वो लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश नहीं तो और क्या है। मैं तो लोगों के लिए सड़कों पर निकलने के लिए तैयार हूं। मेरे दौर में मुल्क की इकोनॉमी जितनी बेहतर थी, आज उतनी ही खराब है। पता नहीं हमारी आर्मी क्या चाहती है, क्योंकि उसकी मर्जी के बिना तो पाकिस्तान में कुछ हो ही नहीं सकता।

**60 अरब का स्कैम है अल-कादिर ट्रस्ट केस** -सरकार के मुताबिक खान जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने लैंड माफिया मलिक रियाज को मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाया। लंदन में उसके 40 अरब जब्त कराए। बाद में ये पैसा ब्रिटेन सरकार ने पाकिस्तान को सौंप दिया। इमरान ने यह जानकारी कैबिनेट को भी नहीं दी। आरोप है कि यह पैसा एक सीक्रेट अकाउंट के जरिए इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के खाते में ट्रांसफर कराई गई। इसके बाद इमरान ने अल कादिर ट्रस्ट बनाया। इसने मजहबी तालीम देने के लिए अल कादिर यूनिवर्सिटी बनाई। इसके लिए अरबों रुपए की जमीन मलिक रियाज ने दी। बुशरा बीबी को डायमंड रिंग भी गिफ्ट की। बदले में रियाज के तमाम केस खत्म कर दिए गए। उसे करोड़ों रुपए के सरकारी ठेके भी मिले। होम मिनिस्टर राणा सनाउल्लाह ने कहा- 50 अरब रुपए की चपत सरकारी खजाने को लगी। 13 महीने में एक बार भी इमरान या बुशरा पूछताछ के लिए नहीं आए। 4 साल बाद भी इस यूनिवर्सिटी में 32 स्टूडेंट्स ही हैं। पूरे मामले को देखते हुए इमरान खान और उनकी पत्नी पर 1 हजार 955 करोड़ रुपए की घूस लेने का आरोप दर्ज किया गया।

**पत्नी के ऑडियो लीक से फंसे इमरान** - पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स में पिछले साल मलिक रियाज और उसकी बेटी अम्बर के एक ऑडियो के बारे में खबरें छपी थीं। लीक हुआ ये वीडियो 2 मिनट 17 सेकेंड का था। इसमें रियाज और अम्बर बुशरा से लेनदेन और किसी फाइल को निपटाने की बातचीत कर रहे थे। इसमें अम्बर पिता को बताती हैं कि इमरान की पत्नी बुशरा बीबी 5 कैरेट हीरे की अंगूठी मांग रही हैं। इसके बदले वो इमरान से रियाज को ठेके दिलवा देंगीं और उनके खिलाफ केस भी खत्म करा देंगीं। लीक हुए टेप में जो बातचीत थी, उसके मुताबिक अम्बर अपने पिता से कहती हैं- मेरी फराह गोगी से बातचीत हो गई है। वो कह रही हैं कि बुशरा बीबी को 3 नहीं बल्कि 5 कैरेट का डायमंड चाहिए। रिंग वो खुद बनवा लेंगीं, लेकिन उसका पेमेंट हमें करना होगा। बुशरा और फराह ने खान साहब से बात कर ली है। वो फौरन ठेके की सारी फाइलें ओके करा देंगे। इस पर मलिक रियाज कहता है- कोई दिक्कत नहीं। 5 कैरेट का डायमंड भेज देते हैं। माना जाता है कि ठेकों की यह सौदेबाजी अल कादिर यूनिवर्सिटी की जमीन लेने के बाद हुई।

# म्यांमार के सीमाई इलाकों में गृह युद्ध तेज, इकॉनमिक कॉरिडोर बना शिकार



**यंगून ।**
म्यांमार की थाईलैंड से लगी सीमा पर सेना और सैनिक शासन विरोधी विद्रोहियों के बीच तेज लड़ाई जारी है। इस क्षेत्र में म्यांमार के नस्लीय अल्पसंख्यक समुदाय रहते हैं, जिन्होंने देश की सेना के खिलाफ हथियारबंद बगावत का रास्ता अख्तियार कर रखा है। इस लड़ाई के कारण एक बड़ी आर्थिक विकास परियोजना पर काम ठप हो गया है। इस परियोजना का निर्माण पूरा होने पर म्यांमार के मिकोंग डेल्टा देशों के साथ कारोबार में भारी बढ़ोतरी होने की संभावना है।

म्यांमार, थाईलैंड, लाओस, कंबोडिया और वियतनाम मिकोंग डेल्टा क्षेत्र में आते हैं। इन देशों को जोड़ने के लिए 1,700 किलोमीटर लंबे ईस्ट-वेस्ट इकॉनमिक कॉरिडोर के निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। परियोजना पर काम लगभग पूरा ही होने वाला था, जब दो साल साल पहले म्यांमार में सेना ने निर्वाचित सरकार का तख्ता पलट दिया। उसके बाद नस्लीय अल्पसंख्यक बागियों ने सशस्त्र विद्रोह का रास्ता अपना लिया। थाईलैंड और म्यांमार के बीच ट्रक परिवहन की सेवा देने वाली एक जापानी कंपनी के कर्मचारी ने वेबसाइट से बातचीत में कहा- 'अप्रैल में अचानक ट्रक और ड्राइवर मिलना बहुत मुश्किल हो गया।' पिछले मार्च से समुद्री मार्ग से म्यांमार को सामान भेजने या वहां मंगवाने की लागत में 50 फीसदी की बढ़ोतरी हो चुकी है। थाईलैंड और म्यांमार के बीच जमीनी रास्ते परिवहन के एक बड़े जरिया के रूप में एशिया हाईवे-1 परियोजना निर्मित की जा रही है। ये सड़क थाईलैंड के मध्य में स्थित माये सोट से म्यांमार में मयावादी तक जाएगी। लेकिन इस इलाके पर करेन नेशनल यूनियन नाम के उग्रवादी संगठन का कब्जा है। करेन नेशनल यूनियन उन 20 नस्लीय उग्रवादी संगठनों में एक है, जिनका म्यांमार की सेना से 'युद्ध' चल रहा है।

करेन नेशनल यूनियन और सेना के बीच 2019 में एक समझौता हुआ था। उसमें यूनियन ने कॉरिडोर का निर्माण होने देने पर अपनी सहमति जताई थी। उसके बाद निर्माण कार्य तेज हुआ था। निर्माण में थाईलैंड बड़ी भूमिका निभा रहा था। इस बीच मुख्य मार्गों पर पुल हटाने और बनाने का काम एक जापानी कंपनी कर रही थी।

# प्रधानमंत्री दहल की भारत यात्रा से पहले नेपाल के विपक्ष ने उन पर बढ़ा दिया है दबाव



**काठमांडो ।**
नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की भारत की तैयारियां जोरों पर हैं। इसके साथ ही नेपाल के मीडिया में इस यात्रा से जुड़ी चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। पिछले 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री बनने के बाद दहल की यह पहली भारत यात्रा होगी। नेपाल के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा को यहां हमेशा ही अति महत्त्वपूर्ण माना जाता है और इसलिए इसमें आम जन की भी दिलचस्पी रहती है। दहल इसी महीने के आखिर में नई दिल्ली जाएंगे। सरकारी सूत्रों के मुताबिक दहल की भारत यात्रा के एजेंडे को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। एक रिपोर्ट में कहा है कि दहल की मोदी के साथ मुलाकात की तारीख और समय अभी तय नहीं हुए हैं। इस बीच विदेश मंत्री एनपी साउद ने इस सिलसिले में विदेश सचिव सहित विदेश मंत्रालय के तमाम बड़े अधिकारियों से बातचीत की है। उन्होंने उन राजनयिकों से भी बातचीत की है, जो भारत में नेपाल के राजदूत रह चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक विदेश सचिव ने इस बारे में इन विशेषज्ञों की राय मांगी कि जब दहल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वार्ता होगी, तो उस दौरान उन्हें किन मुद्दों को उठाना चाहिए। बताया जाता है कि नई दिल्ली रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री दहल नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्रियों की राय भी लेंगे। इस बीच मीडिया के जरिए कई विशेषज्ञ इस बारे में अपनी राय जता रहे हैं। उन्होंने कहा है कि दहल को भारत के साथ आपसी भरोसा मजबूत करने के उपायों पर बातचीत करनी चाहिए। कुछ टीकाकारों ने लिखा है कि नेपाल को अब पुरानी बातें भूल कर भारत से रिश्ते मजबूत करने की नई कोशिशें करनी चाहिए। मगर विपक्ष ने इस मामले में सरकार पर दबाव बढ़ाना शुरू कर चुका है। बीते संसद में पूर्व प्रधानमंत्री और मुख्य विपक्षी दल कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने मांग की कि दहल को कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा के मामले में नेपाल के रुख पर मजबूती से खड़ा रहना चाहिए।

# ईरान पहाड़ों के नीचे बना रहा परमाणु हथियार: अमेरिका की एयर रेड का नहीं होगा कोई असर, सैटेलाइट तस्वीरों में हुआ खुलासा



**तेहरान।**
ईरान अपनी न्यूक्लियर फैसिलिटी को इजराइल और अमेरिका के हमले से बचाने की पूरी कोशिश कर रहा है। ऐसे में अब उसने परमाणु हथियार बनाने का काम पहाड़ी इलाके में जमीन के नीचे करना शुरू कर दिया है। इसका खुलासा सैटलाइट तस्वीरों में हुआ है। ईरान के वर्कर्स जागरोस के पहाड़ों में टनल खोदते दिखाई दे रहे हैं। ये जगह ईरान की न्यूक्लियर साइट नातांज के बिल्कुल करीब है, जो लगातार पश्चिमी देशों के हमले का शिकार होते आ रही है। ये देश नहीं चाहते हैं कि ईरान परमाणु शक्ति हासिल करे।

**ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी का पूरा होना बुरे सपने जैसा** - परमाणु फैसिलिटी को बचाने के नए प्रोजेक्ट को एंटी एयरक्राफ्ट बैटरीज, फेंसिंग और ईरान की पैरामिलिट्री के रिवोल्यूशनरी गार्ड प्रोटेक्ट कर रहे हैं। ये टनल 6 मीटर चौड़ी और 8 मीटर लंबी हैं। एपी के मुताबिक ईरान अपनी फैसिलिटी को 80 से 100 मीटर की गहराई में बना रहा है। अंडरग्राउंड फैसिलिटी में अटैक करने के लिए अमेरिका ने बम बनाया था। जो बिना फटे जमीन में 60 मीटर के अंदर जा सकता है। इसका असर 80 से 100 मीटर की गहराई में बनी ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी पर नहीं होगा।

ईरान का यूरेनियम का उत्पादन परमाणु हथियार बनाने के लेवल तक पहुंचता जा रहा है। इस पर अमेरिका के आर्म्स कंट्रोल एसोसिएशन के अधिकारी ने कहा कि ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी का काम पूरा होना किसी बुरे सपने जैसा होगा।

ईरान के परमाणु हथियार हासिल करने के सपने को पूरा होने से रोकने के लिए अमेरिका लगातार उस पर पाबंदियां लगा रहा है। हाल ही में बाईडेन ने ईरान की ऑयल और पैट्रोकैमिकल्स इंडस्ट्री पर पाबंदियां को और सख्त करने की घोषणा की।

**बाइडेन ईरान से न्यूक्लियर डील का वादा पूरा नहीं कर पा रहे** - 5 साल पहले इसी महीने में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान से हुई न्यूक्लियर डील से खुद को बाहर कर लिया था। ये डील ओबामा के कार्यकाल में हुई थी। उस दौरान जो बाइडेन अमेरिका के उप राष्ट्रपति थे। डोनाल्ड ट्रम्प के सत्ता से जाने के बाद बाइडेन ने वादा किया था कि वो ईरान के साथ की गई न्यूक्लियर डील को फिर से शुरू करेंगे। हालांकि, अब तक इसे लेकर की गई बातचीत नाकाम साबित रही हैं।

न्यूक्लियर डील खत्म होने के बाद से ईरान ने यूरेनियम को 60 प्रतिशत कर एनरिच कर लिया है। मामले की जांच करने वाले लोगों के मुताबिक ईरान परमाणु हथियार के लिए अब 83.7 प्रतिशतप्योर यूरेनियम का उत्पादन कर रहा है। हथियार बनाने की कैपिसिटी के लिए 90प्रतिशत प्योर यूरेनियन पार्टिकल्स की जरूरत होती है।

बहरीन के रेप लॉ में अहम बदलाव

# अब विक्टिम से शादी करके भी नहीं बच सकेगा रेपिस्ट, संसद ने आमराय से मंजूरी दी



**मनामा।**
बहरीन की संसद ने रेप से जुड़े एक कानून को रद्द कर दिया है। इस बदलाव के तहत अगर रेप का आरोपी विक्टिम से शादी भी कर लेता है तो उसकी सजा माफ नहीं की जा सकेगी। पहले कानून यह था कि अगर कोई रेपिस्ट (या आरोपी) विक्टिम से शादी का वादा कर लेता था, या शादी कर लेता था तो उसकी सजा माफ कर दी जाती थी। संसद ने इस कानून को आमराय से रद्द कर दिया।

**महिला संगठनों की मांग** - सऊदी अरब की वेबसाइट के मुताबिक- बहरीन की संसद पर महिला संगठनों का दबाव था। यही वजह है कि इस कानून में बदलाव करना पड़ा। लंबे वक्त से महिला संगठन इस कानून में बदलाव की मांग कर रहे थे। अब इस कानून को रद्द कर दिया गया है, लिहाजा महिला अधिकार संगठनों ने इसका स्वागत किया है। बहरीन संसद के अपर हाउस को शूरा काउंसिल कहा जाता है। इसने एकमत से आर्टिकल 353 को रद्द कर दिया। इसी कानून में कहा गया था- अगर कोई रेप का आरोपी विक्टिम से शादी कर लेता है तो उसकी सजा माफ कर दी जाएगी। मिनिस्टर ऑफ जस्टिस नवाफ अल मावदा ने कहा- अब कोई रेपिस्ट सजा से नहीं बच सकेगा। बहरीन ट्रेडिश्नल मुस्लिम कल्चर मानता है। इसमें सभी मजहबों को इज्जत दी जाती है। हम महिलाओं से जुड़े कानूनों की स्टडी कर रहे हैं। वक्त के साथ इनमें बदलाव जरूरी है।

**बहरीन ने देर से उठाया कदम** - मिडिल ईस्ट और नॉर्थ अफ्रीका के कई देशों में रेप से जुड़े कानूनों में बदलाव किया जा चुका है। 2017 में लेबनान में बड़ा आंदोलन हुआ था। वहां के महिला संगठनों की मांग थी कि रेप और वुमन सिक्योरिटी से जुड़े कानूनों को सख्त बनाया जाए। कई महीनों तक यह आंदोलन चला और आखिरकार महिला संगठनों की जीत हुई। लेबनान में अब वुमन सिक्योरिटी से जुड़े कानूनों को सख्त बनाया गया है। लेबनान के बाद जॉर्डन और ट्यूनीशिया जैसे मुस्लिम देशों में भी महिला अधिकारों से जुड़े कानूनी बदलाव हुए। यहां भी बहरीन की तर्ज पर रेपिस्ट को विक्टिम से शादी करने के बाद सजा माफी मिल जाती थी। अब ये कानून रद्द किए जा चुके हैं।

**8 साल बाद बदलाव** - बहरीन में महिलाओं की सुप्रीम काउंसिल है। हाला अल अंसारी इसकी हेड हैं। पुराना कानून रद्द होने के बाद हाला ने मीडिया से कहा- आर्टिकल 353 को रद्द किया जाना महिलाओं के लिए बड़ी कामयाबी है। इसके लिए हम 2015 से मांग कर रहे थे।

हाला ने आगे कहा- बहरीन में फैमिली लॉ है। इसमें आर्टिकल 24 और 27 भी हैं। इसमें यह कहा गया था कि अगर रेपिस्ट और विक्टिम के परिवारों के बीच सुलह हो जाती है, या शादी का वादा कर लिया जाता है तो आरोपी की सजा माफ की जा सकती है। कई बार विक्टिम पर समझौते का दबाव बनाया जाता था। अब ऐसा नहीं हो सकेगा।

### व्हाइट हाउस के नजदीक बैरीकेड से टकराया ट्रक, अफरा-तफरी का माहौल, खाली कराया गया होटल

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में राष्टपति भवन व्हाइट हाउस के नजदीक एक ट्रक, व्हाइट हाउस की सुरक्षा में लगे बैरीकेड से टकरा गया है। जिसकी वजह से वहां अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुटी हैं और एहतियातन नजदीकी होटल को खाली करा लिया गया है। सोशल मीडिया पर इसे लेकर काफी बातें हो रही हैं। पुलिस की तरफ से अभी ज्यादा जानकारी इस मामले में नहीं दी गई है। अमेरिका की सीक्रेट सर्विस ने भी घटना की पुष्टि की है। जो ट्रक, सुरक्षा बैरिकेड से टकराया, उसके ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। सीक्रेट सर्विस के जवान हादसे की जांच कर रहे हैं। वहीं व्हाइट हाउस के आसपास की सड़कें एहतियातन बंद कर दी गई हैं। व्हाइट हाउस के आसपास के कई होटल, जिनमें हे एडम्स होटल भी शामिल है, उन्हें खाली करा लिया गया है। कई लोगों ने घटना को लेकर ट्वीट किया है। घटना करीब 10 बजे की है। जहां लेफेटे स्कवायर के स्ट्रीट नंबर 16 पर यह घटना घटी। फिलहाल घटना की जांच चल रही है और यह पता लगाने की कोशिश हो रही है कि यह एक हादसा ही था या फिर इसके पीछे कोई साजिश तो नहीं है।

# पायलट ने सरकार को दिया है अल्टीमेटम मुख्यमंत्री ही दे सकते हैं जवाब : रंधावा



**जयपुर ( हिंस )।** कर्नाटक चुनाव के बाद अब कांग्रेस पार्टी अन्य राज्यों में होने वाले चुनाव को लेकर सक्रिय हो गई है। यही कारण है कि तेलंगाना, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान के प्रदेश अध्यक्षों, मुख्यमंत्रियों और प्रभारियों समेत प्रमुख कांग्रेस नेताओं के साथ मल्लिकार्जुन खड़गे बैठक कर चुनावी रणनीति बनाने जा रहे हैं। राजस्थान को लेकर खड़गे की बैठक 25-26 मई को प्रस्तावित है, जिसमें राजस्थान से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और तीनों सह प्रभारी अमृता धवन, काजी निजामुद्दीन और वीरेंद्र सिंह राठौड़ समेत प्रमुख नेता शामिल होंगे। बैठक में सचिन पायलट भी शामिल हो सकते हैं। प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि सचिन पायलट भी कांग्रेस के नेता हैं। ऐसे में उन्हें भी इस मीटिंग में बुलाया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिन्हें मीटिंग में बुलाया जा रहा है, उन्हें लैटर भेजा जाएगा। बैठक का एजेंडा आगामी चुनाव में कांग्रेस की रणनीति को लेकर रहेगा, जिसमें चुनाव के अलावा किसी मसले पर बात नहीं होगी। रंधावा से जब सचिन पायलट के आंदोलन और अल्टीमेटम को लेकर सवाल पूछा गया तो रंधावा ने साफ कर दिया कि यह अल्टीमेटम सचिन पायलट ने सरकार को दिया है, कांग्रेस को नहीं। ऐसे में उस अल्टीमेटम का जवाब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ही देंगे। उन्होंने कहा कि अगर पायलट ने अल्टीमेटम कांग्रेस को दिया होता तो हम जवाब देते, लेकिन यह अल्टीमेटम सरकार को दिया गया है।

## बीएसएफ ने पाकिस्तानी ड्रोन को गिराकर 14 करोड़ की हेरोइन की बरामद



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब की भारत-पाकिस्तान सीमा पर बीएसएफ ने अमृतसर में बीओपी राजाताल के अंतर्गत सरहदी गांव भैणी राजपूताना में सोमवार रात एक और पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया। बीएसएफ ने इस ड्रोन से 14 करोड़ की हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के जवानों ने चार दिन में यह 5वां ड्रोन मार गिराया है। अमृतसर में बीओपी राजाताल के अंतर्गत सरहद पर बीएसएफ की बटालियन 144 के जवान गश्त पर थे। रात तकरीबन 10 बजे गांव भैणी राजपूताना में ड्रोन की आवाज सुनाई दी। इस पर जवानों ने ड्रोन पर फायरिंग कर दी। इसके कुछ समय बाद ड्रोन की आवाज आनी बंद हो गई। इसके बाद जवानों ने पूरे इलाके को सील कर सर्च अभियान शुरू कर किया। बीएसएफ कमांडेंट अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि खेतों में ड्रोन गिरा मिला है, जिसके साथ एक थैला बांधा गया था। उस थैले से 2 पैकेट मिले, जिनमें 2.1 किलो संदिग्ध हेरोइन बरामद किया गया हैं। जिसकी इंटरनेशनल मार्केट में कीमत तकरीबन 14 करोड़ रुपए है।

## एचसीएस के बाद यूपीएससी में भी भावेश ख्यालिया ने लहराया परचम

**भिवानी ( हिंस )।** जिला के गांव झांवरी निवासी भावेश ख्यालिया ने एचसीएस के बाद यूपीएससी में भी 280वें रैंक के साथ परचम लहराकर परिवार व गांव को रोशन किया है, जिस पर सभी ग्रामीणों को नाज है। भावेश ख्यालिया अपने ताऊ, चाचा के बाद एक ही परिवार से तीसरे एचसीएस व पहले यूपीएससी रैंक हासिल करने वाले बनें हैं। उनकी इस उपलब्धि पर गांव में बधाइयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। यूपीएससी द्वारा घोषित किए गए अंतिम परिणाम में भावेश ख्यालिया ने पहले ही प्रसास में 280वां रैंक हासिल किया है, जोकि एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। यूपीएससी क्लीयर होने के बाद भावेश ख्यालिया पर एचसीएस के साक्षात्कार और उसके तुरंत बाद यूपीएससी के साक्षात्कार का भी दबाव था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और दोनों ही परीक्षाओं में परचम लहराकर गांव व परिवार का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि बैगर कोचिंग लिए उन्होंने हिसार में घर पर रहते हुए 15 से 16 घंटे नियमित रूप से पढ़ाई की और सफलता हासिल की है। भावेश ख्यालिया ने टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साईंस (हैदराबाद) से 2020 में ग्रेजुएशन किया और उन्होंने ताऊ डॉ. युद्धबीर सिंह ख्यालिया व चाचा राजेश ख्यालिया से प्रेरित होकर कोरोना काल के दौरान समय का पूरा फायदा उठाते हुए घर पर ही तैयारियों में जुट गए। घर पर ही तैयारियां करते हुए उन्होंने पहले एचसीएस की परीक्षा में 12वां रैंक हासिल किया और उसके बाद अब यूपीएससी की परीक्षा में 280वां रैंक हासिल किया। भावेश की माता सुशीला ख्यालिया शिक्षिका हैं, जिन्होंने वीआरएस ले लिया था, जबकि उनके पिता राजकुमार ख्यालिया गवर्नमेंट कॉलेज सिवानी से प्राचार्य के पद से 30 नवंबर 2022 को सेवानिवृत हुए थे। सबसे बड़े ताऊ सतबीर ख्यालिया वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से प्राचार्य सेवानिवृत हैं। ताऊ कुलदीप ख्यालिया गांव में सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते है और गांव के सरपंच रह चुके हैं।

## भिवानी से 23 युवाओं को दिया जाएगा का ड्रोन पॉयलट का प्रशिक्षण

**भिवानी ( हिंस )।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के माध्यम से ड्रोन प्रशिक्षण प्रक्रिया की शुरुआत कर दी गई है। यह प्रशिक्षण किसानों को पूर्णत: नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा, जिसमें प्रशिक्षण के साथ-साथ रहने व खाने का खर्च भी विभाग द्वारा ही वहन किया जाएगा। उपायुक्त नरेश नरवाल ने मंगलवार को बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बजट घोषणा के समय राज्य के 500 बेरोजगार युवाओं व किसानों को ड्रोन पॉयलट प्रशिक्षण देने की महत्वपूर्ण घोषणा की थी। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने मुख्यमंत्री की घोषणा पर कार्यवाही शुरू कर दी है। भिवानी जिला में 23 युवाओं-किसानों को ड्रोन पॉयलट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस बारे में सहायक कृषि अभियंता नसीब सिंह धनखड़ ने बताया कि 18 से 45 वर्ष की आयु तक के किसान व बेरोजगार युवा इस ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण 2 चरणो में कुल 8 दिन में पूर्ण करवाया जाएगा। आवेदक कम से कम 10वीं परीक्षा पास व उसके पास वैध पासपोर्ट हो और वह किसी किसान उत्पादक संगठन या कस्टम हायरिंग सेन्टर का सदस्य होना अनिवार्य है। ये सभी योग्याताएं रखने वाले इच्छुक किसान व बेरोजगार युवा ड्रोन पायलट बनने के लिए दिनांक 19 मई 2023 से 13 जून 2023 तक डब्लयूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एग्रीहरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पर आवेदन कर सकते हैं। चयनित युवाओं को ड्रोन इमेजिंग एंड इंफॉर्मेशन सर्विस ऑफ हरियाणा लिमिटेड (दृश्या) करनाल एवं बागवानी प्रशिक्षण संस्थान करनाल में प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाएगा।

## सामाजिक सुरक्षा ही राज्य सरकार की नीति : मुख्यमंत्री

**डूंगरपुर/जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि महंगाई राहत कैंपों के जरिए प्रदेशवासियों को महंगाई से राहत दिलाने का संकल्प साकार हो रहा है। कैंपों में ऐसा उत्साह है कि 23 मई तक 1.16 करोड़ परिवार पंजीयन करा चुके हैं। इन्हें 5.30 करोड़ मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड जारी किए गए हैं। परिवारों को दस विभिन्न योजनाओं से सामाजिक और आर्थिक सम्बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा ही राज्य सरकार की नीति रही है। गहलोत मंगलवार को डूंगरपुर जिले के पीठ कस्बा (सीमलवाड़ा) में सलारेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित महंगाई राहत कैंप में पहुंचे। उन्होंने लाभार्थी महिलाओं से योजनाओं को लेकर संवाद कर मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजीविका से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूह को एक करोड़ एक लाख रुपए का चेक प्रदान किया। उन्होंने प्रशासन गांवों के संग अभियान का भी अवलोकन किया। गहलोत ने सभा में कहा कि पात्र व्यक्तियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित करना मुख्य उद्देश्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 25 लाख रूपए तक का नि:शुल्क



इलाज, नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना, 500 रुपए में गैस सिलेंडर, न्यूनतम 1000 रुपए सामाजिक सुरक्षा पेंशन, 100 और 2000 यूनिट तक नि:शुल्क बिजली जैसी योजनाएं लागू कर राजस्थान अग्रणी राज्य बन गया है। बेरोजगारी से राहत देते हुए 1.50 लाख सरकारी नौकरियां दी गई हैं। इतनी ही प्रक्रियाधीन है एवं एक लाख से अधिक की बजट घोषणा हुई है। महिला स्वास्थ्य की दिशा में उड़ान योजना के तहत नि:शुल्क सैनेटरी नैपकिन वितरित किए जा रहे हैं। गहलोत ने कहा कि बिना मांगे राज्य सरकार ने मानवीय दृष्टिकोण से राज्य कार्मिकों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू की। कार्मिकों की अन्य मांगों पर परीक्षण कराया जा रहा है। कार्मिक निश्चिंत रहें, उन्हें भी पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सलारेश्वर और श्री गोविंद गुरू जी की जन्मस्थली बांसिया में सामुदायिक भवन तथा डामोर बाहुल्य भंडारिया में उप-तहसील बनाने के लिए घोषणा की। इससे पहले उन्होंने सलारेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन कर मानव कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर राज्य अनुसूचित वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. शंकर यादव, राज्य विशेष योग्यजन आयोग के आयुक्त उमाशंकर शर्मा, पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, विधायक गणेश घोगरा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## राजस्थान पुलिस राजनीतिक दबाव में, रंधावा पर मुकदमा दर्ज नहीं : विधायक दिलावर

**सीकर ( हिंस )।** मैंने किसी की हत्या नहीं की फिर भी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने मुझ पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए 302 के तहत मामला भी दर्ज करवा दिया। मंगलवार को भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में भाग लेने आए विधायक मदन दिलावर ने यह बात कही। कांग्रेस के दोहरे चरित्र पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर रंधावा के आपत्तिजनक दिए बयान पर न्यायालय के आदेश के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं करने पर कांग्रेस तुली है। विधायक दिलावर ने राजस्थान पुलिस पर राजनीतिक दबाव में कार्य करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि



राजस्थान पुलिस एक कथित अपराधी के बचाव में निचली अदालत के आदेश को रूकवाने उपरी अदालत के सामने अधिवक्ताओं की फौज लेकर खड़ी है। पत्रकारों से बातचीत में विधायक दिलावर ने बताया कि संगठन की राष्ट्रीय बैठक के बाद जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित की जाती है। बैठक में पिछली बैठक के प्रस्तावित कार्यां पर चर्चा के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय सरकार के 9 साल पूरे होने पर हासिल की गई उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के बारे में किए गए कार्यों पर विचार किया गया। भाजपा इसी क्रम में 30 मई से 30 जून तक अनेक कार्यक्रम आयोजित करेगी। बगावत के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया की वापसी के सवाल पर दिलावर ने कहा कि किन्हीं कारणों से वे घर छोड़ कर चले गए थे जो अब वापस लौट चुके हैं। महरिया के आने से भाजपा कार्यकर्ताओं के चेहरे पर चमक आई है। कांग्रेस में उपेक्षा के शिकार रहे सुभाष महरिया को भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में बिना किसी पद के मंचस्थ किया गया। मंच पर प्रदेश पदाधिकारी विधायक दिलावर के सुभाष महरिया को अपने निकट तथा लोकसभा चुनाव में प्रतिद्वंद्वी होकर चुनाव जीते सांसद सुमेधानन्द, राजनीतिक दंश झेल चुके पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवा, पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा की दूरी पर कार्यकर्ताओं में काफी चर्चा रही।

## हिंसा सर्वोपरि, सत्य का कोई विकल्प नहीं : मुख्यमंत्री

**डूंगरपुर/जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांत हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी जैन मुनियों के बताए सत्य, अहिंसा और शांति के मार्ग का अनुसरण किया और भारत को आजादी दिलाने में कामयाब हुए। हमें स्वयं और आने वाली पीढ़ी को भी यही संदेश आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य का कोई विकल्प नहीं है। सत्य ही ईश्वर और सेवा ही परमोधर्म है।

## लव जिहाद में युवक गिरफ्तार, धर्म बदलकर की थी लड़की से दोस्ती

**पलवल ( हिंस )।** उपमंडल हथीन में देहरादून पुलिस की टीम ने रेड कर इखलास नाम के शख्स को लव जिहाद के मामले में गिरफ्तार किया। युवक ने अपना धर्म छिपा कर दूसरे धर्म की युवती के साथ फेसबुक पर दोस्ती कर शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया। युवती के आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल कर 5 लाख रुपए ऐंठ लिए। युवक के मोबाइल से युवती का आपत्तिजनक विडियो भी मिला है, जिसके जरिए वह उसे ब्लैकमेल कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार रेड करने पहुंचे देहरादून कोतवाली के इंस्पेक्टर विद्याभूषण नेगी ने मंगलवार को बताया कि इखलास के खिलाफ 17 मई को केस दर्ज किया गया था। वह मूल रूप से हरियाणा के पलवल में उपमंडल हथीन का रहने वाला है। देहरादून में रहकर पढ़ाई कर रही एक युवती ने उसके खिलाफ केस दर्ज कराया था। युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मुलाकात 2019 में युवक से हुई थी।

## यूपीएससी की सिविल परीक्षा में बीकानेर की अनुप्रिया का मैरिट में 239 वां स्थान, परिवार उत्साहित

**बीकानेर ( हिंस )।** यूपीएससी की सिविल सर्विस परीक्षा में बीकानेर की अनुप्रिया चौधरी का मंगलवार को जारी हुई मैरिट में 239 वां स्थान आया है। इस रिजल्ट के बाद अब वह आईपीएस बन सकती है, लेकिन अभी भी उसका सपना आईएएस बनने का है। अनुप्रिया की सफलता से पूरा परिवार उत्साहित है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग बीकानेर में संयुक्त निदेशक पद पर कार्यरत उनके पिता डॉ. देवेंद्र चौधरी को इस चयन की सूचना मिलने के साथ ही बधाई देने वालों का तांता लग गया। इसी परिसर में उप निदेशक, और सीएमएचओ ऑफिस भी है। बड़ी संख्या में डॉक्टर्स और स्टॉफ सदस्य डॉ. चौधरी के पास बधाई देने पहुंच गए। डॉ. चौधरी सभी को धन्यवाद दिया और सभी का मुंह मीठा कराया। अनुप्रिया इन दिनों नई दिल्ली में ही है और यूपीएससी की सिविल परीक्षा की फिर से तैयारी कर रही है, जो कुछ ही दिनों में होने वाली है। पिछले दिनों यूपीएससी मुख्यालय पर उसका इंटरव्यू हुआ था। उसे पूरा विश्वास था कि चयन हो जाएगा लेकिन फिर भी उसने अगली सिविल परीक्षा के लिए भी तैयारी शुरू कर दी थी। अनुप्रिया के पिता डॉ. देवेंद्र चौधरी का कहना है कि वो शुरू से ही अफसर बनना चाहती थी। अनुप्रिया ने हमेशा सर्वोच्च मेरिट में ही स्थान बनाया है। वो पिछले कुछ समय से नई दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। अनुप्रिया ने जयपुर के एमएनआईटी से बीटेक किया है।

## अमरनाथ यात्रा पंजीकरण नि:शुल्क हो शिवसेना की बजरंग बली से याचना

**जम्मू ( हिंस )।** शिवसेना बाला साहेब ठाकरे जम्मू-कश्मीर ईकाई ने 1 जुलाई को शुरू होने जा रही पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा के पंजीकरण को नि:शुल्क करने की मांग पर सरकार द्वारा कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर मंगलवार को श्री बजरंग बली महायज्ञ एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन कर सरकार के लिए सद्बुद्धि की याचना की। शिवसेना जम्मू-कश्मीर ईकाई प्रमुख मनीश साहनी ने कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा पंजीकरण को नि:शुल्क बनाने, यात्रियों एवं लंगर व टैंट सेवा देने वाले वाहनों को टोल छूट देने एवं यात्रा अवधि तक पवित्र हिमशिवलिंग को दर्शनों के लिए सुरक्षित रखने की मांगों को लेकर वह जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल जो कि श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के चेयरमैन भी हैं से लेकर प्रदेश के मुख्य सचिव तथा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को ज्ञापन के माध्यम से गुहार लगा चुके हैं। अपने आप को हिंदुओं का सबसे बड़ा हितैषी बताने वाली केंद्र की मोदी सरकार धार्मिक आस्था से जुड़ी पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा के पंजीकरण को नि:शुल्क बनाने को लेकर चुप्पी साधे बैठी है। ऐसे में जिस भगवान शिव की यात्रा को नि:शुल्क बनाने की मांग की जा रही है। उन्हीं के अवतार श्री बजरंग बली के महायज्ञ और श्री हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से सत्ताधारियों को सद्बुद्धि देने की याचना की गई है। शास्त्रों और वेदों में भगवान हनुमान को कलयुग का देवता बताया गया है। कहा जाता है कि जो भक्त सच्ची श्रद्धा से हनुमान जी की पूजा करेगाए उसे भगवान जरूर दर्शन देंगे और उसकी प्राथना स्वीकार करेंगे इसीलिए शिव सेना के पास एकमात्र मार्ग यहीं बचता हैं कि वह बजरंगबली से याचना करते हैं कि वह अब इस अहंकारी सत्ताधारियों को सद्बुद्धि दे जिससे वे श्री अमरनाथ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण को नि:शुल्क बना अन्य मांगों के हक में फैसला ले। साहनी ने कहा कि अगर सरकार ने पंजीकरण वसूली का फैसला नहीं बदला तो शिव सेना 27 मई को दिल्ली के जंतर.मंतर पर धरना.प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर पंडित रमन शास्त्री, पार्षद अनीता शर्मा, अध्यक्ष बजार जंग बहादुर शर्मा, अजेश गुप्ता, अश्वनी शर्मा, ममता देवीख् रजिंद्र सहगल, उमा देवी आदि उपस्थित रहे।

## पट्टेदारों ने गुहला के विधायक के खिलाफ किया प्रदर्शन

**कैथल ( हिंस )।** गांव भूना के पट्टेदारों ने मंगलवार को गुहला के विधायक के खिलाफ लघु सचिवालय में प्रदर्शन किया और डीसी को ज्ञापन दिया। पट्टेदारों का आरोप है कि मौजूदा विधायक ईश्वर सिंह गांव में बरसों से बसे पट्टेदारों से जमीन छीन कर एक समुदाय विशेष के अपने चहेतों को देना चाहता है। मंगलवार को गांव भूना के सरपंच रवि, गांव खरकड़ा के सरपंच सतनाम सिंह, रामनगर के सरपंच प्रतिनिधि नीरज व नानकपुर सरपंच प्रतिनिधि रणजोत की अगुवाई में पट्टेदार लघु सचिवालय पहुंचे। डीसी को दिए ज्ञापन में पट्टेदारों ने कहा कि गांव भूना में कांगथली रोड पर पंचायती जमीन है। जिस पर कुछ लोगों ने हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर ट्रैक्टर चलाकर कब्जा कर लिया है। सीवन पुलिस को शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जिस कारण गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। डीसी जगदीश शर्मा ने कहा कि वे राजस्व अधिकारियों से पूरी स्थिति की रिपोर्ट लेकर उचित कार्रवाई करेंगे। डीसी को ज्ञापन देने के बाद पट्टेदारों ने गुहला के विधायक ईश्वर सिंह पर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान साहब सिंह ने कहा कि जमीन हमारी मां है और हम जमीन के लिए मर मिटने को भी तैयार हैं। 1952 में सरकार ने सभी बिरादरी के लोगों को जमीन पट्टे पर दी थी। उन्होंने उस जमीन को अभी तक संभाल रखा है, यह लोग अब दोबारा जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। दूल्हा के विधायक ईश्वर सिंह इस मामले में दखल देकर उनकी मदद कर रहे हैं।


**Walk in Interview**

Application in Standard form for Walk in Interview to fill up the following positions are invited from intending eligible Indian citizen as per Article 5 to 8 of the constitution of India for engagement on contractual basis under the establishment of the Executive Engineer (PHE), Biswanath Chariali Division cum Member Secretary, District Water and Sanitation Mission, Biswanath.

| Sl. No. | Name of Position | No. of Position | Educational Qualification | Age Limit | Monthly Remuneration | Experience | Venue and Date of Interview |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Technical Officer-I, JJM | 03 | BE/B.Tech in Civil Engineering from recognized University/ Institution with minimum 60% marks | Not more than 35 years as on 01-01-2023 | Rs. 30000.00/- (Fixed) | 1 year post qualification experience desirable | **Date :- 31st May, 2023 (Wednesday)** |
| 2 | Technical Officer-II under JJM | 03 | Diploma in Civil Engineering from recognized University/ Institution | Not more than 35 years as on 01-01-2023 | Rs. 25000.00/- (Fixed) | Minimum 1 (one) year experience in relevant field | **Venue : SIPRD, Biswanath. (Near PHE Office)** |
| 3 | District Coordinator, ISA | 01 | Post Graduation in Sociology, Social Work from a recognize University/ Institution | Minimum age 21 year and maximum age 40 year as on 01-01-2023 | Rs. 35000.00/- (Fixed) | At least 2 (two) year experience in relevant field | **Reporting Time - 9.00 AM** |

**Terms and Condition:-**

1. The candidates having the requisite qualification as mentioned above may come with application form (Standard Form Assam Gazette-IX) along with 2 (two) passport size photographs, self attested Xerox Copies, AADHAAR Card, relevant Educational Qualification-Mark sheets from HSLC onwards, valid employment certificate, experience certificate etc in sealed envelope to the aforesaid venue on 31tst May, 2023.
2. Candidates are requested to apply in the following link for online application, **https://docs.google.com/forms/d/e/IFAOIpQLScEmA7HemNUBHE 8jx3AcbP5iGWVM2VO66fI-zKH1BrTg2jFA/viewform?usp=sf link available in the website biswanath.gov.in recruitment section up to 30.05.2023.**
3. The candidates will have to bring the Original Documents on the day of interview for verification.
4. NoTA/DA will be admissible to the candidates for appearing in the walk in interview.
5. Computer Knowledge in MS Office/ OS and Internet.
6. Knowledge in Assamese, English and Hindi language.
7. Willing to work in complex, respecting strict deadlines and multi tasking.
8. Good Social, analytical, communication, inter-personal and planning skills are required.
9. For any clarification, the candidates may contact with the following mail id-iec.biswanath123@gmail.com
10. In case of any clarification, the decision of the Selection Committee will be final.
11. No application fee is required.
12. Incomplete application will be rejected.

Member Secretary, DWSM, Biswanath
Cum Executive Engineer (PHE)
Biswanath Chariali Division, Biswanath

*-- Janasanyog /D/3352/23*




# अमेजन के फाउंडर बेजोस ने नए यॉट पर सगाई की: कोरू की कीमत 4000 करोड़ रुपए, इसके फ्रंट में गर्लफ्रेंड सांचेज की मूर्ति लगाई

**वॉशिंगटन।**
अमेजन के फाउंडर और दुनिया के तीसरे अमीर कारोबारी जेफ बेजोस और उनकी गर्लफ्रेंड लॉरेन सांचेज ने एंगेजमेंट कर ली है। बेजोस ने अपने नए सुपरयॉट पर एंगेजमेंट का प्रपोजल दिया। बेजोस ने सांचेज को हार्ट शेप्ड अंगूठी दी है। इस अंगूठी में 20 कैरेट का हीरा जड़ा हुआ है। एंगेजमेंट में फॉर्मर एनएलएफ प्लेयर रहे टोनी गोंजालेज भी शामिल हुए। टोनी और सांचेज का 21 साल का बेटा निक्को भी मौजूद रहा। लॉरेन ब्रॉडकास्ट जर्नलिस्ट रह चुकी हैं। वो हेलीकाप्टर पायलट और ब्लैक ऑप्स एविएशन की फाउंडर भी हैं। उनके पास एयरबस एसीएच -135 हेलिकॉप्टर है।

**2019 में लॉरेन ने दिया था पैट्रिक व्हाइटसेल को तलाक** - बेजोस के साथ रिलेशनशिप में आने से पहले 2005 में लॉरेन ने हॉलीवुड एजेंट पैट्रिक व्हाइटसेल से शादी की थी। 13 साल बाद 2019 में उन्होंने पैट्रिक को तलाक दे दिया था। पैट्रिक के साथ उनके दो बच्चे हैं। बेटे का नाम इवान और एक बेटी एला है।

**बेजोस ने 25 साल बाद मैकेंजी स्कॉट को दिया था तलाक** - बेजोस ने भी 2019 में ही उनकी पत्नी मैकेंजी स्कॉट को तलाक दिया था। दोनों की शादी तलाक से 25 साल पहले 1994 में हुई थी। बेजोस के तीन बेटे और एक अडॉप्टेड बेटी है। मैकेंजी भी दुनिया की सबसे अमीर महिलाओं में से एक है। साइंस टीचर डैन ज्वेट से उन्होंने शादी की है।

**4 हजार करोड़ से ज्यादा कीमत का है यॉट** - जेफ बेजोस ने हाल ही में नया सुपरयॉट खरीदा है। पिछले हफ्ते बेजोस को उनकी गर्लफ्रेंड के साथ इस तीन मंजिला यॉट पर देखा गया था। यॉट का नाम है कोरू और कीमत लगभग 500 मिलियन डॉलर। इसे रुपए में कन्वर्ट करें तो ये 4 हजार करोड़ से ज्यादा होते हैं। ये दुनिया का टालेस्ट, यानी सबसे ऊंचा यॉट है। इसमें तीन विशाल 229-फुट के मास्ट्स यानी खंबे लगे हैं। ये यॉट अकेले सेल पावर यानी हवा से चल सकता है। यॉट में पूल, बार से लेकर लॉन्ज और हॉट टब है। पिछले हफ्ते इस याट को मैलोरका के आसपास मेडिटेरियन सी में क्रूज करते हुए देखा गया था। हर यॉट के साथ एक सपोर्ट वेसल होता है। इस यॉट के साथ जो सपोर्ट वेसल है उसका नाम एबिओना है। एबिओना में हेलिकॉप्टर डेक से लेकर डाइविंग डेक तक हैं।

**बोट, शिप और यॉट में अंतर** - वैसे तो तैरने में सक्षम किसी भी चीज को बोट कहा जा सकता है, लेकिन आम तौर पर इसका इस्तेमाल छोटे वेसल के लिए किया जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### जियोमार्ट से 1 हजार से ज्यादा एम्प्लॉइज की छंटनी: अभी और कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी कंपनी, कई फुलफिलमेंट सेंटर होंगे बंद

नई दिल्ली। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के ऑनलाइन होलसेल प्लेटफार्म जियोमार्ट ने 1 हजार से अधिक एम्प्लॉइज को नौकरी से निकाल दिया है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड ने हाल ही में फूड होलसेलर मेट्रो कैश एंड कैरी का अधिग्रहण किया है, जिसके बाद यह छंटनी की गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जियोमार्ट अगले कुछ हफ्तों में 15,000 से अधिक एम्प्लॉइज के वर्कफोर्स में से और कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी। इसके जरिए रिलायंस इंडस्ट्रीज थोक डिवीजन से लगभग दो-तिहाई एम्प्लॉइज को कम करना चाहती है। जियोमार्ट ने अपने कॉर्पोरेट ऑफिस से 500 एग्जीक्यूटिव सहित 1,000 से अधिक एम्प्लॉइज को रिजाइन देने के लिए कहा है। इसके साथ ही कंपनी ने 100 से अधिक कर्मचारियों को परफॉर्मेंस इंप्रूवमेंट प्लान पर रखा है। इसके अलावा अन्य सेल्स एम्प्लॉइज की फिक्स्ड पे सैलरी कम करने के साथ ही वेरिएबल पे स्ट्रक्चर पर रखा है। एम्प्लॉइज की क्यों छंटनी कर रही है जियोमार्ट मीडिया रिपोर्ट की माने तो मेट्रो कैश एंड कैरी के अधिग्रहण के बाद कंपनी ने 3,500 एम्प्लॉइज को अपने वर्कप्लेस में ऐड किया था, जिससे एम्प्लॉइज के रोल्स ओवरलैपिंग हो गए हैं। इसके साथ ग्रॉसरी बी2बी स्पेस में प्राइस वॉर शुरू करने वाली कंपनी जियोमार्ट अब मार्जिन में सुधार और घाटे को कम करना चाहती है। दो महीने पहले ही कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया यानी सीसीआई ने रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड को फूड होलसेलर मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया के अधिग्रहण की मंजूरी दी है। आरआरवीएल और मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया ने दिसंबर 2022 में एग्रीमेंट साइन किया था।




### 2000 का नोट बदलने की कवायद नोटबंदी नहीं; आरबीआई ने दिल्ली हाईकोर्ट में रखा अपना पक्ष, फैसला सुरक्षित




नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि 2000 रुपये के नोटों को वापस लेना नोटबंदी नहीं है, बल्कि एक वैधानिक कवायद है। आरबीआई ने कहा कि दो हजार के नोट परिचालन सुविधा के लिए शुरू किए गए थे। अदालत वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें कहा गया है कि आरबीआई और एसबीआई की ओर से बिना सबूत के 2000 रुपये के बैंक नोटों को बदलने की अधिसूचना मनमानी है और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए बनाए गए कानूनों के खिलाफ है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि वह वकील की जनहित याचिका पर उचित आदेश पारित करेगी। अदालत ने कहा, हम इस पर गौर करेंगे। हम उचित आदेश पारित करेंगे। उपाध्याय ने स्पष्ट किया कि वह 2000 रुपये के बैंक नोट को वापस लेने के फैसले को चुनौती नहीं दे रहे थे, लेकिन बिना किसी पर्ची या पहचान पत्र के नोट बदलने पर रोक लगवाना उनका मकसद था।

### वॉट्सऐप में 15 मिनट तक एडिट हो सकेंगे मैसेज: अगले कुछ हफ्तों में मिल जाएगा फीचर; मार्क जुकरबर्ग ने किया ऐलान

वाशिंगटन। वॉट्सऐप पर भेजे गए मैसेज अब 15 मिनट तक एडिट हो सकेंगे। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने सोमवार को इसका ऐलान किया। ये फीचर यूजर्स के लिए रॉल आउट होना शुरू हो गया है। अगले कुछ हफ्तों में सभी यूजर्स को ये फीचर मिल जाएगा। टेलीग्राम और सिग्नल जैसे वॉट्सएप के कॉम्पिटिटर्स पहले से ही ये फीचर ऑफर कर रहे थे। इसे मैच करने के लिए वॉट्सएप भी अब इसे देना शुरू कर रहा है। वॉट्सएप के दुनियाभर में 2 अरब से ज्यादा यूजर्स है। भारत इसका सबसे बड़ा बाजार है। यहां इसके 48.7 करोड़ यूजर्स है। वॉट्सएप पर मैसेज एडिट करने के लिए मैसेज पर लॉन्ग प्रेस करना पड़ेगा। मैन्यू में आए एडिट ऑप्शन पर क्लिक कर मैसेज में चेंज किया जा सकेगा। मैसेज में 'एडिटेड' लिखा दिखाई देगा, ताकि सामने वाले को इसकी जानकारी रहे। वॉट्सऐप बोला- यूजर्स का चैट पर कंट्रोल बढ़ेगा वॉट्सऐप ने कहा कि जब आप मैसेज में कोई गलती कर दें या आपका मांइड चेंज हो जाए तो आप अपना मैसेज एडिट कर सकेंगे। इससे ग्रामर की गलतियां ठीक हो सकेंगी और मैसेज में एक्स्ट्रा इन्फोर्मेशन जोड़ी जा सकेगी। इससे यूजर्स का उनकी चैट पर कंट्रोल बढ़ेगा। पर्सनल मैसेज, कॉल्स और मीडिया की तरह एडिट हुए मैसेज भी एंड-टू-एंड इनक्रिप्शन से सुरक्षित रहेंगे।

## डिज्नी में एक बार फिर होगी छंटनी

# तीसरे राउंड में 2,500 एम्प्लॉइज को नौकरी से निकालेगी डिज्नी, कॉस्ट कटिंग कर रही कंपनी

**कैलिफोर्निया।**
अमेरिका की दिग्गज मास मीडिया एंड एंटरटेनमेंट कंपनी वॉल्ट डिज्नी ने अब तीसरे राउंड की छंटनी शुरू कर दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लेटेस्ट राउंड की छंटनी में कंपनी अपनी टोटल वर्कफोर्स में से 2,500 एम्प्लॉइज को नौकरी से निकालेगी। हालांकि, अभी तक इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है कि कंपनी किस-किस डिपार्टमेंट्स में छंटनी कर रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, कंपनी में यह लेटेस्ट राउंड की छंटनी इस पूरे हफ्ते चलेगी। एक महीने पहले डिज्नी ने दूसरे राउंड की छंटनी में 4,000 एम्प्लॉइज को नौकरी से निकालने का ऐलन किया था।




### पहले राउंड में 7000 एम्प्लॉइज की छंटनी की अनाउंसमेंट की थी

वहीं इस साल की शुरुआत में डिज्नी ने पहले राउंड में 7000 एम्प्लॉइज की छंटनी की अनाउंसमेंट की थी। कंपनी ने दूसरे राउंड में डिज्नी एंटरटेनमेंट, डिज्नी पार्क, एक्सपीरियंस और प्रोडक्ट्स सहित अलग-अलग डिवीजन के कर्मचारियों को नौकरी से निकाला था। वहीं पहले राउंड में मेटावर्स स्ट्रेटेजी यूनिट और बीजिंग ऑफिस के एम्प्लॉइज प्रभावित हुए थे।

### 1 अक्टूबर तक डिज्नी की वर्कफोर्स में थे 2.20 लाख एम्प्लॉइज

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी 5.5 बिलियन डॉलर यानी 45,547 करोड़ रुपए की कॉस्ट-सेविंग के लिए यह छंटनी कर रही है। ऐसा कर कंपनी अपने स्ट्रीमिंग बिजनेस को प्रॉफिटेबल बनाना चाहती है। बता दें कि 1 अक्टूबर तक डिज्नी की टोटल ग्लोबल वर्कफोर्स में 2.20 लाख एम्प्लॉइज थे, जिसमें से लगभग 1.66 लाख अमेरिका में थे।

### कंपनी को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहे

डिज्नी एंटरटेनमेंट के को-चेयरमैन एलन बर्गमैन और डाना वॉल्डन ने कहा था कि सीनियर लीडरशिप कंपनी को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। हमारी कोशिश है कि कंपनी तेजी से चलने की बजाय सही रास्ते पर चले। ये समय काफी उतार-चढ़ाव से भरा है। इस टफ टाइम में हमें वही करना चाहिए, जिससे हम दुनिया भर की डिज्नी ऑडियंस को बेस्ट एंटरटेनमेंट कंटेंट प्रोवाइड करा सकें। डिज्नी ने पिछली तिमाही के नतीजों की घोषणा के ठीक बाद छंटनी करने का फैसला किया था। 31 दिसंबर 2022 को खत्म पहली तिमाही में डिज्नी+हॉटस्टार के 38 लाख पेड सब्सक्राइबर कम हो गए। सब्सक्राइबर घटने के कारण कंपनी को 1 बिलियन डॉलर (8.25 हजार करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ था। इस तिमाही में हॉटस्टार यूएस और कनाडा से सिर्फ 2 लाख नए सब्सक्राइबर्स ही जोड़ पाई थी। अभी हॉटस्टार के पास टोटल 46.6 मिलियन यानी 4.6 करोड़ सब्सक्राइबर्स हैं। कंपनी में रिस्ट्रक्चरिंग डिज्नी के नए सीईओ बॉब इगर के नेतृत्व में हो रही है। डिज्नी अब अपने कोर ब्रांड्स और फ्रेंचाइजी पर ज्यादा फोकस करना चाहती है। डिज्नी की रिस्ट्रक्चरिंग सब्सक्राइब ग्रोथ में कमी और स्ट्रीमिंग व्यूअर्स के लिए बढ़ती प्रतिस्पर्धा के चलते की जा रही है। इतना ही नहीं डिज्नी का यह फैसला एक्टिविस्ट इन्वेस्टर नेल्सन पेल्ट्ज की आलोचना के जवाब में आया है। नेल्सन ने कहा था कि कंपनी स्ट्रीमिंग पर बहुत ज्यादा खर्च कर रही थी।

### डिज्नी तीन सेगमेंट्स में रिस्ट्रक्चरिंग कर रही

अपने नए प्लान के तहत डिज्नी तीन सेगमेंट्स में रिस्ट्रक्चरिंग कर रही है। इस रिस्ट्रक्चरिंग में डिज्नी एंटरटेनमेंट, स्पोर्ट्स फोकस्ड डिज्नी पार्क, एक्सपीरिएंसेस और प्रोडक्ट्स यूनिट शामिल हैं। टीवी कार्यकारी दाना वाल्डेन और फिल्म प्रमुख एलन बर्गमैन मनोरंजन विभाग का नेतृत्व करेंगे, जबकि जिमी पिटारो ईएसपीएन का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। एग्जीक्यूटिव डाना वाल्डेन और फिल्म चीफ एलन बर्गमैन एंटरटेनमेंट डिवीजन का नेतृत्व करेंगे, जबकि जिमी पिटारो को लीड करना जारी रखेंगे।

### 2020 में 32 हजार एम्प्लॉइज को निकाला था

बॉब इगर ने नवंबर 2022 में कंपनी के सीईओ की कमान दोबारा संभाली है। इससे पहले बॉब इगर को पहली बार 2005 में सीईओ बनाया गया था। 2020 में अपने पद से हटने से पहले इगर ने 15 साल तक कंपनी के सीईओ के रूप में काम किया था। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, डिज्नी 5 सालों में तीसरी बार रिस्ट्रक्चरिंग कर रही है। इससे पहले कंपनी ने 2020 में 32 हजार एम्प्लॉइज को नौकरी से निकालने का फैसला किया था।

# एसबीआई के बाद दो हजार के नोट बदलवाने के लिए पीएनबी ने भी जारी किए दिशा-निर्देश

Punjab National Bank

**नई दिल्ली।**
रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने हाल ही में 2000 रुपये के नोट को चलन से बाहर करने का फैसला किया है। आरबीआई ने लोगों को 23 मई से लेकर 30 सितंबर के बीच 2000 रुपये का नोट बदलने या जमा करने के लिए समय दिया है। इस बीच, सोशल मीडिया पर पुराने फॉर्म वायरल हो गए, जिससे लोगों के बीच रुपये जमा कराने को लेकर भ्रम की स्थिती उत्पन्न हो गई। इस पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने स्पष्ट कर दिया था कि 2000 रुपये के नोट को बदलवाने के लिए किसी भी व्यक्ति को कोई आईडी प्रूफ नहीं देना है और ना ही कोई फॉर्म भरना है। यहां तक की 2000 रुपये के नोट 20,000 रुपये तक आसानी से एक बार में एक्सचेंज किए जा सकते हैं। वहीं, अब एसबीआई के बाद पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने भी दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं, जिससे लोगों में किसी तरह की कोई गलतफहमी पैदा न हो। दरअसल, दो हजार रुपये के नोट के आदान-प्रदान के लिए अतिरिक्त व्यक्तिगत जानकारी मांगने वाले पुराने फॉर्म सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे थे। इस पर लोगों को समझ नहीं आ रहा था कि सच क्या है। क्योंकि आरबीआई के आदेश में साफ कहा गया है कि किसी भी दस्तावेज की जरूरत नहीं होगी। ऑनलाइन वायरल हो रहे फॉर्म पर अब पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। बैंक का कहना है कि 2000 रुपये के नोट के आदान-प्रदान में किसी भी आधार कार्ड या आधिकारिक सत्यापित दस्तावेज (ओवीडी) की आवश्यकता नहीं है। साथ ही किसी भी फॉर्म को भरने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही किसी भी फॉर्म को भरने की आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में बैंक की सभी शाखाओं को निर्देश जारी कर दिए गए है।

गौरतलब है, इससे पहले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने स्पष्ट किया था कि 2000 के नोट को बदलने के लिए लोगों को कोई फॉर्म या स्लिप नहीं भरना होगा। लोग आसानी ने अपने नजदीकी बैंक शाखा में जाकर नोट को बदल सकते हैं। नोट जमा करने के लिए आरबीआई के बैंकिंग डिपॉजिट नियम का पालन होगा। एक दिन में लोग 2000 रुपये के 10 नोटों को यानी 20 हजार रुपये बदल सकते हैं। नोट बदलने के लिए लोगों को कोई आईडी नहीं दिखानी होगी। अगर आप 50 हजार से अधिक की रकम बैंक खाते में जमा करते हैं तो फिर आपको पैन, आधार कार्ड दिखाना होगा।

# इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री में भारत पिछड़ा, सौ में से एक ही बिकी

**नई दिल्ली।**
भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की खरीदी बहुत कम है, आंकड़ों के अनुसार सौ में से एक ही हलेक्ट्रिक कार बिकी है। इस तरह से इलेक्ट्रिक कारों की तरफ लोगों का रुझान तो बढ़ रहा है, लेकिन वो रुझान नतीजों में उतनी तेजी नहीं पकड़ पा रहा है जिसकी उम्मीद थी। एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स के मुताबिक, साल 2022 में भारत में लाइट मोटर व्हीकल खरीदने वालों में से केवल 1.1 फीसदी लोगों ने ईवी खरीदा, जबकि पूरे एशिया का औसत 17.3 फीसदी है। वहीं पूरी दुनिया की बात करें तो औसत 13.3 फीसदी है। ऐसे में अगर भारत को ईवी से एक सस्टेनेबल फ्यूचर क्रिएट करना है तो स्पीड बढ़ानी होगी। पर आंकड़ों में इतनी कमी का एक कारण ये भी है कि इस एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स के आंकड़ों में टू और थ्री-व्हीलर्स को शामिल नहीं किया गया है। आपको बता दें कि भारत मुख्यरूप से दो-पहिया वाहनों या पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर चलने वाला देश है। टू व्हीलर और थ्री व्हीलर्स भारत के ईवी मार्केट का 90 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। हालांकि, इन्हें मिलाने के बाद भी भारत में ईवी का ओवरऑल पेनिट्रेशन भारत में 4.5 फीसदी करीब ही है। हालांकि भारत सरकार का लक्ष्य है भारत में ईवी पेनिट्रेशन को 2030 तक 30 प्रतिशत पर लाना है। कार कंपनियों की बात करें तो टाटा के पास ईवी का सबसे बड़ा पोर्टफोलियो है। कंपनी नेक्सॉन, टिगोर, टियागो जैसे पसंद किए जाने वाले अपने मॉडल्स के ईवी वेरिएंट लॉन्च कर चुकी है। साल 2022 में टाटा की टोटल सेल का 6 फीसदी ईवी से आया। कंपनी का टारगेट 2026 तक अपने सेल्स के ईवी शेयर को 20 फीसदी तक बढ़ाने का है। भारत में ईवी कार खरीदने में ज्यादा लोगों का इंटरेस्ट नहीं होने की बड़ी वजह ये हो सकती है कि भारत में अभी ईवी का इंफ्रास्ट्रक्चर पूरी तरह डेवलप नहीं हुआ है। वहीं, फेम2 स्कीम के तहत केंद्र सरकार ने मार्च, 2024 तक देशभर में 7432 चार्जिंग स्टेशंस लगाने के लिए 800 करोड़ सैंक्शन किए हैं।



# दो दिन में ही 30प्रतिशत चढ़ा अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर: आखिरी घंटे में बिकवाली से फ्लैट बंद हुआ बाजार, अडाणी ग्रुप के सभी 10 शेयरों में तेजी

**मुंबई।**
आखिरी घंटे में बिकवाली से भारतीय शेयर बाजार फ्लैट बंद हुआ। सेंसेक्स 0.03प्रतिशत या 18 अंक चढ़कर 61,980 पर पहुंच गया। इसके 30 में से 13 शेयरों में खरीदारी और 17 में बिकवाली रही। वहीं निफ्टी 0.18प्रतिशत या 34 अंक बढ़कर बंद हुआ। अडाणी ग्रुप के सभी 10 स्टॉक्स में तेजी रही। सबसे ज्यादा अडाणी एंटरप्राइजेज 13.49प्रतिशत चढ़कर 2640 रुपए पर बंद हुआ। इससे पहले भी ये 19.55प्रतिशत चढ़कर 2,338 रुपए पर बंद हुआ था। यानी दो दिन में ही इसका शेयर 30प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गया है। अडाणी ग्रुप की 10 कंपनियों का मार्केट कैप भी 10 लाख करोड़ को पार कर गया है।




### अडाणी के शेयरों में तेजी का कारण

सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त पैनल को अडाणी ग्रुप की कंपनियों में स्टॉक प्राइस के हेरफेर का कोई सबूत नहीं मिला है। इसके बाद अडाणी ग्रुप के शेयरों में तेजी आई। वहीं एमके ग्लोबल के टेक्निकल एनालिस्ट कपिल शाह ने कहा कि अडाणी एंटरप्राइजेज 26 कारोबारी सत्रों में 1,800 से 2,000 के दायरे में रहा था। अब स्टॉक ने ऊपरी बैंड को पार कर लिया है।

### अडाणी ग्रुप में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई

इन्वेस्टर राजीव जैन पार्टनर्स ने अडाणी ग्रुप में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा दी है। हालांकि किस कंपनी के कितने शेयर उन्होंने खरीदे हैं, इस बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। अडाणी ग्रुप में हिस्सेदारी अब 3.5 बिलियन डॉलर यानी 28 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा हो चुकी है। मार्च में भी अडाणी ग्रुप में 15,446 करोड़ रुपए का निवेश किया था। राजीव जैन ने को तीन महीने में मिला 65.18प्रतिशत का रिटर्न राजीव जैन को ग्रुप की 4 कंपनियों में अपने निवेश के 3 महीने से भी कम समय में 65.18प्रतिशत का रिटर्न मिला है। वैल्यू के टर्म में 2 मार्च को पार्टनर्स का 15,446.35 करोड़ रुपए का निवेश 23 मई के कारोबार में 25,515.50 रुपए हो गया। इस कमाई से वो 200 करोड़ डॉलर की नेटवर्थ के साथ फोर्ब्स बिलेनियर्स 2023 की लिस्ट में भी शामिल हो गए हैं।

### मेटल इंडेक्स में सबसे ज्यादा 2.5प्रतिशत की मजबूती

आज के कारोबार में आईटी और रियल्टी को छोड़कर तकरीबन हर प्रमुख सेक्टर इंडेक्स निफ्टी पर हरे निशान में बंद हुए हैं। एनएसई पर निफ्टी मेटल इंडेक्स में सबसे ज्यादा 2.5प्रतिशत की मजबूती रही। इसके अलावा ऑटो और फार्मा शेयरों में भी जोरदार खरीदारी देखने को मिली।

## एपल सप्लायर विस्ट्रॉन ने भारत में आईफोन बनाना बंद किया

# प्रॉफिट नहीं होने के कारण अपना बिजनेस समेटा, टाटा ग्रुप को प्लांट बेच रही कंपनी

**नई दिल्ली।**
एपल सप्लायर विस्ट्रॉन ने भारत में आईफोन का प्रोडक्शन बंद कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एपल की शर्तों के आधार पर विस्ट्रॉन को यहां बिजनेस करने पर प्रॉफिट नहीं हो रहा था। भारत में एपल के बिजनेस के जरिए पैसा नहीं कमा पाने के बाद कंपनी ने अपने कारोबार को समेटने का फैसला किया है। खास बात यह है कि विस्ट्रॉन ऐसे समय में भारत से अपने बिजनेस को समेट रही है, जब फॉक्सकॉन और पेगाट्रॉन भारत में एपल के ही प्रोडक्ट बनाने के लिए तेजी से अपने कारोबार को बढ़ा रही हैं।

### 2008 में विस्ट्रॉन ने भारत में शुरू किया था बिजनेस

विस्ट्रॉन ने साल 2008 में इंडियन मार्केट में अपना बिजनेस शुरू किया था। तब कंपनी ने पीसी, लैपटॉप और सर्वर सहित अन्य प्रोडक्ट को रिपेयर करने की यूनिट शुरू किए थे। इसके बाद साल 2017 में कंपनी ने अपने बिजनेस को एक्सपेंड किया और एपल के लिए आईफोन बनाना शुरू किया था।




### टाटा ग्रुप को असेंबली यूनिट बेच रही विस्ट्रॉन

विस्ट्रॉन बेंगलुरु के पास कोलार में स्थित अपने आईफोन असेंबली प्लांट को टाटा ग्रुप को बेच रही है। ट्रेंड फोर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, टाटा ग्रुप भारत में आईफोन-15 मॉडल को असेंबल करने के लिए टेस्टिंग कर रहा है। जल्द टाटा ग्रुप प्लांट को टेकओवर करेगी, जिसके बाद भारत को एपल प्रोडक्ट्स के लिए अपनी पहली डोमेस्टिक यानी स्वदेशी प्रोडक्शन कंपनी मिल जाएगी।

### इंडिया पर अब ज्यादा फोकस कर रहा एपल

एपल अब इंडिया में अपने बिजनेस को एक्सपेंड करने पर ज्यादा फोकस कर रही है। हाल ही में एपल ने मुंबई और दिल्ली में देश का पहला और दूसरा स्टोर खोला है। इसके साथ ही अमेरिका-चीन के बीच तनाव बढ़ने के कारण चीन से एपल की मैन्युफैक्चरिंग भारत में शिफ्ट की जा रही है। जियो पॉलिटिकल टेंशन और कोरोना महामारी के बाद एपल समेत अन्य अमेरिकी टेक दिग्गज भी चीन के बाहर अपनी मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी के विस्तार पर काम कर रहे हैं।

### भारत में 2017 से बन रहे आईफोन

एपल ने 2017 में आईफोन स्ध्व के साथ भारत में आईफोन्स की मैन्युफैक्चरिंग शुरू की थी। इसके तीन इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सर्विस पार्टनर- फॉक्सकॉन, विस्ट्रॉन और पेगाट्रॉन है। हालांकि, अब आईफोन असेंबली बिजनेस में टाटा ग्रुप के एंट्री के साथ विस्ट्रॉन देश से बाहर जाते हुए दिखाई दे रहा है। भारत सरकार की पीएलआई स्कीम का हिस्सा एपल अभी एपल के तीनों कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर भारत सरकार की 41,000 करोड़ रुपए की प्रोडक्शन-लिंक्ड इन्सेंटिव स्कीम का हिस्सा हैं। इस स्कीम के बाद ही भारत में आईफोन मैन्युफैक्चरिंग में तेजी आई है। 2020 में भारत सरकार ने पीएलआई को लॉन्च किया था। इस स्कीम से बाहर के देशों की कंपनीज को मौका मिलता है कि वो लोकल मैन्युफैक्चरिंग का फायदा उठा सकें, साथ ही उस पर इन्सेंटिव भी कमा सकें।

# 19 मंजिला होटल बनाएंगे टाइगर, बीएमसी से मिली मंजूरी



**मुंबई (ईएमएस)।** सोशल मीडिया पर हाल ही में सलमान खान की एक फोटो वायरल हुई, जिसमें उन्होंने रंगबिरंगी बैंडेड लगा रखी थी। फोटो के कैप्शन में उन्होंने लिखा था कि टाइगर जख्मी है। इस फोटो को अब तक लाखों की तादाद में देखा जा चुका है। बताया जा रहा है कि सलमान खान वर्क आउट करते हुए जख्मी हो गए। अभी उनकी चर्चा इस चोट को लेकर थमी भी नहीं थी कि अब सलमान खान एक और नए विषय के कारण चर्चा में आ गए हैं। मीडिया समाचारों के अनुसार सलमान खान होटल व्यवसाय में उतरने जा रहे हैं। मीडिया के अनुसार सलमान खान ने बांद्रा में कार्टर रोड पर एक प्रॉपर्टी खरीदी थी। उनका पहले वहां घर बनाने का मन था, लेकिन अब सलमान खान ने प्लान चेंज कर लिया है। मीडिया के मुताबिक भाईजान अब वहां 19 माले का होटल बनाने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक बीएमसी ने सलमान खान को बिल्डिंग बनाने की इजाजत भी दे दी है। खास बात तो यह है कि इस होटल से समंदर का नजारा दिखेगा। यह इमारत 69.90 की मीटर की होगी। बिल्डिंग के प्लान में होटल के लिए सातवीं से 19वीं मंजिल रखी गई है।

इस वर्ष सलमान खान अपनी ईद पर प्रदर्शित हुई किसी का भाई किसी की जान की असफलता के चलते खासे चर्चा में हैं। उनकी चर्चा दीपावली पर प्रदर्शित होने वाली टाइगर-3 को लेकर भी हो रही है। इस फिल्म को लेकर यशराज फिल्म्स जबरदस्त आशावादी नजर आ रहा है। उसे उम्मीद है कि यह फिल्म विश्व स्तर पर पठान के बराबर कारोबार करने में सफल होगी। इसी उम्मीद में आदित्य चोपड़ा ने हाल ही में 35 करोड़ की लागत खर्च करके सलमान खान और शाहरुख खान पर एक एक्शन सीन का फिल्मांकन किया है। आगामी वर्ष ईद पर सलमान खान की कोई फिल्म प्रदर्शित होने वाली नहीं है। हालांकि सलमान खान इन दिनों अपने भाई सोहेल खान की फिल्म शेरखान, साजिद नडियाडवाला की किक-2 और अनीस बज्मी की नो एंट्री-2 को लेकर भी चर्चा में हैं। बताया जा रहा है कि सलमान जल्द ही इनमें किसी एक फिल्म को अपनी हरी झंडी देने वाले हैं।

# हूबहू कैटरीना कैफ जैसी लगती हैं अलीना राय, कैटरीना ने करवाई लिप सर्जरी

## सोशल मीडिया पर खूब पसंद की जा रहीं अलीना राय





**नई दिल्ली (ईएमएस)।** मॉडल और एक्ट्रेस अच्छा दिखने के लिए कॉस्मेटिक सर्जरी का सहारा लेती हैं, पर कैटरीना कैफ जैसी कुदरती रूप से खूबसूरत एक्ट्रेस ऐसा करे, तो आप सवाल करेंगे और हैरान भी होंगे। ये फोटोज ऐसा आभास करा रही है, मानो कैटरीना कैफ ने होठों की सर्जरी कराई है, लेकिन अगर हम कहें कि ये तस्वीरें कैटरीना कैफ की नहीं हैं, किसी और की हैं, तो क्या आप यकीन करेंगे? दरअसल, ये तस्वीरें फेमस मॉडल और एक्ट्रेस अलीना राय की हैं, जिनकी सूरत कैटरीना कैफ से इतनी मिलती है कि एक बार को उनके पति विक्की कौशल भी धोखा खा जाएंगे। अलीना राय हूबहू कैटरीना कैफ जैसी लगती हैं। वे सोशल मीडिया पर काफी फेमस हैं।

फिल्म निमार्ताओं ने भी उनकी पॉपुलैरिटी को भुनाया और उन्हें कुछ फिल्मों में काम दिया। वे 28 अप्रैल को रिलीज हुई फिल्म रोश में मिथुन चक्रवर्ती के बेटे मिमोह चक्रवर्ती के साथ नजर आ रही हैं। वे इससे पहले लखनऊ जंक्शन में भी नजर आई थीं। वे बादशाह के म्यूजिक वीडियो कमाल में भी दिखी थीं। दर्शकों से उन्हें काफी प्यार मिला है। कैटरीना कैफ से सूरत मिलने की वजह से अलीना राय की सोशल मीडिया पर बड़ी फैन फॉलोइंग है. वे टिकटॉक के जरिये लोगों की नजरों में आई थीं, जहां वे अपने वीडियो पोस्ट करती थीं। अलीना के इंस्टाग्राम पर 10 लाख फॉलोअर्स हैं। अलीना राय इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव हैं, जहां वे तरह-तरह के वीडियोज और फोटोज शेयर करती रहती हैं। लोग उनकी फोटोज पर कमेंट करके बताते हैं कि वे कैटरीना कैफ से कितनी मिलती हैं। अलीना की एक पोस्ट पर उनके फैन ने लिखा कि आप बिल्कुल कैटरीना कैफ जैसी लगती हो। अलीना राय ने मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि वे अपने और कैटरीना के बीच समानता को पहचान नहीं पातीं। उन्होंने कहा था कि हम दोनों अलग-अलग शख्सियत हैं। मुझे यकीन है कि लोग वक्त के साथ इसका सम्मान करेंगे। मैं डोपलगैंगर शब्द को लेकर असहज हूं। सिर्फ एक-जैसा दिखने की वजह से हमें जज नहीं करना चाहिए। हम सभी में सूरत के अलावा भी बहुत कुछ है। कैटरीना कैफ की बात करें तो वे अगली बार टाइगर 3 में नजर आएंगी, जो इसी साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगी। 39 साल की एक्ट्रेस ने साल 2021 में विक्की कौशल से शादी की थी। 35 साल के विक्की अगली बार सैम बहादुर में नजर आएंगे, जिसे इसी साल 1 दिसंबर को रिलीज करने की योजना है।

# मेरी मां भारतीय हिंदू थीं व पिता भारतीय मुस्लिम, मां की दूसरी शादी एक जर्मन शख्स से हुईः जीनत अमान

**इंस्टाग्राम पर मां के बारे में गलत जानकारी पढ़ नाराज हुई जीनत अमान, उतारा गुस्सा**



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड सितारों के पसर्नल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में हम रोज नए आर्टिकल्स देखते हैं, क्योंकि लोगों को स्टार के बारे में जानने की दिलचस्पी रहती है। जीनत अमान ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर डेब्यू किया है। सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरों के साथ वह अक्सर इंडस्ट्री पर बात करती हुई दिखती हैं। हाल ही में उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए एक इंस्टा स्टोरी पोस्ट की, जिसमें अपनी जातीयता को स्पष्ट किया। आप सोच रहे होंगे कि आखिर ऐसा क्या हो गया कि जीनत अमान को अपनी जातीयता को स्पष्ट करना पड़ा। दरअसल, ये उन्होंने इसलिए किया क्योंकि पिछले दिनों एक आर्टिकल में उन्हें उन हस्तियों की सूची में शामिल किया गया था, जिनके माता-पिता अलग-अलग देश से आते हैं, जिसके बाद उन्होंने दावा किया कि ये फैक्ट गलत है। जीनत अमान ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक आर्टिकल का एक स्क्रीनशॉट शेयर किया था, जिसमें उनके बारे में गलत जानकारी दी गई थी। दरअसल, एक्ट्रेस को उस आर्टिकल में उन मशहूर हस्तियों के ग्रुप में शामिल किया गया था, जिनके माता-पिता अलग-अलग देश से आते हैं। आर्टिकल के देखने के बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी मां एक भारतीय हिंदू थीं और उनके पिता एक भारतीय मुस्लिम। उनकी मां की दूसरी शादी एक जर्मन शख्स से हुई थी।

# विन डीजल की मूवी फास्ट एक्स की बॉक्स ऑफिस पर ताबडतोड़ कमाई

## द केरल स्टोरी और पीएस-2 के कलेक्शन पर असर



**मुंबई (ईएमएस)।** हॉलीवुड की लोकप्रिय फिल्म सीरीज फास्ट एंड फ्यूरियस के अब तक कई पार्ट आ चुके हैं। इस फ्रेंचाइजी के सभी पार्ट ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की है। बीते हफ्ते गुरुवार को फास्ट एंड फ्यूरियस 10 सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने आते ही दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर अपना कब्जा जमा लिया। हालांकि, कमाई के मामले में इंडिया में भी सिनेमाघरों में रिलीज होते ही फास्ट एक्स ने बड़ी-बड़ी बॉलीवुड फिल्मों का तख्त हिलाकर रख दिया है। जहां फिल्म ने ऐश्वर्या राय की पोन्नियिन सेल्वन-2 बॉक्स ऑफिस पर करारी मात दी, वहीं द केरल स्टोरी की नैया भी इसके आते ही डगमगा गई। विन डीजल जस्टिन लिन, जो रोथ स्टारर फास्ट एंड फ्यूरियस-10 का क्रेज लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म को देखने की जितनी दीवानगी दुनियाभर में है, उतना ही क्रेज इस फिल्म के लिए इंडिया में भी दिख रहा है। इंग्लिश भाषा में फास्ट-एक्स को फैंस पसंद कर ही रहे हैं, लेकिन इसी के साथ हिंदी में भी सिनेमाघरों में भी लोग विन डीजल की फिल्म का पूरा आनंद उठा रहे हैं। फिल्म ने चार दिनों के अंदर ही इंडियन बॉक्स ऑफिस पर अब तक 59.75 करोड़ की नेट और 71 करोड़ का टोटल कलेक्शन किया है। जहां हिंदी में वीकेंड तक फास्ट एंड फ्यूरियस-10 ने 27.9 करोड़, तमिल में 2 करोड़, तेलुगु में 1.55 करोड़ और इंग्लिश में टोटल 28.3 करोड़ का टोटल बिजनेस किया है। इस फिल्म ने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर शनिवार को जहां हिंदी में 7.1 करोड़ का बिजनेस किया, तो वहीं रविवार को फिल्म की कमाई 8.85 करोड़ की हुई। इसके अलावा अंग्रेजी में फिल्म का तीसरे दिन पर कलेक्शन 8.25 करोड़ था, लेकिन चौथे दिन 7.65 करोड़ का हुआ। दुनियाभर में फॉस्ट एक्स छप्परफाड़ कमाई कर रही है। वर्ल्डवाइड इस फिल्म ने अब तक 2600 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।

# नव्या नवेली नंदा ने चलाया टैक्टर





मेगास्टार अमिताभ बच्चन की पोती नव्या नवेली नंदा का गुजरात के एक गांव में ट्रैक्टर चलाने का वीडियो वायरल हो रहा है। नव्या, आरा हेल्थ की को-फाउंडर हैं, जो कि वुमन सेंट्रिक हेल्थ कंपनी है, ने गुजरात के गांव की अपनी हालिया यात्रा की एक झलक साझा की, जहां वह स्थानीय महिलाओं से मिलीं और ट्रैक्टर चलाया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी टीम के साथ वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने गुजरात के गणेशपुरा का दौरा किया। नव्या ने आरा हेल्थ द्वारा आयोजित मीटिंग में महिलाओं से मुलाकात की। नव्या बिग बी की बेटी श्वेता बच्चन और उनके पति निखिल नंदा की बेटी हैं, जो अभिनेत्री करीना कपूर और रणबीर कपूर के चचेरे भाई हैं। उनका अगस्त्य नाम का एक भाई भी है, जो जोया अख्तर के द आर्चीज के रूपांतरण में अभियन की शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# कान फिल्म फेस्टिवल को लेकर उत्साहित हैं सुरवीन चावला



एक्ट्रेस सुरवीन चावला प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल-2023 में नजर आएंगी। प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में सुरवीन का यह दूसरा मौका है। उन्होंने 2013 में कान में अपनी फिल्म अग्ली के लिए शुरूआत की थी। इस बारे में बात करते हुए सुरवीन ने कहा कि मैं प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल में दूसरी बार जाने को लेकर उत्साहित हूं। कान मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है और इस प्रतिष्ठित रेड कार्पेट का हिस्सा बनना एक अविश्वसनीय सम्मान की बात है। मैं भाग्यशाली रही हूं कि मुझे साल के सबसे प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में से एक में भाग लेने का मौका मिला, जिसमें फिल्म दिग्गज, फैशन एक्सपट्र्स और मनोरंजन इंडस्ट्री के सबसे बड़े नाम शामिल हुए।

मैं हाई फैशन लेंस के माध्यम से हमारी वाइब्रेंट कल्चर का एक हिस्सा प्रदर्शित करने के लिए उत्सुक हूं। सारा अली खान, ऐश्वर्या राय बच्चन, उर्वशी रौतेला सहित कई बॉलीवुड हस्तियों ने वहां रेड कार्पेट पर अपना बेस्ट फैशन पेश किया।

# कैटरीना और तब्बू ने भरी महफिल में मेरे पैर छुए : मनोज बाजपेयी





**मुंबई (ईएमएस)।** हिंदी सिनेमा के अनुभवी अभिनेता मनोज बाजपेयी के अभियान का कायल कौन नहीं है। आम आदमी से लेकर सेलिब्रिटीज तक, हर कोई मनोज के उम्दा अभियन के दीवाने हैं। एक बार ऐसा हुआ कि अभिनेता कैटरीना कैफ और तब्बू ने मनोज बाजपेयी से इंप्रेस होकर भरी महफिल में उनके पैर छू लिया। इसकी वजह से मनोज को काफी शर्मिंदगी महसूस हुई थी। मनोज बाजपेयी ने कैटरीना कैफ के साथ प्रकाश झा की फिल्म राजनीति (2010) में काम किया था। हालांकि, फिल्म में दोनों एक साथ दिखाई नहीं दिए थे। राजनीति के प्रीमियर में जब मनोज को पूरी स्टार कास्ट के साथ पोज देने के लिए बुलाया गया, तब कैटरीना उनके पास गईं और भरी महफिल में उनके पैर छूकर कहा था, आप शानदार एक्टर हैं। मनोज ने इस किस्से को याद कर कहा कैटरीना ने मिट्टी पलीद कर दी। उसने पूरे मीडिया के सामने मेरे पैर छुए। राजनीति देखने के बाद ये उसका मेरे प्रति सम्मान दिखाने का तरीका था। वह बहुत खुश थी। हमने साथ में काम किया था, लेकिन हमारा साथ में कोई सीन नहीं था। उन्हें फील हुआ, भले ही मैं वहां नहीं थी, लेकिन मुझे नहीं पता था कि यह आदमी फिल्म में कैसा परफॉर्म कर रहा है। वह बहुत खुश थी। सिर्फ कैटरीना नहीं, तब्बू भी मनोज बाजपेयी का पैर छू चुकी हैं। मनोज की फिल्म सत्या के रिलीज होने के बाद तब्बू भी मनोज की एक्टिंग से इस कदर खुश हुई थीं कि उन्होंने मनोज के का पैर ही छू लिया था। उस मोमेंट को याद कर मनोज ने कहा, तब्बू ने सत्या देखा था और वह सेट पर आईं। सबके सामने उसने मेरे पैर छू लिए। मेरी प्रशंसा करने का ये उनका तरीका था। मुझे थोड़ी शर्मिंदगी हुई, क्योंकि इतनी खूबसूरत हीरोइन मेरे पैर छू रही हैं। आपको लगता है कि आप बूढ़े हैं।

# कार में बैठकर बेबी बंप फ्लॉन्ट करती दिख रही इलियाना

मां बनने जा रही अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह गाड़ी में बैठी नजर आकर बेबी बंप फ्लॉन्ट कर रही हैं। इलियाना ने एक क्लिप शेयर की। क्लिप में उन्होंने ब्लैक और वाइट ड्रेस पहनीं हुई है और वह कार में बैठीं है। उन्होंने कैप्शन में इस सन आउट, बम्प आउट कहा। पिछले महीने, इलियाना ने घोषणा की कि वह प्रेग्नेंट है। उन्होंने किड टीशर्ट, जिसपर एंड सो द एडवेंचर बिगिन्स लिखा था और ममा का पेंडेट की फोटो शेयर की थी। पहले खबर आई थी कि इलियाना कैटरीना कैफ के भाई सेबेस्टियन लॉरेंट मिशेल को डेट कर रही हैं। हालांकि, उनमें से किसी ने भी रिश्तों की पुष्टि नहीं की। हालांकि, इलियाना ने अभी भी बच्चे के पिता के बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की है।

# फिर जलवा दिखाएंगे जूनियर एनटीआर



जूनियर एनटीआर ने हाल ही में अपना 40वां जन्मदिन मनाया है। आरआरआर के बाद अपनी अगली फिल्म निर्देशक शिवा कोराताला के साथ लेकर आने वाले हैं। इस खुशी के मौके पर कोराताला शिवा की टीम ने अपनी फिल्म के टाइटल व प्रदर्शन तिथि की घोषणा कर दी है। बताया जा रहा है कि जूनियर एनटीआर की इस फिल्म का नाम देवरा है और यह 5 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी। आरआरआर के बाद से जूनियर एनटीआर का क्रेज हिन्दी भाषी क्षेत्रों में बहुत ज्यादा बढ़ गया है, जिसके चलते अब उनकी फिल्मों को हिन्दी में प्रदर्शित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि निर्देशक कोरताला शिवा ने तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री को कई शानदार और सुपरहिट फिल्में दी हैं। मगर बीती दफा सुपरस्टार राम चरण और चिरंजीवी संग आई उनकी फिल्म आचार्य थिएटर्स में धमाल नहीं मचा पाई थी।

## सूडोकु नवताल- 6440

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6439 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

## शब्दजाल - 7187

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | घा | त | ह | दा | प | र | तू | ग | झ | आ |
| ज | अ | ल | म | आ | त | ता | यी | तें | शा | ई |
| अं | इ | नु | दि | ल | दा | ल | ढा | र | ला | ना |
| आ | कु | अ | ल | बे | ला | क | ई | रि | श | लौ |
| स | मा | श | आ | तं | क | स | अ | ग | वी | ट |
| री | रं | दा | चु | व | लि | आ | वा | ग | म | न |
| आ | गा | ल | के | गा | आ | म | र | कौ | या | ले |
| ग | बा | आ | रा | म | क | रो | प्रे | ग | श | थ |
| म | स | मि | न | व | न | ज | ग्य | शा | जू | द |
| न | र | ल | म | ह | र | औ | के | स | प | ना |
| थो | आ | स | मा | न | हो | ग | या | दु | र | क |

*शब्दजाल में 'आ' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

आराम,आगमन,आईना,आसमान,आघात, आरोग्य,आवागमन,आमादा,आततायी, आतंक

### शब्दजाल - 7186 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | हु | मे | रि | ना | ट | क | ल | च | ट | र्जी |
| ज | खु | क | दू | इं | जी | ने | शि | या | ड़ | नी |
| नी | पी | ना | यि | का | ग | बा | द | ह | प | ल |
| न | ग | ए | ना | मु | म | कि | न | ह | लि | ना |
| व | र | ना | ग | रि | क | ला | कि | यो | प | मा |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | वा | शी | ह | गी | कू |
| न | ना | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | ल |
| क | रि | का | र | य | र | ना | का | म | वि | रे |
| र | या | बा | बि | ह | न | ज | जी | शा | जू | ड्डी |
| र | ग | ल | नो | ल | व | ना | का | रा | टि | ल |
| बां | स | ना | रा | य | ण | ले | स | सु | रा | ल |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6140

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 6 | 1 | | 4 | |
| | 33 | | 23 | | 33 | 6 |
| 5 | | 2 | | 1 | | 3 |
| | 40 | | 27 | 4 | 24 | |
| 7 | | 5 | | | 2 | |
| 6 | 37 | | 38 | 7 | 33 | 2 |
| | | 3 | 4 | | 6 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6139 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 30 | 7 | 31 | 4 | 34 | 2 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 29 | 6 | 33 | 6 | 37 | 3 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 3 | 30 | 5 | 32 | 7 | 34 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# एम्बाप्पे के दो गोल से जीता पीएसजी, खिताब की दहलीज पर; ऑक्सेरे को 2-1 से हराया

**नई दिल्ली ।** गत विजेता पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) फ्रेंच लीग का रिकॉर्ड 11वां खिताब जीतने से सिर्फ एक अंक दूर खड़ा है। उसने ऑक्सेरे को 2-1 से हराकर दूसरे स्थान पर मौजूद लेंस पर छह अंकों की बढ़त को बरकरार रखा है। पीएसजी की इस जीत में दोनों गोल स्टार फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे ने किए। लीग-1 में सिर्फ दो दौर के मुकाबले शेष रह गए हैं। पीएसजी को इस सप्ताह स्ट्रॉसबर्ग को सिर्फ बराबरी पर रोकना है। 11वां खिताब जीतने पर पीएसजी 10 बार की चैंपियन सेंट एटिएने को पीछे छोड़ देगा।

## 28 गोल के साथ फिर शीर्ष स्कोरर बने एम्बाप्पे

खेल के पहले आठ मिनट में ही पीएसजी ने एम्बाप्पे के दो गोल की बदौलत 2-0 की बढ़त बना ली। दोनों ही गोल में लियोनल मेसी की भूमिका रही। इन दो गोल के साथ एम्बाप्पे एक बार फिर लीग के शीर्ष गोल स्कोरर बन गए हैं। उनके 28 गोल हो गए हैं। उन्होंने 26 गोल करने वाले लेंस के स्ट्राइकर एलेक्जेंडर लोकाजेटे को पीछे छोड़ दिया है।

## पीएसजी का कमजोर रक्षण फिर बना परेशानी

दो गोल की बढ़त के बावजूद पीएसजी का रक्षण एक बार फिर उसके लिए सिरदर्दी बना रहा। पहले हाफ के खत्म होने से कुछ मिनट पहले रेयान रावेलसन का निशान क्रास बार से टकरा गया, जिसे गोलकीपर जियानलुइगी डोन्नरमा ने बिजली की तेजी से बचाया। 51वें मिनट में ऑक्सेरे ने बढ़त कम कर दी। लेसीन सिनायेको ने गोल कर स्कोर 1-2 कर दिया। 75वें मिनट में डोन्नरमा ने हेंस के शॉट का खूबसूरती से बचाव किया।

## विनिसियस पर रंगभेदी हमला, एम्बाप्पे समर्थन में उतरे

ला लिगा में रियल मैड्रिड और वेलेंसिया के बीच खेले गए मुकाबले में रियल केब्राजीली स्ट्राइकर विनिसियस जूनियर एक बार फिर रंगभेद के शिकार हुए। रियल के कोच कार्लो एंसोलेटी के मुताबिक विनिसियस को मैच के दौरान गोल के पीछे बैठे एक दर्शक ने बंदर कहकर पुकारा। वह अपने फुटबालर को मैदान से बाहर बुलाने के पक्ष में थे। इस दौरान मैच बीच में रोकना पड़ा। बाद में उन्हें मैदान से बाहर भी बुला लिया गया। रियल यह मुकाबला 0-1 से हार गया। विनिसियस पर स्पेन में लगातार रंगभेदी टिप्पणियां हो रही हैं। एम्बाप्पे ने सोशल मीडिया पर विनिसियस का समर्थन करते हुए लिखा कि आप अकेले नहीं है, हम आपके साथ हैं और आपके समर्थन में खड़े हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### हेजलवुड डब्ल्यूटीसी और एशेज सीरीज के लिए फिट हुए

**मेलबर्न ।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा है कि अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भारत के



खिलाफ अगले माह होने वाली विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और के साथ ही एशेज सीरीज में भी खेलेंगे। सीए के अनुसार हेजलवुड अब अपनी चोट से पूरी तरह से उबर गये हैं। डब्ल्यूटीसी का फाइनल अगले माह 7 से 11 जून तक लंदन के ओवल में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिशाई टीम इसके बाद 16 जून से 31 जुलाई तक पांच मैचों की एशेज सीरीज खेलेगी। हेजलवुड आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की ओर से खेलते हुए चोटिल होने के बाद स्वदेश लौट गये थे। सीए ने हालांकि कहा कि वह इंग्लैंड दौर के लिए फिट है। सीए प्रवक्ता ने कहा, '' हेजलवुड ने अपने आईपीएल मैच के पूरा होने के बाद हल्के दर्द की बात कही थी। वह पिछले सप्ताह स्वदेश लौट आये थे। उन्होंने कहा, '' इलाज और आराम के बाद हेजलवुड ने पिछले सप्ताह गेंदबाजी अभ्यास की शुरुआत की है। डब्ल्यूटीसी और एशेज को देखते हुए हम धीरे-धीरे उनके गेंदबाजी कार्यभार को बढ़ाते रहेंगे। साथ ही कहा कि हेजलवुड को डब्ल्यूटीसी और एशेज श्रृंखला के लिए फिट और उपलब्ध माना जाये। इस तेज गेंदबाज की जांच में पता चला कि उनकी चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। उन्होंने नौ मई को आईपीएल में सत्र का अपना पहला मैच खेला था। उन्होंने इस दौरान तीन मैचों में नौ ओवर गेंदबाजी की थी। हजलवुड भारत के खिलाफ टेस्ट में खासे सफल रहे है। उनके नाम 59 टेस्ट में 222 विकेट हैं ऐसे में उनकी वापसी से हैं, डब्ल्यूटीसी में भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ जाएंगी।

### आईसीसी ने अंपायर जतिन कश्यप पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया: 14 दिन में जवाब मांगा, जिला स्तरीय अंपायर हैं जतिन




**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भटिंडा के अंपायर जतिन कश्यप पर आईसीसी एंटी करप्शन कोड के दो मामलों के उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। साल 2022 में खेले गए इंटरनेशनल मैचों की चल रही जांच के बाद जतिन कश्यप पर ये आरोप लगे। जतिन पर ओमान में 2022 एशिया कप क्वालिफायर में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को भ्रष्ट करने का आरोप लगाया गया है। आईसीसी ने 2022 के उन इंटरनेशनल मैचों को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं दी, जिनकी जांच में अंपायर पर आरोप लगे हैं। कश्यप ने पंजाब में जिला स्तर के मैचों में अंपायरिंग की है और वो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अंपायर पैनल में शामिल नहीं हैं। आईसीसी के अनुसार, कश्यप पर कोड के अनुच्छेद 2.4.6 और 2.4.7 के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। जो संभावित एंटी करप्शन यूनिट की जांच में देरी करने और उसमें सहयोग नहीं करने का आरोप है। अंपायर जतिन कश्यप को अपनी सफाई में जवाब देने के लिए 14 दिन का समय दिया गया है। जतिन कश्यप की ये समय सीमा 19 मई से शुरू हो गई है।

### कोविड लॉकडाउन ने मुझे संगीत की ओर मोड़ दिया : क्रिस गेल

**मुंबई ।** वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेट कप्तान और रिकॉर्ड तोड़ बल्लेबाज क्रिस गेल ने कहा है कि वह दीपिका



पादुकोण के साथ एक गाने पर डांस करना पसंद करेंगे। आर्को के साथ अपने संगीत वीडियो, ओह फातिमा को जारी करते हुए, दोस्तों, विशेष रूप से पार्श्व गायक शान के साथ, क्रिकेटर ने कहा कि अगर उन्हें कभी किसी बॉलीवुड अभिनेत्री के साथ नृत्य करने का मौका मिलता है, तो वह दीपिका होंगी। गेल ने कहा, मैं उनसे व्यक्तिगत रूप से मिला हूं। दीपिका पादुकोण, बहुत अच्छी महिला हैं। मुझे एक गाने में दीपिका पादुकोण के साथ डांस करना अच्छा लगेगा। यह पूछे जाने पर कि उनका संगीत करियर कैसे आगे बढ़ा, गेल ने जवाब दिया: यह सब महामारी के दौरान शुरू हुआ जब हम सभी अपने घरों में बंद थे। मेरे एक दोस्त ने कहा कि चलो साथ में एक गाना करते हैं। वह मेरे घर आए और हमने साथ में एक गाना भी किया। मैं इससे बहुत रोमांचित था और सबसे अच्छी बात यह थी कि जमैका में लोगों ने इसे स्वीकार कर लिया। फिर मैंने एक और गीत रिकॉर्ड किया और अंततः अपने घर पर अपना स्टूडियो स्थापित किया और संगीत क्षेत्र के लोगों के साथ सहयोग करना शुरू कर दिया।

प्लेऑफ से बाहर हुई टीमों ने दिए 7 फ्यूचर स्टार्स

# रिंकू सिंह ने बनाए 474 रन, प्रभसिमरन और जायसवाल ने लगाए शतक

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग में इस सीजन की टॉप-4 टीम मिल गई हैं। चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जायंट्स ने सीजन में शानदार परफॉर्मेंस करते हुए पॉइंट्स टेबल के टॉप-4 में फिनिश किया। 6 टीमें लीग स्टेज से आगे नहीं बढ़ पाईं। हालांकि, इन 6 टीमों से 7 ऐसे फ्यूचर स्टार्स सामने आए हैं जिन्होंने अपने प्रदर्शन से सभी को इम्प्रेस किया है। इन खिलाड़ियों में 4 बैटर्स और 3 बॉलर्स हैं इन खिलाड़ियों को जल्द ही टीम इंडिया में एंट्री भी मिल सकती हैं।

**रिंकू सिंह, मिडिल ऑर्डर बैटर** - स्ट्रेंथ- अच्छे फिनिशर, मिडिल और डेथ ओवर्स में टीम को संभालते हैं कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने गुजरात के खिलाफ 5 बॉल पर 5 सिक्स लगा कर अपने नाम का परचम लहराया। इस सीजन आंद्रे रसेल के बुरे फॉर्म में होने के बाद 25 साल के रिंकू सिंह ने कोलकाता के लिए फिनिशर की जिम्मेदार निभाई। 2018 में आईपीएल डेब्यू करने वाले रिंकू ने इस सीजन सबसे ज्यादा 474 रन बनाए हैं।

**यशस्वी जायसवाल, ओपनर** - स्ट्रेंथ- तूफानी बल्लेबाज, पावरप्ले में हिटिंग की क्षमता 21 साल के यशस्वी जायसवाल के खेल को देखने के बाद कई क्रिकेट पंडित और दिग्गज इस युवा को भारतीय टीम के भविष्य का सितारा बता चुके हैं। यशस्वी ने इस सीजन राजस्थान रॉयल्स की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाए। साथ ही उन्होंने एक शतक भी लगाया। यशस्वी रिंकू सिंह के




साथ इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन के भी प्रबल दावेदार हैं।

आने वाले समय में टीम इंडिया से शुभमन गिल के साथ यशस्वी जायसवाल ओपनिंग करते दिख सकते हैं, क्योंकि यशस्वी ने आईपीएल से पहले घरेलू क्रिकेट में भी मुंबई के लिए बेहतरीन पारियां खेलीं।

**प्रभसिमरन सिंह, ओपनर** - स्ट्रेंथ- विस्फोटक ओपनिंग बैटर हैं, मिडिल ओवरों में भी तेजी से रन बनाते हैं आईपीएल में लम्बे समय के बाद 22 साल के प्रभसिमरन सिंह को सीजन में 2 से ज्यादा मैच खेलने का मौका मिला। 2019 से 2022 तक प्रभसिमरन कुल 6 ही मैच खेल सके। लेकिन इस सीजन उन्होंने पूरे 14 मैच खेले। उनके बल्ले से एक शतक के साथ 358 रन निकले।

**जितेश शर्मा, विकेटकीकपर बैटर** - स्ट्रेंथ- बेहतरीन विकेटकीपर, बड़े शॉट्स लगाना जानते हैं पंजाब किंग्स के खिलाड़ी जितेश शर्मा विदर्भ से डोमेस्टिक क्रिकेट खेलते हैं। जितेश 2017 में मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे। हालांकि, उन्होंने पहला आईपीएल मैच 2022 में पंजाब किंग्स की ओर से खेला। 29 साल के जितेश ने इस सीजन 12 मैचों में 156 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 234 रन बनाए। जितेश ने विकेट कीपिंग के साथ ही फिनिशर का रोल भी निभाया।

**मयंक मार्कंडेय, लेग स्पिनर** - स्ट्रेंथ- रिस्ट स्पिनर, मिडिल ओवरों में विकेट निकालते हैं लेग स्पिनर मयंक मार्कंडेय ने इस सीजन शानदार प्रदर्शन किया है। टीम के लिए भुवनेश्वर कुमार के बाद मार्कंडेय ने सबसे ज्यादा विकेट लिए। 25 साल के इस स्पिनर ने 2018 में आईपीएल डेब्यू किया था। डेब्यू सीजन के बाद 2023 मार्कंडेय के लिए कमबैक सीजन रहा। 2018 में मारकंडे ने 14 मैच में 21 विकेट लिए थे। वहीं, इस सीजन मार्कंडेय के नाम 10 मैच में 12 विकेट हैं।

मार्कंडेय भारतीय टीम से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2019 में एक टी-20 मुकाबला खेल चुके हैं। हालांकि, इसके बाद उन्हें मौका नहीं मिला। 2019 से 2022 तक आईपीएल में भी वह कुछ खास नहीं कर सके, लेकिन इस बार उन्हें अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिल सकता है।

**विजयकुमार वैशाख, तेज गेंदबाज** - स्ट्रेंथ- लगातार 140+ की स्पीड से गेंदबाजी, मिडिल और डेथ ओवर्स में विकेट निकाले हैं आरसीबी के तेज गेंदबाज विजय कुमार वैशाख ने अपने डेब्यू सीजन में ही सभी को प्रभावित किया है। 26 साल के वैशाख ने शानदार बॉलिंग करते हुए 7 मैचों में 9 विकेट झटके। वैशाख कर्नाटक की ओर से ही डोमेस्टिक क्रिकेट भी खेलते हैं। तेज रफ्तार की गेंदबाजी के साथ ही वैशाख की बाउंसर और यॉर्कर पर अच्छी पकड़ है। उन्हें नई बॉल का फायदा उठाना सीखना होगा। यह उनका वीक पॉइंट है। कई बार नई बॉल से बहुत रन देते हैं। लेकिन इनमें मोहम्मद सिराज की तरह टीम इंडिया में शामिल होने की क्षमता है।

**सुयश शर्मा, लेग स्पिनर** - स्ट्रेंथ- तेज गति से लेग स्पिन और शानदार गूगली 20 साल के इस युवा गेंदबाज ने इस सीजन कोच और फैंस को सरप्राइज किया। दाएं हाथ के इस लेग स्पिनर ने 11 मैचों में 10 विकेट लिए। सुयश शानदार गुगली फेंकते हैं। दिल्ली क्लब क्रिकेट से शुरुआत करने वाले सुयश में टीम इंडिया का हिस्सा बनने का पोटेंशियल है। टीम इंडिया की रिस्ट स्पिनर की हमेशा से जरूरत रही है, ऐसे में सुयश अगर घरेलू क्रिकेट में अच्छा करें तो जल्द ही इंडिया-ए टीम का हिस्सा बन सकते हैं।

नीरज चोपड़ा दुनिया के नंबर वन जेवलिन थ्रोअर बने

# ऐसा करने वाले देश के पहले एथलीट, 8 महीने से वर्ल्ड नंबर दो पर थे



**नई दिल्ली ।** टोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा दुनिया के नंबर-वन जेवलिन थ्रोअर बन गए हैं। वह देश के पहले एथलीट हैं, जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। वर्ल्ड एथलेटिक्स फेडरेशन ने यह रैंकिंग जारी की। नीरज 1455 अंकों के साथ नंबर वन पर काबिज हैं। उन्होंने वर्ल्ड चैंपियन ग्रेनाडा के एंडर्सन पीटर्स को 22 अंकों से पीछे छोड़ दिया।

रैंकिंग में पड़ोसी देश पाकिस्तान के थ्रोअर अरशद नदीम पांचवें स्थान पर रहे। नदीम ने कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था। इसमें नीरज चोपड़ा चोट की वजह से भाग नहीं ले पाए थे। वहीं, भारत के रोहित यादव 15वें और डीपी मनु 17वें स्थान के साथ टॉप-20 में शामिल हैं।

## 8 महीने से वर्ल्ड नंबर पर-दो पर थे काबिज

नीरज 30 अगस्त, 2022 से वर्ल्ड नंबर दो पर थे। पीटर्स अब तक नंबर एक जेवेलिन थ्रोअर बने हुए थे। वहीं, इस महीने 5 मई को दोहा में हुए डायमंग लीग में नीरज ने 88.67 मीटर की दूरी पर भाला फेंककर गोल्ड मेडल जीता था। उधर, वर्ल्ड नंबर वन एंडर्सन पीटर्स 85.88 मीटर फेंकर तीसरे स्थान पर रहे थें। टोक्यो ओलिंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट जाकूब बादलेच दूसरे स्थान पर थे।

## फ्रांस में अपने खिताब को डिफेंड करने की चाहत

भारतीय भाला फेंक एथलीट एशियाई खेलों के भी मौजूदा चैंपियन हैं। उन्होंने इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित 2018 एशियाई खेल में गोल्ड मेडल जीता था। वे इस साल 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांगझोऊ में होने वाले एशियाई खेलों में अपने खिताब को डिफेंड करना चाहेंगे। नीरज ने पिछले साल यूजीन वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में सिल्वर जीता था।

# उसकी कलाई मजबूत और टाइमिंग शानदार है, ब्रेट ली ने भारत के युवा बल्लेबाज की तारीफों के पुल बांधे

**नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस के ओपनर शुभमन गिल ने मौजूदा आईपीएल में अपने प्रदर्शन से काफी प्रभावित किया है। गिल ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ शतक जमाकर विराट कोहली की शतकीय पारी पर पानी फेरा और गुजरात टाइटंस को यादगार जीत दिलाई।**



शुभमन गिल की पारी से ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली काफी प्रभावित हुए। जिओ सिनेमा में बतौर विशेषज्ञ पैनल में शामिल ब्रेट ली ने गिल की तारीफों के पुल बांधे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, शुभमन गिल ने अपनी पारी के दौरान तीन छक्के जड़े। उन्होंने जिस तरह लेग साइड में शॉट खेले, वो मुझे बहुत पसंद आए। उनके शॉट्स में ताकत थी। वो ऐसा इसलिए कर सके क्योंकि उनकी कलाई मजबूत है और उन्होंने शानदार टाइमिंग के साथ शॉट खेले।

## शुभमन गिल का मौजूदा सीजन में प्रदर्शन

गुजरात टाइटंस के ओपनर शुभमन गिल ने आईपीएल 2023 में अब तक 14 मैचों में 680 रन बनाए, जिसमें दो शतक और 4 अर्धशतक शामिल है। गिल की औसत 36.34 की रही और उनका स्ट्राइक रेट 131.43 का रहा। गुजरात टाइटंस को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पहला क्वालीफायर मुकाबला खेलना है और ऐसे में गत चैंपियन को अपने ओपनर से एक बार फिर धमाकेदार शुरुआत की उम्मीद रहेगी।

## कोहली की तारीफ

इस दौरान भारतीय टीम के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने विराट कोहली की तारीफ की और उनकी पारी की अहमियत को समझाया। भारतीय टीम के पूर्व हेड कोच अनिल कुंबले ने कहा, आप वो जुनून और भूख देख सकते थे। यह पारी आरसीबी के लिए जरूरी थी क्योंकि अन्य कोई बल्लेबाज नहीं चला। फाफ डू प्लेसी बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, लेकिन जल्दी आउट हो गए। उनके आउट होते ही विराट कोहली पर दबाव आ गया। मगर उस दबाव और जिम्मेदारी के बावजूद उन्होंने शतक जमाया।

# कोलंबो स्ट्राइकर्स ने बाबर आजम, मथीशा पथिराना को आइकन खिलाड़ी घोषित किया

**कोलंबो। कोलंबो स्ट्राइकर्स, जो इस साल लंका प्रीमियर लीग का अपना पहला सीजन खेलेगा, ने सितारों से सजे आइकॉन प्लेयर्स लाइन-अप की घोषणा की, जिसमें पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और तेज गेंदबाज नसीम शाह और श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना और चमिका करुणारत्ने शामिल हैं।**

20 वर्षीय पथिराना ने हाल के दिनों में टी20 में अपने प्रदर्शन से क्रिकेट की दुनिया में तहलका मचा दिया है। तेज गेंदबाज ने 20 मैचों में 22.36 की शानदार औसत से 22 विकेट लिए हैं। इस बीच, कोलंबो स्ट्राइकर्स टीम में गेंदबाजी ऑलराउंडर चमिका करुणारत्ने अहम भूमिका निभाएंगे। अनुभवी करुणारत्ने ने 93 टी20 मैचों में 60 विकेट लिए हैं और 726 रन बनाए हैं।



कोलंबो फ्रेंचाइजी निश्चित रूप से अपने सेट-अप में पाकिस्तान के सुपरस्टार बाबर आजम के साथ दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करेगी। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ने 260 टी20 में 44.02 की शानदार औसत से 9201 रन बनाए हैं। तेज गेंदबाज नसीम शाह पथिराना के साथ गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करते दिखेंगे। इस युवा खिलाड़ी ने 76 मैचों में 29.75 की शानदार औसत से 73 विकेट लिए हैं। एक मीडिया विज्ञप्ति में सागर खन्ना ने कहा, हम अपने आइकॉन प्लेयर्स लाइन-अप के हिस्से के रूप में सबसे बड़े टी20 सितारों में से चार को पाकर बहुत रोमांचित हैं। हमने खिलाड़ियों का एक मजबूत कोर ग्रुप बनाया है जिसके चारों ओर हम सीजन के लिए एक मजबूत टीम का निर्माण करेंगे। इन सुपरस्टार्स के साथ हम एक पावर-पैक टीम बनाने के अपने रास्ते पर हैं। 30 जुलाई से 20 अगस्त, 2023 तक होने वाले लीग के चौथे संस्करण से पहले, कोलंबो स्ट्राइकर्स की ओर से, अन्य चार फ्रेंचाइजी टीमों ने भी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों पर हस्ताक्षर किए।

दांबुला ऑरा ने मैथ्यू वेड, कुसल मेंडिस, लुंगी एनगिडी, अविष्का फर्नांडो को साइन किया है, जबकि गाले ग्लैडिएटर्स को शाकिब अल हसन, दासुन शनाका, तबरेज शम्सी, भानुका राजपक्षे की सेवाएं मिलेंगी।

दूसरी ओर, जाफना किंग्स ने डेविड मिलर, थिसारा परेरा, रहमानुल्लाह गुरबाज, महेश थीक्षणा को अनुबंधित किया है, जबकि कैंडी फाल्कन्स ने मुजीब उर रहमान, वानिंदु हसरंगा, फखर जमान, एंजेलो मैथ्यूज जैसे खिलाड़ियों को अनुबंधित किया है।

गुजरात के खिलाफ मैच में चोटिल हुए कोहली

# डब्लूटीसी फाइनल से पहले टीम इंडिया की बढ़ी टेंशन

**मुंबई ।** विराट कोहली गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले मैच में फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए। कोहली 7 से 11 जून के बीच इंग्लैंड के द ओवल मैदान में खेले जाने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में टीम इंडिया के सदस्य हैं। पहले से ही चोट से परेशान चल रही टीम इंडिया को विराट कोहली के चोटिल होने से टेंशन बढ़ गई है। आईपीएल में बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच मैच खेला गया। जिसमें गुजरात ने 6 विकेट से बेंगलुरु को हराकर प्ले ऑफ से बाहर का रास्ता दिखाया। कोहली ने गुजरात टाइटंस की पारी के 15वें ओवर में विजय शंकर का बाउंड्री के पास कैच लपका। इस कोशिश में उनका घुटना मैदान पर जा लगा। कोहली ने कैच तो लपक लिया, लेकिन इसके बाद वो दर्द में नजर आए। उन्हें चलने में परेशानी महसूस हुई। इसके बाद कोहली मैदान से बाहर चले गए और फिर फील्डिंग के लिए मैदान में नहीं लौटे। मैच के बाद आरसीबी के मुख्य कोच संजय



बांगर ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कोहली के घुटने में चोट की पुष्टि की और कहा कि उम्मीद करता हूं कि चोट ज्यादा गंभीर न हो।

**बुमराह, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर चोट की वजह से हो चुके हैं बाहर** - टीम इंडिया के कई सीनियर्स खिलाड़ी चोट की वजह से पहले ही बार हो चुके हैं। जसप्रीत बुमराह आईपीएल से पहले ही चोट की वजह से डब्लूटीसी से बाहर हो चुके हैं। उनकी पीठ की सर्जरी हुई है। वहीं श्रेयस अय्यर भी आईपीएल से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी मुकाबले में चोटिल हो गए थे। वे चौथे टेस्ट की आखिरी पारी में बल्लेबाजी भी नहीं कर पाए थे। इसके बाद अय्यर इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सीजन से बाहर रहे। अय्यर की भी हाल ही में पीठ की सर्जरी हुई है। वहीं केएल राहुल भी आईपीएल के बीच में फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए थे। आरसीबी के खिलाफ मैच में उनकी जांघ में चोट आई थी। हाल ही में उनकी सर्जरी हुई है। वहीं ऋषभपंत का पिछले साल कार एक्सीडेंट हो गया था। उनके घुटने की सर्जरी हुई थी। इस वजह से वह भी डब्लूटीसी फाइनल से बाहर हैं।

**डब्लूटीसी फाइनल के लिए टीम इंडिया के खिलाड़ी 3 बैचों में रवाना होगा** - विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए टीम इंडिया के सदस्य तीन बैच में इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे। आईपीएल के लीग स्टेज के खत्म होने के तुरंत बाद पहला बैच 23 मई को उड़ान भरेगा। दूसरा बैच 23 और 24 मई को पहले दो प्ले-ऑफ मैचों के बाद जाएगा। आखिरी बैच 28 मई के फाइनल के बाद 30 मई को रवाना होगा। इसके अलावा बीसीसीआई इंग्लैंड में टीम के लिए एक प्रैक्टिस मैच आयोजित कराने की योजना बना रहा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्लूटीसी फाइनल 7 से 12 जून तक ओवल में खेला जाएगा।

### सहवाग बोले, राशिद निभाएंगे अहम भूमिका, भज्जी को रुतुराज और कॉनवे पर भरोसा

**चेन्नई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और गुजरात टाइटंस के बीच आज होने वाले पहले आईपीएल क्वालीफायर में स्टार स्पिनर राशिद खान अहम भूमिका निभा सकते हैं। राशिद ने इस सत्र में 24 विकेट लेकर आईपीएल के सबसे अधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज हैं। सहवाग के अनुसार यहां की धीमी पिच पर उनकी स्पिन घातक हो सकती है। सहवाग ने कहा कि राशिद गुजरात के लिए तुरुप का इक्का हैं। टीम को उनसे विकेट के की उम्मीद रहती है। जिस तरह से कप्तान हार्दिक पंड्या ने राशिद का इस्तेमाल किया है, वह काबिले तारीफ है। राशिद साझेदारी तोड़ने के लिए जाने जाते हैं। वह अपने शानदार प्रदर्शन के बल पर इस सत्र के सबसे सफल गेंदबाज बन गए हैं। वहीं दिग्गज ऑफ-स्पिनर हरभजन सिंह ने के अनुसार सीएसके की ओर से रुतुराज गायकवाड़ और डेवन कॉनवे की जोड़ी अहम भूमिका निभा सकती है। हरभजन ने क्वालीफायर में रुतुराज-कॉनवे की भूमिका को लेकर कहा कि रुतुराज और डेवन कॉनवे पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरते हैं। वे इस सत्र में एक-दूसरे के पूरक रहे हैं। उन्होंने चेन्नई को अच्छी शुरुआत दी है और जमकर रन बनाए हैं। जिस टीम के सलामी बल्लेबाज अच्छा खेलते हैं, वह अच्छा स्कोर करती है और यही वजह है कि सीएसके आज हावी रहेगी।



# बकरी के बच्चे के साथ योगा

**आपने** कई ऐसे लोगों को देखा होगा जो कठिन से कठिन योगा बड़ी आसानी से कर लेते है। एक ऐसा ही वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया में छाया हुआ है। स्वीडिश की राशेल ब्रेथेन का योगा वीडियो देखकर आप हैरान रह जाएंगे। राशेल ब्रेथेन अपनी बकरी पैनी लेन के साथ योगा करते इस वीडियो में नजर आ रही है। वह योगा के पोश्चर्स को अपने ऊपर इस बकरी के बच्चे साथ कर रही है। जिसमें दोनों ही जबर्दस्त बैलेंसिंग दिखा रहे हैं। राशेल को उनकी पति डेनिस ने पिछले क्रिसमस पर यह बकरी का बच्चा गिफ्ट किया था। और उसके बाद से दोनों साथ में ही योगा करते हैं। राशेल और उनके पति डेनिस दोनों ही एनिमल रेस्क्यू सेंटर भी संचालित करते हैं। इस वीडियो को अब तक फेसबुक पर 2 करोड़ से ज्यादा बार देखा जा चुका है।

## पायरिया क्यों होता है

मुंह में लगभग 700 किस्म के बैक्टीरिया होते हैं, जिनकी संख्या करोड़ों में होती है। यही बैक्टीरिया दांतों और मुंह को बीमारियों से बचाते हैं। अगर मुंह, दांत और जीभ की सफाई ठीक से न की जाए तो ये बैक्टीरिया दांतो और मसूड़ों को नुकसान पहुंचाते हैं। पायरिया होने पर दांतों को सपोर्ट करने वाली जबड़े की हड्डियों को नुकसान होता है। पायरिया कैल्शियम की कमी और दांत-मुंह की सफाई में कोताही बरतने से होता है।



# देर से सोने वाले ज्यादा होशियार और स्मार्ट



ये तो आपने जरूर सुना-पढ़ा होगा कि रात में देर से सोने पर शरीर और सेहत को बहुत नुकसान होता है लेकिन शायद ही आप जानते हों कि इसके कुछ फायदे भी हैं। अगर आप भी देर रात तक जागते हैं तो खुश हो जाइए, इसके कई फायदे हैं।

## देर से सोने के फायदे



- रात में देर से सोने वाले लोग ज्यादा कलात्मक होते हैं। तब तक दिनभर की उधेड़बुन दिमाग से निकल चुकी होती हैं तो आपके दिमाग में अच्छे और क्रिएटिव विचार आते हैं।
- देर तक रात में जागने वाले ज्यादातर स्मार्ट और चालाक होते हैं।
- शोध कहते हैं कि उनका आईक्यू लेवेल ज्यादा होता है।
- यही नहीं, वे ज्यादा जिज्ञासु, बहादुर और उत्साही होते हैं। यानी वे आधी रात कोई भी डरावनी फिल्म आराम से देख सकते हैं।
- ऐसे लोग एक वक्त पर कई काम फटाफट कर लेते हैं। जाहिर है जब देर से सोएंगे तो देर से उठेंगे, फिर काम या स्कुल जाने में लेट होगा। गजब स्पीड में काम करते हैं फिर तो!
- ये वो लोग होते हैं जिनकी सारी पढ़ाई या काम आखिरी रात में होता है फिर भी बखूबी कर लेते हैं। डेडलाइन तो जैसे इनके लिए बच्चों का खेल है।
- रात में जागने वालों की सेक्स लाइफ भी बेहतर होती है।
- इन्हें खुद के साथ अकेले वक्त बिताने का मौका मिलता है। जब आस पास सब सो जाएंगे, तो आप अकेले जो चाहें, जैसे चाहें कर सकते हैं।
- सबसे अच्छे प्लान आधी रात एक कप कॉफी के साथ ही बनते हैं, और पूरे भी होते हैं।
- इनकी तरह 2-3 बजे तक जगने वाले दोस्त ही तो इनका सहारा होते हैं। जिन्हें जब चाहो कॉल कर सकते हैं और अपना रोना रो सकते हैं या गप्पे मार सकते हैं।



# सफेद रंग के खाद्य पदार्थ खाने के फायदे

सफेद रंग के भोज्य पदार्थ आपकी सेहत के लिए अच्छे होते हैं। क्या आपने इनमें से किसी को लिया है या जब भी ये आपकी प्लेट में रखे जाते हैं तो क्या आप इन्हें किनारे सरका देते हैं? आंकड़ों के अनुसार, लोगों की यह धारणा है कि केवल हरे भोज्य पदार्थ अच्छे होते हैं, जबकि अन्य रंगीन भोज्य पदार्थ खतरे वाले होते हैं। अपने आहार में शामिल कीजिए ये फूड हलाकि आज विज्ञान यह कहता है कि लोगों को भोजन के समय अपनी प्लेट में और रंगों को सम्मिलित करने की आवश्यकता है। जितने ज्यादा रंगीन भोज्य पदार्थ आपकी प्लेट में शामिल होंगे उतने ही प्रकार के पोषक पदार्थ और प्रोटीन आपके शरीर को प्राप्त होंगे। जब बात सफेद भोज्य पदार्थों की आती है तो हम सभी इन्हें ग्रहण करने में सशंकित रहते हैं। आप शायद जान गये होंगे कि हम स्वस्थ सफेद भोज्य पदार्थो की बात कर रहे हैं जिनमें अण्डे, गोभी जैसी सब्जियां तथा मुर्गे जैसे मांस शामिल हैं। स्वस्थ रहना है तो खाएं नीले रंग के आहार कैल्शियम, पोटैशियम, लौह जैसे पोषक पदार्थो युक्त इन सभी भोज्य पदार्थो के सेवन से आपके शरीर पर अच्छा प्रभाव पड़ता है।

### मशरूम

हफ्ते में दो बार मशरूम खाने पर स्वास्थ्य के लिए हितकारी होता है। एक बार भोजन में मशरूम को लेने पर आपको काफी मात्रा में रेशे और कैल्शियम मिलता है। इसमें 44 कैलोरी भी होती हैं तो इसे अवश्य लें।

### ओट्स

ओट्स की एक कटोरी के साथ अपने दिन की शुरूआत कीजिए। लेकिन ध्यान रहे कि आप चीनी की अपेक्षा शहद को चुनें। ताजे फलों को लेकर अपने भोजन को रंगीन बनाएं।

### फूलगोभी

क्या आपको पता है कि फूलगोभी में स्वास्थ्यवर्धक ग्लूकोसिनेट तथा सल्फर युक्त रसायन होते हैं जो कैंसर से बचाते हैं। अतः इस सब्जी को अपने भोजन में शामिल करके कैंसर को दूर रखें।

### शलजम

सब्जियां हमेशा विटामिन और खनिज से भरपूर होती हैं। जब शलजम से छिलका निकाल लिया जाता है तो सफेद गूदेदार भाग को खाया जाता है जिसमें विटामिन सी, रेशे और पोटैशियम होते है और यह प्रतिरक्षण तन्त्र के लिये लाभकारी होता है।



### प्याज

प्याज को किसी भी व्यंजन में डाला जा सकता है। यह न केवल व्यंजन में स्वाद बढ़ाता है बल्कि यह आपको स्वस्थ भी रखता है। प्याज में कैलोरी कम होने के साथ-साथ यह चर्बी को गलाता भी है।

### अण्डे

अण्डे की सफेदी में अण्डे की आधी से ज्यादा प्रोटीन के साथ-साथ विटामिन बी 12, कम मात्रा में वसा तथा जर्दी से कम कोलेस्ट्रॉल होता है। इसलिए अण्डे के सफेद भाग को अपने भोजन में शामिल करें।

### लहसुन

लहसुन के लाभदायक गुण सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे। अगर आप लहसुन युक्त भोजन ग्रहण करेंगे तो आप विश्व की सबसे भयावह बिमारी कैंसर को दूर रख सकेंगें। लहसुन में पेट, आँत तथा गुदा के कैंसर के खतरों को कम करने के गुण होते हैं।

### टोफू

टोफू एक और स्वास्थ्यवर्धक सफेद भोज्य पदार्थ है जिसे आपको सप्ताह में एक बार अवश्य लेना चाहिए। टोफू कैल्शियम तथा विटामिन से भरपूर होता है जो कि आपको भरपूर ऊर्जा प्रदान करने में सहायक होता है।

# गर्मियों में रामबाण है मट्ठा



छाछ या फिर कहें मट्ठा, गर्मियों के दिनों में अमृत के समान माना जाता है। दही से बनने वाला यह पेय काफी सारे पौष्टिक गुणों से भरा हुआ है। आयुर्वेद में तो यहां तक कहा गया है कि जो व्यक्ति भोजन के बाद एक गिलास मट्ठा पीता है उसे पेट से जुड़े रोग नहीं होते। अगर आपको दही खाना पसंद नहीं है तो, मट्ठा तो जरुर पसंद आएगा क्योंकि यह स्वाद में खट्टा होता है और इसमें अगर काला नमक, जीरा और हींग आदि मसाले मिला लिए जाएं तो यह और भी चटकीला हो जाता है। गर्मी के कारण अगर पेट खराब हो गया हो तो मट्ठे में मिश्री, काली मिर्च और सेंधा नमक मिलाकर पीने से लाभ होता है। साथ ही इसको पीने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।

### शरीर को ठंडा करे

गर्मी की वजह से अगर तुरंत शरीर को ठंडक पहुंचानी है तो मट्ठा पियें। यह उन महिलाओं को भी ठंडक पहुंचाता है जिन्हें मेनोपॉज के बाद गर्मी लगती है।

### पाचन में मदद करे

खाने के साथ इसे लेने से पाचन अच्छा बना रहता है। साथ में यह आसानी से पच भी जाता है। इसमें यदि काली मिर्च या सेंधा नमक मिला दिया जाए तो बहुत अच्छा है।

### मसालेदार भोजन के बाद पेट को पहुंचाए ठंडक

तीखा और मसालेदार भोजन खाने के बाद इसे जरुर पिएं क्योंकि इसमें प्रोटीन होता है जो मसालों की जलन को ठंडा कर देता है। इससे एसिडिटी भी ठीक होती है।

### मोटापा घटाए

तेल और मसाले वाला भोजन खाने के बाद बटर मिल्क पीने से तेल आदि का असर पेट पर नहीं पड़ता। मोटापा घटाने के लिए रोजाना मट्ठे में सेंधा नमक मिला कर पिएं।

### कैल्शियम से भरपूर

जो लोग दूध नहीं पीते उनके लिए इसमें ढेर सारा कैल्शियम भी मौजूद है, इसलिये रोजाना छाछ पीने की आदत डाल लें। ढेर सारे पौष्टिक तत्वों से भरा कैल्शियम के अलावा छाछ में प्रोटीन, विटामिन बी और पोटैशियम की भी काफी मात्रा होती है। ये विटामिन और मिनरल्स आपके पूरे स्वास्थ्य के लिए अच्छे माने जाते हैं। साथ ही इसे पीने से शरीर का इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है।

### खूबसूरती बढ़ाए

अगर बाल झड़ें तो हफ्ते में मट्ठे से दो दिन बालों को धुलें। यदि झुर्रियां हैं तो, आटे में मट्ठा मिला कर चेहरे पर लेप लगाएं, इससे झुर्रियां कम होने लगेंगी।

### पाइल्स दूर करे

ताजा बना मट्ठा पाईल्स के रोगियों के लिए हितकारक है। कैंसर, कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर इसके नियमित सेवन से कैंसर, कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर ठीक हो जाता है। इसमें बायो एक्टिव प्रोटीन होता है जो कि कोलेस्ट्रॉल को कम कर के ब्लड प्रेशर को कम करने के लिए जाना जाता है।

## भावनाओं पर नियंत्रण और व्यवहार में आता है बदलाव

# दिमाग पर सीधा असर करती है यह बीमारी!

*इप 2 मधुमेह के कारण क्ति अच्छा जीवन हीं जी पाता और अब धकर्ताओं ने पाया है क यह मस्तिष्क की खास मताओं को भी घटा कता है। शोध के ताबिक, टाइप-2 धुमेह से मस्तिष्क की ार्यप्रणाली पर बुरा असर ड़ता है। इसमें भावनाओं र नियंत्रण, व्यवहार और चार आदि शामिल हैं।*



### गतिविधियों को मापा...

कनाडा में वॉटरलू विश्वविद्यालय से संबद्ध शोध के मुख्य लेखक कॉरी विन्सेंट के मुताबिक, मस्तिष्क के कामकाज का यह पहलू विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि जब भी हम अपनी स्वाभाविक प्रवृत्ति के विपरीत कोई काम करने का प्रयास करते हैं या हमें ऐसा करने के लिए बाध्य होना पड़ता है तो हम पूर्ण रूप से मस्तिष्क पर निर्भर होते हैं। इस शोध के लिए शोधकर्ताओं ने 70 शोधों की समीक्षा की है, जिसमें टाइप 2 मधुमेह के 9,815 मरीजों की तुलना मधुमेह के अन्य 69,254 मरीजों से की गई और उनके मस्तिष्क की प्रमुख गतिविधियों को मापा गया।

### कर सकते हैं बचाव...

वॉटरलू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और वरिष्ठ लेखक पीटर हॉल के मुताबिक, सामान्य रूप से टाइप-2 मधुमेह के मरीजों में दोहरी बाधाओं की वजह से मस्तिष्क गतिविधियों के नियंत्रण की अधिक जरूरत हो सकती है। संभावित रूप से ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि इस बीमारी का मस्तिष्क पर असर पड़ता है। विश्व में लगभग 60.0 करोड़ लोग टाइप 2 मधुमेह से पीड़ित हैं और 2030 तक ऐसे लगभग 80.0 करोड़ मामले सामने आने की संभावना है। ऐसे में जरूरी है कि जिंदगी जीने के तौर-तरीके में बदलाव लाकर इस बीमारी से बचा जा सकता है।

# विदेशों में पढ़ाई करना हो सकता है आसान



आजकल हर बच्चा अपना कॅरियर बनाने के लिए विदेश जाना जाता हैं और वहां पर पढ़ाई करने के साथ-साथ अपने रोजगार के साधन भी तलाशने लगता हैं। विदेश जाना कोई गलत बात नहीं, लेकिन विदेश जाने के लिए बच्चे में सेल्फकॉन्फिडेंस होना चाहिए और साथ-साथ पूरी जानकारी एकत्रित करने के बाद ही विदेश में पढ़ाई करने का प्रोग्राम बनाना चाहिए। इन बातों को ध्यान में रखकर ही विदेश में पढ़ाई करने जाएं।

### इन बातों का रखें ध्यान...

- विदेश में जाने से पहले आप जिस यूनिवर्सिटी से स्टडी करना चाहते हैं पहले उसके सारे कोर्सेज की जानकारी एकत्रित कर लें, जिससे वहां पहुंचकर आपको किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।
- विदेश में जाने से पहले आप जहां ठहरने वाले हैं चाहे वो किराए का कमरा हो या हॉस्टल हो उस जगह की पूरी जानकारी एकत्रित करें। वरना आपको वहां पहुंचने के बाद समस्या हो सकती है।
- विदेश जानें से पहले आप अपनी पैकिंग सही ढंग से करें और बैंक अकाउंट खुलवाना न भूलें ऐसा करने से आपको करंसी की समस्या नहीं रहेगी और बैंक अकाउंट उसी बैंक में खुलवाएं जो विदेश पहुंचने पर सारी सुविधाएं उपलब्ध करवाए। अन्यथा आपको ट्रांजेक्शन की समस्या से दो-चार होना पड़ सकता है।
- विदेश में पहुंचने के बाद आप अच्छे दोस्तों के साथ संपर्क में आएं और उनके साथ मेल-जोल बढ़ाएं।
- विदेश पहुंचने के बाद जाते ही नौकरी नहीं मिल जाती इसके लिए कुछ समय इंतजार करना पड़ता है और वहां पहुंचकर अच्छी कंपनियों की जानकारी एकत्रित करें जो पार्ट टाइम जॉब ऑफर करती हो ऐसा करने से आप इस जॉब से पॉकेट मनी तो निकाल ही सकते हैं, जिससे आप अपने खर्च पूरे कर सकें।
- विदेश पहुंचने के बाद अगर वहां पर कोई समस्या भी आ जाए तो आप अपना सेल्फकॉफिडेंट कभी न खोएं बल्कि उस समस्या को सुलझाने का प्रयास करें व ज्यादा परेशान न होकर उसका हल निकालने का प्रयास करें।

## रेसिपी



### भटूरा

#### सामग्री

2 कप मैदा, 1 1/2 टी-स्पून शक्कर, 2 टी-स्पून सूखा खमीर, 2 टेबल-स्पून दही, 1 टेबल-स्पून पिघला हुआ घी, नमक स्वादअनुसार, मैदा, बेलने के लिए, तेल, तलने के लिए

#### विधि

शक्कर और सूखे खमीर को 3/4 कप गुनगुने पानी में मिलाकर खमीर के पिघलने तक मिला लें। ढ़क्कन से ढ़ककर 5 से 7 मिनट या मिश्रण में बुलबुले आने तक मिला लें। इस मिश्रण को मैदा, दही, घी और नमक के साथ एक साथ बाउल में मिलाकर, जरुरत हो उतने गुनगुने पानी का प्रयोग कर नरम आटा गूंथ लें। कम से म 6 से 7 मिनट तक अच्छी तरह गूंथे। आटे को ढ़क्कन या गीले सूती कपड़े से ढ़ककर, फूलने के लिए लगभग 30 मिनट या आटे के हलके फूलने तक रखें। आटे को 8 बराबर भाग में बांटकर, प्रत्येक भाग को थोड़े सूखे मैदा का प्रयोग कर, 150 मिमी व्यास के गोल आकार में बेल लें। कढ़ाई में तेल गरम करें और एक-एक कर भटूरे के दोनो तरफ सूनहरा होने तक तल लें। तुरंत परोसें।



### बोहरी खिचड़ी

#### सामग्री

ग्रेवी के लिए, 2 टेबल-स्पून घी, 1/2 कप बारीक कटे हुए प्याज, एक चुटकी गरम मसाला, 1 टी-स्पून शक्कर, नमक स्वादअनुसार, 3/4 कप फेंटा हुआ ताजा दहीं, थोड़े पानी का प्रयोग कर पीसकर मुलायम पेस्ट बनाने के लिए, 1/2 कप कटे हुए प्याज, 4 लहसुन की कलियां, 2 हरी मिर्च, कटी हुई, 1 1/2 टी-स्पून भुना हुआ जीरा, 5 किलो सूखी कश्मीरी लाल मिर्च, तोड़ी हुई, अन्य सामग्री, 3 कप पके हुए चावल, 1 1/2 कप पकी हुई तुवर दाल, नमक स्वादअनुसार, 1 कप पतले स्लाईस्ड प्याज, 2 टी-स्पून तेल, 2 टी-स्पून घी, चुपड़ने के लिए, 2 टी-स्पून दुध, परोसने के लिए

#### विधि

एक चौड़े नॉन-स्टिक में घी गरम करें, प्याज डालकर 2 से 3 मिनट या प्याज के पार्दर्शी होने तक भुनें। तैयार पेस्ट डालकर अच्छी तरह मिलायें और 1 से 2 मिनट तक भुनें। गरम मसाला, शक्कर और नमक डालकर अच्छी तरह मिलायें और लगातार हिलाते हुए 1 मिनट तक पकाएं। आंच से हठाकर, दही डालकर अच्छी तरह मिलाएं। एक तरफ रखें। चावल, तुवर दाल और नमक को एक बाउल में अच्छी तरह मिलाएं। प्याज और तेल को एक माइक्रोवेव सुरक्षित बाउल में मिलाकर उच्च तापमान पर 4 से 5 मिनट या प्याज के करारे होने तक पका लें। एक माइक्रोवेव बेकिंग सुरक्षित बाउल को घी से अच्छी तरह से चुपड़ लें, तले हुए प्याज का आधा भाग डालें और चावल-दाल का 1/2 मिश्रण डालकर को चम्मच के पिछले भाग से अच्छी तरह फैला लें। तैयार ग्रेवी को उपर डालकर अच्छी तरह फैला लें। बचे हुए चावल-दाल के मिश्रण को डालकर अच्छी तरह फेला लें। दही के साथ तुरंत परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**